भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

जागरूक जनता

जयपुर, 5 अप्रैल - 11 अप्रैल, 2023

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

चैत्र, पक्ष - शुक्ल, तिथि - चतुर्दशी , संवत 2080 पृष्ठ : 8+4 बुधवार वर्ष-9, अंक-6, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

धरती के भगवानों की जिंदगी का अनदेखा दूसरा पहलू भी है!

सटीक

शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

डॉक्टरों को धरती का भगवान कहा जाता है और इन्हें धरती का भगवान कहने में कोई अतिशयोक्ति भी नहीं है। जिस प्रकार भगवान दुनिया में दुष्टों का संहार करके धर्म को स्थापित करते हैं ठीक उसी प्रकार डॉक्टर भी बीमारी रूपी राक्षस को नष्ट करके बीमार मनुष्य को स्वस्थ करते हैं। अब देखने की बात ये है कि जिस प्रकार भगवान कहने को तो सर्वशक्तिमान हैं, मगर भगवान ने जब-जब अवतार लिया है तब-तब जीवन उनका कष्टमय ही रहा है। अमूमन भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की सबसे ज्यादा पूजा होती है और वे ही जनमानस में बसे हुए हैं। उनके अवतार (भगवान कभी जन्म नहीं लेते हैं) से लेकर स्वर्गारोहण (भगवान की कभी मृत्यु नहीं होती) तक जीवन कष्टमय ही रहा है। उसी प्रकार डॉक्टर जो हमें दिखाई देते हैं उनका अनदेखा जीवन भी है जो आम आदमी को दिखाई नहीं पड़ता। हमें उनके उस जीवन में झांक कर देखना चाहिए। जिस समय डॉक्टर कोरोना, स्वाइन फ्लू जैसे वायरल बुखार का इलाज करते हैं, उस समय वे खुद भी संक्रमित हो जाते हैं। उसके बाद डॉक्टर का परिवार भी संक्रमण का शिकार हो जाता है या होने का खतरा बना रहता है। पता होना चाहिए कि सर्जन उन मरीजों की भी सर्जरी करता है जो एड्स, एचसीवी जैसी जानलेवा संक्रामक बीमारियों से ग्रसित होते हैं और ये बीमारी सर्जरी के दौरान डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ को भी हो सकती है। डायबिटीज फुट जैसे अत्यंत बदबू और कीड़े लगे घाव को बिना नाक-भौं सिकोड़े ठीक करता है। जबकि मरीज के घर वाले बदबू के कारण उन मरीजों को घर से बाहर रखते हैं। देखने में आता है कि प्रसूता कई बार डिलीवरी के दौरान डॉक्टर पर पॉटी, यूरिन कर देती है, बावजूद इसके डॉक्टर बिना किसी परेशानी के अपना काम करता रहता है। कई बार डॉक्टर के किसी परिजन की तबीयत खराब हो जाने पर भी पारिवारिक परिस्थितियों का सामना करते हुए भी मरीज को उनके हाल पर नहीं छोड़ता, बल्कि उनका उपचार करता है। देखा गया है कि कोई गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज अस्पताल में भर्ती होता है तो डॉक्टर उसकी देखभाल में रात भर जागता है और फिर प्रातः ही दूसरे मरीजों को देखने के लिए अपनी ड्यूटी पर तैनात रहता है। जब न्यूरोसर्जन और कार्डियक सर्जन 10-12 घंटे लगातार ऑपरेशन में होते हैं तो नींद तो दूर की बात वे अपना खाना-पीना भी भूल जाते हैं। कार्डियोलॉजिस्ट घंटों हानिकारक विकिरणों (रेडियेशन) का शिकार होते हैं जिससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो जाती है। ये भी पता चला है कि तनाव के कारण एक डॉक्टर आम आदमी की तुलना में 10 वर्ष कम जीता है। उपरोक्त बातों को अगर गौर से समझा जाए तो एक डॉक्टर मात्र पैसे के लिए ही ये सब कुछ नहीं करता है। पैसा तो कई लोग अन्य व्यवसायों में भी बहुत कमा लेते हैं। मगर ये धरती के भगवानों का सेवाभाव ही है। इसके बावजूद भी अगर अच्छा नहीं लगे तो छोड़ो धरती के भगवानों को और जाओ परमपिता परमात्मा की शरण में।

राजस्थान में डॉक्टर्स की हड़ताल खत्म

डॉक्टरों-सरकार के बीच 8 बिंदुओं पर हुआ समझौता

ईलाज फिर शुरू

आज से खुलेंगे प्राइवेट हॉस्पिटल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान में 16 दिन से चल रही डॉक्टर्स की हड़ताल खत्म हो गई। जयपुर में राइट टू हेल्थ बिल पर मंगलवार को डॉक्टर्स और सरकार के बीच 8 मांगों पर समझौता हो गया है। मुख्य सचिव उषा शर्मा से मीटिंग के बाद इस पर फैसला लिया गया। सेक्रेटरी प्राइवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसाइटी डॉ विजय कपूर ने बताया कि सुबह 10.30 बजे डॉक्टरों का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्य सचिव से वार्ता के लिए उनके निवास पर पहुंचा था। सरकार ने हमारी मांगें मान ली है। हम सरकार के ड्रॉफ्ट से संतुष्ट है। बुधवार सुबह 8 बजे से सभी प्राइवेट हॉस्पिटल में मरीजों का इलाज शुरू हो जाएगा। समझौते के पहले डॉक्टर्स ने महारैली निकाली। पिछले 10 दिन में डॉक्टर्स का ये दूसरा शक्ति प्रदर्शन था। इस रैली के बाद डॉक्टर्स का डेलिगेशन मुख्य सचिव से मिला और अपना आंदोलन खत्म करने का ऐलान किया। इससे पहले 27 मार्च को भी बड़ी रैली जयपुर में निकाली गई थी।

8 बिंदुओं पर हुआ समझौता

- 50 बिस्तरों से कम वाले निजी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पतालों को आरटीएच से बाहर कर दिया है।
- सभी निजी अस्पतालों की स्थापना सरकार से बिना किसी सुविधा के हुई है और रियायती दर पर बिल्डिंग को भी आरटीएच अधिनियम से बाहर रखा जाएगा।
- ये अस्पताल आरटीएच के दायरे में आएंगे-
  - **निजी** मेडिकल कॉलेज अस्पताल
  - **पीपीपी** मोड पर बने अस्पताल
  - **सरकार** से मुफ्त या रियायती दरों पर जमीन लेने के बाद स्थापित अस्पताल (प्रति उनके अनुबंध की शर्तें)
  - **अस्पताल** ट्रस्टों द्वारा चलाए जाते हैं(भूमि और बिल्डिंग के रूप में सरकार द्वारा वित्तपोषित)
- राजस्थान के विभिन्न स्थानों पर बने अस्पतालों को कोटा मॉडल के आधार पर नियमित करने पर विचार किया जाएगा
- आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए पुलिस केस और अन्य मामले वापस लिए जाएंगे
- अस्पतालों के लिए लाइसेंस व अन्य स्वीकृतियों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम
- फायर एनओसी हर 5 साल में रीन्यू करवाई जाएगी
- नियमों में कोई और परिवर्तन हो तो आईएमए के दो प्रतिनिधियों के परामर्श के बाद किया जाएगा।

कहीं आप गलत तेल के शिकार तो नहीं हो रहे है ?

देसी दिल के लिये, दादी वाला देसी तेल...

Kabira® Healthy Growth Yellow Mustard Oil

Natural Immunity Booster

Approved by : WHO GMP

one of the OLDEST OIL known to HUMAN

FORTIFIED

100% VEG.

COLD PRESSED

KOSHER

स्वदेशी पीली सरसों का तेल है, प्राचीन, पौष्टिक एवं परखा।

- प्राचीन शीतल विधी घाणी से निर्मित।
- निर्माण विधी उच्च ताप रहित ।
- निर्माण में कोई रासायनिक प्रयोग नहीं।
- केन्सर को रोकने में लाभदायक ।*
- मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक ।
- एसीडीटी एवं गेस्टिक रोगों में मददगार ।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे लाभदायक ।
- केवल देसी सरसों द्वारा निर्मित ।
- मोटापा घटाने में लाभदायक ।
- बालों के लिए एक उत्तम तेल ।
- ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 से भरपूर ।
- तीखी गंध रहित होने के कारण सभी व्यंजनों में उपयोगी ।
- अनेक औषधीय गुणों से भरपूर ।
- सभी तेलों के मुकाबले सबसे कम सेच्युरेटेड फेट्स ।*
- छः हजार वर्षों से मानव के लिए उपयोगी ।

Kabira Cold Pressed Oils are Also Available in :
Kachchi Ghani Mustard Oil (Pungent Smell)
Kachchi Ghani Groundnut Oil | Kachchi Ghani Sesame (Til) Oil

स्वस्थ जीवन के लिए कोनसा तेल उपयोग करें ?

तेल आप उपयोग करें	[illegible]
कबीरा पीली सरसों का तेल	[illegible]
कबीरा कच्ची घानी सरसों का तेल	[illegible]
कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल	[illegible]
कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल	[illegible]
कबीरा कोल्ड प्रेस्ड बादाम तेल	[illegible]

कबीरा पीली सरसों तेल को फेक्ट्री मूल्य में लेने के लिए इस विज्ञापन एवं अपनी डिटेल्स को 90017-99117 पर व्हाट्सएप करें और फ्री में लाइफ मेम्बर बनें एवं पाएं 590 रू. की चांदी की फ्रेम एवं केनवास बेग बिलकुल Free

समस्त व्रत एवं उपवास में उपयोगी	केवल कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल
सर्दियों में उपयोगी	कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल
हर मौसम में उपयोगी	कबीरा पीली सरसों एवं कच्ची घानी सरसों तेल
दिपावली, दिपक प्रज्वलन के लिए	कबीरा तिल्ली एवं कच्ची घानी सरसों तेल

-: Awards & Achievements :-

To Open Kabira Hand Made Exclusive Store or Other Trade Inquiries Please Contact :
MANISHANKAR OILS PVT LTD
+91 98290 50738
www.manishankaroils.in
ALSO DEALS IN KISAN, PEEURA, TILAK, HANDMADE, MURARKA, BANSI, KABIRA COLD PRESSED (EDIBLE OIL, SPICES & TEA)

For Award Details : Contact 98290-50738

* In Reference to : Asian Journal of Dairy and Food Research (2019)

*GOVERNMENT OF INDIA'S NATIONAL AWARDED *GOVERNMENT OF RAJASTHAN'S UDYOG RATAN AWARDED

AGMARK

SHYAM® KITCHEN MASALE

SHRINATHJI™ Spices

स्वाद और शुद्धता में वर्षों का विश्वास

ISO 22000 CERTIFIED COMPANY

नए इंडिया के फेवरेट मसाले!

स्वाद संस्कार भरोसा वर्षों का साथ 1995 Since

Also Available at

SARVAM MART, DMart, METRO Cash & Carry, RelianceSMART, Reliancefresh, AADHAAR WHOLESALE CENTRE, NRMart, Jio Mart, udaan, Flipkart, available at amazon, DealShare.in

For Trade Enquiries Call
Vithal Agarwal 8890330330
Pradeep Pareek 9530007111
Visti us at : www.shyamspices.co.in
Email: vithal@shyamspices.co.in

जागरूक खबरें

‘तबादलों के आवेदन नहीं मांगे तो आंदोलन’

जयपुर @ जागरूक जनता। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत की प्रदेश महासमिति की बैठक रविवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुई। प्रदेश प्रवक्ता डॉ. रनजीत मीणा ने बताया कि महासमिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 अप्रेल तक सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों के आवेदन नहीं मांगे तो पांच मई से राज्य में आंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में कहा कि ट्रांसफर को लेकर कई प्रदर्शन किए, लेकिन सरकार थर्ड ग्रेड ट्रांसफर के विषय पर मौन है।

उपभोक्ताओं को प्रतिमाह एक सिलेंडर

जयपुर @ जागरूक जनता। खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग ने मुख्यमंत्री गैस सिलेंडर योजना के तहत 500 रुपए में सिलेंडर लेने के लिए बीपीएल और उज्ज्वला श्रेणी के चयनित 73 लाख उपभोक्ताओं के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। योजना का लाभ लेने के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना जरूरी होगा। एक माह में लाभार्थी को एक ही सिलेंडर मिलेगा और लिए गए सिलेंडर पर ही सब्सिडी जारी होगी।

महर्षि भृगु कल्याण बोर्ड का हो गठन

जयपुर @ जागरूक जनता। भृगुवंशी ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी में जलदाय मंत्री महेश जोशी, शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला, खाद्य-आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास व सामाजिक न्याय एवं कल्याण विभाग मंत्री टीकाराम जूली सहित अन्य कैबिनेट मंत्रियों से मुलाकात की। रामावतार शर्मा, मनोज कुमार व पं. नारायण ने समाज के उत्थान के लिए महर्षि भृगु कल्याण बोर्ड के गठन के लिए ज्ञापन दिया।

संविदाकर्मी 25 को करेंगे जयपुर कूच

जयपुर @ जागरूक जनता। संविदाकर्मियों की नियमितीकरण की मांग को लेकर राज्य में विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदाकर्मियों ने 25 अप्रेल को जयपुर कूच का ऐलान किया है। इस संदर्भ में संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने सोमवार को प्रेसवार्ता की। मोर्चा अध्यक्ष नरेन्द्र चौधरी ने बताया कि प्रदेश में 1 लाख 10 हजार से ज्यादा संविदा कर्मचारी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं।

पायलट प्रोजेक्ट : प्रदेश में राजमार्ग पर पहली बार लागू किया जा रहा आईटीएमएस सिस्टम

शुरू होगा इंटेलिजेंट परिवहन, स्पीड तेज तो घर आएगा चालान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। नेशनल हाईवे पर भी तेज गति में गाड़ी दौड़ाई या सीट बेल्ट नहीं पहनी तो आपके घर चालान पहुंचेगा। राज्य में पहली बार राष्ट्रीय राजमार्गों पर इंटेलिजेंट परिवहन सिस्टम लागू किया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर तीन हाईवे पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) शुरू किया जाएगा। नेशनल हाईवे (एनएच) 48 व एनएच 448 पर शाहजहांपुर से अजमेर तक, एनएच 25 पर बर-बिलाड़ा-जोधपुर, एनएच 11 व एनएच 52 पर सीकर से बीकानेर तक यह सिस्टम अगले वर्ष तक शुरू होगा। इस सिस्टम के माध्यम से हाईवे पर दुर्घटनाओं की संख्या घटाने का प्रयास है। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार ने 100 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। अब परिवहन व सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग मिलकर इस पर कार्य कर रहे हैं।

जानें, क्या है आईटीएमएस

आईटीएमएस के तहत हाईवे पर जगह-जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित कैमरे व सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही जगह-जगह एलईडी डिस्प्ले बोर्ड व स्पीकर लगाए जाएंगे। एआई आधारित कैमरे वाहनों की नंबर प्लेट पढ़ने के साथ ही कार के भीतर किस व्यक्ति ने सीट बेल्ट नहीं लगा रखी है, इस पर भी नजर रखेंगे। यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहनों की चालान भी स्वतः ही जनरेट होगा और ई-चालान के माध्यम से संबंधित व्यक्ति के पास पहुंचेगा। एलईडी डिस्प्ले व स्पीकर के माध्यम से यातायात वाहनों, मौसम की स्थिति आदि की जानकारी व अलर्ट दिए जाएंगे। वहीं पुलिस, परिवहन व एनएचएआई कैमरों की मदद से दुर्घटनाओं का जल्द पता लगाकर लोगों की जान बचाने का प्रयास करेगी।

पहले चरण में यहां शुरूआत

» शाहजहांपुर से अजमेर (एनएच 48 व एनएच 448) करीब 290 किमी
» बर-बिलाड़ा-जोधपुर (एनएच 25) करीब 300 किमी
» सीकर से बीकानेर (एनएच 11, एनएचच 52) 220 किमी

> **नेशनल** हाईवे पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यह सिस्टम शुरू किया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत तीन राजमार्गों पर इसे लागू किया जाएगा। इसके लिए वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।
>
> **-के एल स्वामी,** आयुक्त, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग

आईटीएमएम में यह होगा खास

» **ऑटोमैटिक यातायात निगरानी और उल्लंघन जांच प्रणाली :** इसके लिए सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहे हैं। एआई आधारित कैमरे की मदद से यातायात की निगरानी (जैसे-हेलमेट नहीं लगाना, सीट बेल्ट नहीं पहनना, दुपहिया वाहनों पर मोबाइल फोन का उपयोग आदि) रखेगा।
» **स्पीड वॉयलेशन डिटेक्शन सिस्टम :** तय गति से अधिक स्पीड को डिटेक्ट करेगा। नंबर प्लेट की ऑटोमैटिक रीडिंग करेगा।
» **वेरिएबल मैसेज साइन :** एलईडी डिस्प्ले से यात्रियों को सड़क और यातायात की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। कहीं ट्रैफिक जाम, रोड डायवर्जन व दुर्घटनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।
» **पब्लिक एड्रेस सिस्टम :** इस सिस्टम के तहत स्पीकर लगाए जाएंगे। जो सड़क पर यात्रियों को सूचना देंगे।
» **सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम :** ये कैमरे भी अभय कमांड सिस्टम से जुड़े होंगे।

देश में अभी यहां किया जा रहा लागू

» दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे : दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर आईटीएमएस लगाया गया है। इसके तहत हर 500 मीटर पर कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही फाइबर केबल, ट्रोमा सेंटर सहित अन्य सुविधाएं भी विकसित की गई हैं।
» मुम्बई-पुणे एक्सप्रेस-वे : महाराष्ट्र सरकार मुम्बई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर भी इंटेलिजेंट परिवहन सिस्टम तैयार किया जा रहा है। 4-5 महीने से इस पर काम चल रहा है। जल्द ही इसे पूरा तैयार कर शुरू किया जाएगा।

जयपुर समेत कई शहरों में चुनिंदा सड़कों पर लागू

आईटीएमएस को फिलहाल शहरी इलाकों में ही लागू किया गया है। जयपुर में 11 चौराहों पर इसे 4-5 वर्ष पूर्व शुरू किया गया था। इसके साथ ही अहमदाबाद, सूरत, बेंगलुरू सहित कई अन्य शहरों में आईटीएमएस चल रहा है।

सिंधी सेंटर पंचायत ने निकाली शोभायात्रा

भगवान झूलेलाल की झांकी ने मोहा मन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। चैत्र मेला के अवसर पर श्री अमरापुर स्थान से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। सेन्टर पंचायत द्वारा आयोजित शोभायात्रा में अमरापुर के अनेक संतों की झांकियां सजाई गई। शोभायात्रा में श्री सिंधी पंचायत मुरलीपुरा के अध्यक्ष लोकचंद हरिरामानी को भगवान झूलेलाल के स्वरूप में सजाया गया। झांकी में सिंधु नदी को बहता हुआ दिखाया गया। झूलेलाल के दोनों तरफ बच्चे बैठे हुए। यह मनोहारी झांकी सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। शोभायात्रा अमरापुर स्थान से सायं 4 बजे प्रारंभ हुई जो एम.आई. रोड, पांच बत्ती, सिंहद्वार, इन्द्रा बाजार, नेहरू बाजार, बापू बाजार, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल, संजय सर्किल, संसार चन्द्र रोड होते हुए देर रात वापस अमरापुर स्थान पहुंच कर विसर्जित हो गई। इस अवसर पर मेला अध्यक्ष छबलदास नवलानी, जयपुर की सभी पंचायतों के मुखिया, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा का मार्ग में कई जगह पुष्प वर्षा एवं आरती उतारकर स्वागत किया गया।

आईआईएस यूनिवर्सिटी में मीडिया फेस्ट विविधा का समापन

आखिरी दिन स्टूडेंट्स के टैलेंट को मिली ट्रॉफी व सर्टिफिकेट्स

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। आईआईएस यूनिवर्सिटी, मानसरोवर में आयोजित की गई दो दिवसीय नेशनल एनुअल इंटर कॉलेज मीडिया फेस्ट विविधा.2023 के आखिरी दिन शहर के विभिन्न कॉलेजों के स्टूडेंट्स ने कई दिलचस्प प्रतियोगिताओं में अपने टैलेंट का बखूबी प्रदर्शन किया। फिल्म फेस्टिवल, फोटोग्राफी, बडिंग जर्नलिस्ट और आरजे हंट जैसी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट्स भी प्रदान किए गए। वरिष्ठ पत्रकार मुकेश माथुर ने पत्रकारिता जगत में हो रहे बदलावों को चर्चा की। आईआईएस यूनिवर्सिटी के फोटोग्राफी एंड सिनेमेटोग्राफी क्लब लेंस क्राफ्ट क्लब की भी शुरुआत हुई। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता और रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता ने स्टृडेंट्स के उत्साह व प्रतिभा की सराहना की।

हाउसिंग बोर्ड की योजनाओं में आवेदन की तारीख बढ़ी

20 अप्रैल तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

स्वतंत्र मकान समेत 3 स्कीम के आवेदन बंद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने पिछले महीने जयपुर, जोधपुर समेत कई शहरों में लॉन्च की आवासीय योजनाओं में आवेदन की आखिरी तारीख को बढ़ा दिया है। लोग अब 20 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। हालांकि जयपुर के प्रताप नगर की माही अपार्टमैंट और स्वतंत्र डुप्लेक्स की योजना ग्रीनवुड मेंशन में मकानों की संख्या से ज्यादा फार्म आने के बाद उनमें आवेदन की प्रक्रिया को 31 मार्च से रोक दिया है। हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने बताया- जयपुर के प्रताप नगर में जो आवासीय योजनाएं निकली है। उनमें रजिस्ट्रेशन मनी के साथ 50 हजार रुपए या उससे ज्यादा की जीएसटी लग रही है। लोगों में ये कंफ्यूजन है कि अगर आवेदन नहीं निकला तो उनकी ये जीएसटी की राशि वापस नहीं मिलेगी। ऐसा नहीं है, जिन लोगों का लॉटरी में मकान या फ्लैट नहीं निकलता है। उनको पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन फीस) जीएसटी सहित वापस दी जाएगी। केवल आवेदन शुल्क और प्रोसेसिंग शुल्क वापस नहीं लौटाया जाएगा।

जयपुर में 3 योजनाओं में आवेदन बंद

कमिश्नर पवन अरोड़ा ने बताया कि जयपुर के प्रताप नगर में लांच की गई 7 योजनाओं में से 3 योजनाओं में आवेदन 31 मार्च से बंद कर दिए है। इन तीन योजनाओं में मकानों की संख्या से ज्यादा आवेदन आ चुके है। सेक्टर 22 में जी प्लस 2 फ्लैट (एमआईजी ए) की समृद्धि योजना में 39 फ्लैट के लिए 199 लोगों ने आवेदन किए है। जबकि इसी योजना के दूसरे पार्ट स्टील्थ प्लस 6 (एमआईजी ए) की 120 फ्लैट्स की योजना के लिए 152 आवेदन आ गए। इसके चलते हमने इन योजनाओं में आवेदन को 31 मार्च से बंद कर दिया है।

स्वतंत्र मकान के लिए दोगुना से ज्यादा आवेदन

जयपुर के प्रताप नगर में लांच की गई स्वतंत्र डुप्लेक्स की योजना ग्रीनवुड मेंशन में एचआईजी 1 और एचआईजी 2 के कुल 164 मकानों के लिए दोगुना से यानी 444 आवेदन आ गए है। इसमें एचआईजी 1 के 46 डुप्लेक्स के लिए 234 और एचआईजी 2 के 118 डुप्लेक्स के लिए 210 आवेदन है। दोगुना आवेदन मिलने के बाद 31 मार्च से ग्रीनवुड मेंशन में भी आवेदन की प्रक्रिया को बंद कर दिया है।

बीसलपुर पेयजल परियोजना का द्वितीय फेज

जवाहर नगर शांति पथ से सत सांई कॉलेज के बीच बिछेगी लाइन

जयपुर @ जागरूक जता। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर द्वारा बीसलपुर प्रोजेक्ट के तहत शांति पथ से सतसांई कॉलेज के मध्य बीसलपुर परियोजना की पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया जा रहा है। डीसीपी ट्रैफिक प्रहलाद सिंह कृष्णियां ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर द्वारा बीसलपुर प्रोजेक्ट के तहत ओ.टी.एस. चौराहा से के.वी. 3, रॉयल्टी तिराहा, शांतिपथ जवाहर नगर बाईपास, सतसांई पीजी कॉलेज, पिंक स्कायर मॉल, गुरुद्वारा मोड़, ट्रांसपोर्ट नगर से दिल्ली बाईपास होकर न्यू फिल्टर प्लांट बंध की घाटी तक पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य फेजवार किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य के द्वितीय फेज में शांति पथ तिराहा से सतसांई कॉलेज जवाहर नगर बाईपास तक पाइप लाइन बिछाने के कार्य 27 अप्रैल तक किया जाना है।

ज्योतिषाचार्य कुलदीप व मित्तल सम्मानित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

VEDANG FOUNDATION OF ASTROLOGY
3rd Jyotish Utsav Pushkar Rajasthan
2,3,4 APRIL 2023

जयपुर। वेदांग फाउंडेशन द्वारा पुष्कर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का ज्योतिष व वास्तु के संदर्भ में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश विदेश के करीब 150 ज्योतिषियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में ज्योतिषाचार्य En. कुलदीप शर्मा व गीतेश मित्तल को ज्योतिष के क्षेत्र में शोध व अनुसंधान करने के लिए सम्मानित किया गया।

ANCHOR | जीवन शैली

फिट बॉडी का चाव : हैवी वेट जिमिंग दे रहा स्लिप डिस्क और साइटिका का दर्द

जिम में युवा शरीर की स्थिति और तकनीक पर नहीं दे रहे ध्यान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। सावधान! अगर आप फिट दिखने के लिए जिम में जरूरत से ज्यादा वजन उठा रहे हैं तो परेशानी में पड़ सकते हैं। वजह, राजधानी में 10 फीसदी लोग हैवी वेट जिमिंग के चलते हड्डियों और कमर दर्द से परेशान हैं। अधिकांश युवा ‘टोंड बॉडी’ और हार्ड जिमिंग के चलते अपनी क्षमता से ज्यादा वजन के साथ एक्सरसाइज करते हैं।

तकनीक से रहेंगे फिट

शहर में करीब 1747 जिम हैं। इनका सालाना पैकेज 12 से 14 हजार तक है। वजन उठाते समय शरीर की सही पोजीशन, टेक्निक जरूरी है। इसके अलावा ट्रेनर की गाइडलाइन को सही तरीके से फॉलो कर फिट हो सकते हैं।

रोज 8 से 10 मरीज पहुंच रहे अस्पताल

सवाई मान सिंह अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विशाल शेखावत कहते हैं कि ट्रेनर के बिना ही लोग गलत तरीके से वेट ट्रेनिंग शुरू कर देते हैं। इससे कंधों में ‘रोटेटर कफ टीयर’ की समस्या हो जाती है। अस्पताल में रोज आठ से दस केस आ रहे हैं। कुछ युवा जल्द मसल और वजन बढ़ाने के लिए स्टेरॉयड ले रहे है। बहुत ज्यादा स्टेरॉयड लेने से एवैस्कुलर नेक्रोसिस की समस्या हो सकती है। इस कारण ज्वाइंट खराब हो जाते हैं और हड्डियां गलने लगती हैं।

ये नुकसान

अधिक वजन के साथ कसरत करने से मसल्स फ्रेक्चर, जोड़ों में दर्द, स्लिप डिस्क और साइटिका जैसी समस्याएं हो रही हैं।

केस 1 : ज्यादा वजन उठाना महंगा पड़ गया

ट्रांसपोर्ट नगर निवासी अंशुल गोयल ने बताया कि ज्यादा वजन उठाने से डिस्क अपनी जगह से खिसक गई और साइटिका ने भी परेशान किया। 7 महीने तक बेड रेस्ट लेना पड़ा। 2 लाख रुपए इलाज में खर्च हो गए।

केस 2 : आंखों के सामने छा गया अंधेरा

राजा पार्क निवासी दीपक कुमार ने बताया कि 100 किलो तक वजन उठाया। इससे शरीर में दर्द होना शुरू हो गया। एक दिन दर्द इतना बढ़ गया कि आंखों के सामने बेहोशी छा गई।

> **जोश** में कुछ युवा अपनी क्षमता से ज्यादा वेट उठा रहे हैं। इससे उन्हें स्लिप डिस्क, साइटिया, कमर दर्द की दिक्कत होने लगती है।
>
> **-मोहित शर्मा,** जिम ट्रेनर

1st Time in India
Unlimited Message Sending App
सभी प्रकार के स्कूल कॉलेज के लिए
FREE
Registration Now www.FeesPe.com
100% SECURE
FeesPe®
The powerful way to fee collection
✓ PORTAL
✓ APP
Customer Care: +91 9694000003

जागरूक खबरें

■ 8 लाख किसानों को मिलेंगे संकर बाजरा बीज मिनिकिट

जयपुर @ जागरूक जनता। प्रदेश के 8 लाख लघु एवं सीमांत कृषकों को संकर बाजरा बीज मिनिकिट्स वितरित किए जाएंगे। इस पर 16 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वर्ष 2023-24 में बीज किट के लिए 16 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसमें कृषक कल्याण कोष से 10 करोड़ रुपए और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) न्यूट्रिसीरियल्स से 6 करोड़ रुपए खर्च होंगे। राजस्थान मिलेट्स प्रोत्साहन मिशन के अंतर्गत कम उत्पादकता वाले 15 जिलों में मिनिकिट्स का वितरण किया जाएगा। इनमें अजमेर, बाड़मेर, बीकानेर, चुरू, हनुमानगढ़, जयपुर, जैसलमेर, जालौर, झुंझुनूं, जोधपुर, नागौर, पाली, सीकर, सिरोही एवं टोंक जिले शामिल हैं।

■ आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों के लिए अधीक्षकों के 470 पद सृजित

जयपुर @ जागरूक जनता। राज्य सरकार प्रदेश के आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों के सुदृढ़ीकरण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा अधीक्षकों के लिए गठित पृथक कैडर में नए 470 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। नवगठित कैडर के लिए ग्रेड पे-2400 में छात्रावास अधीक्षक महिला ग्रेड-2 के 254 पद एवं छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-2 के 216 पद नवसृजित किए गए हैं। वर्तमान में छात्रावास अधीक्षक/वार्डन/कोच के स्वीकृत पदों पर अन्य विभागों के कार्मिक और विद्या संबल योजना के अंतर्गत एकमुश्त भुगतान पर संविदाकर्मी कार्यरत हैं।

■ 23 गांवों में बीएसएनएल की सेवा होगी मजबूत

जयपुर @ जागरूक जनता। जयपुर जिले में मोबाइल नेटवर्क से वंचित गांवों में मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने 4जी टावर्स की स्थापना के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को 23 गांवों में भूमि का निःशुल्क आवंटन किया है। राज्य सरकार से प्राप्त स्वीकृति की अनुपालना में जिला कलक्टर ने मोबाइल टावर्स की स्थापना के लिए प्रत्येक स्थान पर अधिकतम 2000 वर्गफीट भूमि का आवंटन किया है।

■ श्री गहलोत ने दी मंजूरी प्रदेश के 41 विद्यालयों में खुलेंगे नवीन संकाय

जयपुर @ जागरूक जनता। विद्यार्थियों को 10वीं कक्षा के बाद अपनी रूचि का विषय पढ़ने के लिए अन्य विद्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के 41 विद्यालयों में नवीन संकाय खोलने की स्वीकृति दी है। इससे इन विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अपने पंसदीदा विषय चुनने के अवसर प्राप्त होंगे। गहलोत की स्वीकृति से शिक्षा क्षेत्र का विस्तार होगा। समग्र शिक्षा के अन्तर्गत प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड (पीएबी) में स्वीकृत विद्यालयों में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान के नवीन संकाय खुलेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं।

■ स्वतंत्राता सेनानियों के नाम पर 2 विद्यालयों का नामकरण

जयपुर @ जागरूक जनता। राज्य सरकार द्वारा भारत की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाले स्वतंत्राता सेनानियों के नाम पर विद्यालयों का नामकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजसमंद और चूरू जिले के एक-एक विद्यालय के नामकरण संबंधित प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इसमें राजसमंद जिले के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, नाथद्वारा का नामकरण स्वतंत्राता सेनानी स्व. श्री नरेन्द्रपाल चौधरी के नाम पर किया गया है। साथ ही, चूरू जिले की ग्राम पंचायत फोगा भरथरी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सरदारशहर का नामकरण स्वतंत्राता सेनानी स्व. श्री गोपाल सिंह राजवी के नाम पर किया गया है। मुख्यमंत्री के निर्णय से विद्यार्थियों को स्वतंत्राता सेनानी के जीवन संघर्ष के बारे में जानने के अवसर मिलेंगे।

'स्वास्थ्य का अधिकार' को लेकर राज्य सरकार और चिकित्सकों के बीच सहमति

चिकित्सकों का जनहितैषी कानून पर सहमत होना सुखद संकेत-मुख्यमंत्री

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में कष्ट नहीं पाए, इस सोच के साथ राज्य सरकार 'स्वास्थ्य का अधिकार' (आरटीएच) लेकर आई है। यह प्रसन्नता की बात है कि राज्य सरकार द्वारा राइट टू हैल्थ बिल के संबंध में चिकित्सकों के समक्ष रखे गए प्रस्ताव पर सहमति बनी है। इससे राजस्थान 'राइट टू हैल्थ' लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा।

गहलोत ने कहा है कि सभी प्रदेशवासियों ने इस बिल के पक्ष में राज्य सरकार का सहयोग किया और आगे बढ़कर इस जनहितैषी बिल का स्वागत किया है। अब चिकित्सकों की भी इस महत्वपूर्ण बिल पर सहमति बनना सुखद संकेत है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सभी चिकित्सक तुरंत प्रभाव से काम पर वापस लौटेंगे और स्वास्थ्य का अधिकार, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना एवं आरजीएचएस जैसी योजनाओं को सरकारी एवं निजी अस्पताल मिलकर सफल बनाएंगे।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निजी एवं सरकारी अस्पतालों ने जिस तरह कोविड का बेहतरीन प्रबंधन कर मिसाल कायम की, उसी तरह इन योजनाओं को धरातल पर सफलतापूर्वक लागू कर ''राजस्थान मॉडल ऑफ पब्लिक हैल्थ'' पेश करेंगे। इससे पहले मंगलवार को राज्य सरकार एवं चिकित्सकों के बीच 'स्वास्थ्य का अधिकार' बिल को लेकर सहमति बनी। मुख्य सचिव निवास पर प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा टी. रविकांत एवं आईएमए, उपचार तथा पीएचएनएस के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई, जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर दोनों पक्षों की ओर से सहमति व्यक्त की गई।समझौते के अनुसार 'स्वास्थ्य का अधिकार' लागू करने के प्रथम चरण में 50 बेड से कम के निजी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को इस कानून के दायरे से बाहर रखा जाएगा। जिन निजी अस्पतालों ने सरकार से कोई रियायत नहीं ली है या अस्पताल के भू-आंवटन में कोई छूट नहीं ली है, उन पर भी इस कानून की बाध्यता नहीं होगी।

आरटीई के तहत अब 12वीं कक्षा तक के छात्रों को भी नि:शुल्क शिक्षा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। निजी विद्यालयों में 12वीं कक्षा तक के छात्रों को भी निःशुल्क शिक्षा मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शिक्षा का अधिकार के तहत अध्ययनरत छात्रों की फीस पुनर्भरण के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस पर 46 करोड़ रुपए का व्यय होगा। आरटीई के माध्यम से कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए ही निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान है। गहलोत द्वारा गत बजट में राज्य सरकार के खर्चे पर छात्राओं के लिए कक्षा 9 से 12वीं तक निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा जारी रखने का प्रावधान किया था। इसी क्रम में अब छात्रों को भी कक्षा 1 से 12 तक आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश लेने पर निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी। राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर निर्णय लिए गए हैं। इनमें महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, मुख्यमंत्री निःशुल्क यूनिफार्म योजना, मुख्यमंत्री बाल-गोपाल योजना सहित कई योजनाएं शामिल हैं।

मोदी सरकार के खिलाफ चल रहा अभियान

जय भारत सत्याग्रह अभियान 6 से जिलों में भी होगा शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने और मोदी सरकार के खिलाफ चलाया जा रहा 'जय भारत सत्याग्रह अभियान अब जिलों में भी शुरू होगा। इसके तहत अब प्रदेश कांग्रेस 6 अप्रेल से जिला स्तरीय सभा करेगी।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि 6 अप्रेल को सुबह 11 बजे बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम तथा दोपहर 3 बजे भागू गांव जैसलमेर में जिला स्तरीय सभा होंगी। 7 अप्रेल को प्रतापगढ़ व चित्तौड़गढ़ में जिला स्तरीय सभा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 8 अप्रेल को हनुमानगढ़ के स्कूल खेल मैदान भादरा में और चूरू में तारानगर स्टेडियम पर सभा आयोजित होगी। चतुर्वेदी ने बताया कि जय भारत सत्याग्रह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित जिले के सभी विधायक, प्रदेश पदाधिकारी एवं पंचायती राज के जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

अमृत भारतीय स्टेशन योजना

सांगानेर रेलवे स्टेशन को किया जाएगा विकसित-बोहरा

जयपुर @ जागरूक जनता। केंद्र सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जयपुर के सांगानेर रेलवे स्टेशन को भी विकसित किया जाएगा। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने सांगानेर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर स्टेशन की मौजूदा स्थिति का अवलोकन किया एवं स्टेशन को विकसित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए सांसद बोहरा ने कहा कि जयपुर के लिए यह गर्व का विषय हैं जयपुर के जयपुर जंक्शन एवं गांधीनगर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से विकसित किया जा रहा है एवं जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन का भी विकास किया जा रहा है उसके साथ ही सांगानेर रेलवे स्टेशन को भी विकसित किया जाएगा सांगानेर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास होगा। सांगानेर रेलवे स्टेशन का हैरिटेज लुक बरकरार रखा जाएगा और दो नई बिल्डिंग बनाई जाएगी, सांगानेर रेलवे स्टेशन पर दो अतिरिक्त रेलवे लाइन बनाई जाएंगी, प्लेटफॉर्म पर स्मार्ट टॉयलेटस् बनाए जाएंगे, यात्रियों को सुविधा मिले इसके लिए फुट ओवरब्रिज बनेंगे, रेलवे स्टेशन के आस-पास सुचारू रूप से ट्रैफिक का आवामन हो इसके लिए रेलवे ओवरब्रिज बनाए जाएंगे, प्लेटफार्म पर स्मार्ट एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी, सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और आरपीएफ कि चेक पोस्ट भी बनाई जाएगी।

'मुख्यमंत्री गैस सिलेण्डर' योजना के लिए 750 करोड़ रूपए का प्रावधान

उज्ज्वला एवं बीपीएल गैस कनेक्शनधारियों को मिलेगा 500 रूपए में सिलेण्डर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। प्रदेश के बीपीएल एवं उज्ज्वला योजना में शामिल परिवारों को अब 500 रूपए में गैस सिलेण्डर मिलेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'मुख्यमंत्री गैस सिलेण्डर' योजना के तहत 750 करोड़ रूपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत की इस स्वीकृति से राज्य के 73 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 1 अप्रैल, 2023 से सस्ती दर पर प्रतिमाह एक सिलेण्डर मिल सकेगा। इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के कनेक्शनधारी परिवारों को प्रति गैस सिलेण्डर 410 रूपए की सब्सिडी दी जाएगी। वहीं, बीपीएल गैस कनेक्शनधारकों को प्रति गैस सिलेण्डर 610 रूपए की सब्सिडी देय होगी। लाभार्थी द्वारा स्वयं सिलेण्डर खरीदे जाने पर उसके जनआधार से लिंक खाते में सब्सिडी की राशि हस्तान्तरित की जाएगी। एक अप्रैल, 2023 के बाद रजिस्ट्रेशन करवाने वाले लाभार्थियों को भी इस योजना का लाभ देय होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट 2023-24 में बीपीएल एवं उज्ज्वला योजना में शामिल परिवारों को 500 रूपए में सिलेण्डर उपलब्ध कराने की घोषणा की गई थी। उक्त घोषणा की क्रियान्विति में यह स्वीकृति दी गई है। गहलोत के इस संवेदनशील निर्णय से बड़ी संख्या में प्रदेशवासियों को महंगाई से राहत मिलेगी तथा उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज द्वारा दिव्य प्रवचन
एवं मधुर संकीर्तन निम्न TV चैनल्स पर अवश्य श्रवण करें
Shreedharididi.in
सुश्री श्रीधरी दीदी
NEWS18 इंडिया प्रतिदिन (प्रातः) EVERY DAY 5:30 AM
न्यूज़24 सोम-शुक्र (प्रातः) MON - FRI 5:30 AM
भारत समाचार प्रतिदिन (प्रातः) EVERY DAY 6:50 AM
साधना प्रतिदिन (प्रातः) EVERY DAY 8:15 AM
संस्कार सोम-शनि (रात्रि) MON - SAT 8:30 PM
YouTube JagadguruKripaluJiMaharaj
YouTube ShreedhariDidi

2008 जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामला

सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी राज्य सरकार-मुख्यमंत्री

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राज्य सरकार 2008 के जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले में बरी हुए आरोपियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास पर उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के जिला न्यायालय के फैसले को पलटते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय ने सभी आरोपियों को बरी किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, इसलिए हाईकोर्ट के फैसले के विरूद्ध राज्य सरकार उच्चतम न्यायालय में शीघ्र ही विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल करेगी। साथ ही, मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण में पैरवी हेतु नियुक्त अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेन्द्र यादव की सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य सचिव उषा शर्मा, प्रमुख शासन सचिव गृह आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा, एडीजी एसओजी-एटीएस अशोक राठौड़, एडीजी क्राइम दिनेश एमएन, एडीजी इंटेलिजेंस एस. सेंगथिर, प्रमुख शासन सचिव विधि ज्ञान प्रकाश गुप्ता एवं सचिव गृह (विधि) रवि शर्मा मौजूद थे।

ANCHOR 19 देशों के प्रतिनिधिमंडल ने की प्रशंसा

सिटी पार्क...माइंड ब्लोइंग प्लेस

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। आउटस्टैंडिंग, ब्यूटीफुल, नेवर सीन बिफोर सच ब्यूटी, माइंड ब्लोइंग प्लेस, नेचुरल ब्यूटी यह सारे विशेषण 19 देशों से आए 25 प्रतिनिधियों ने सिटी पार्क की विजिट के दौरान विजिटर बुक में लिखे। सिटी पार्क के भ्रमण के दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने मध्यम मार्ग प्लाजा, रॉक फाउण्टेन, लेक, 213 फीट ऊँचा फ्लैग मास्ट जिस पर भारतीय तिरंगा शान से लहरा रहा है एवं विभिन्न स्क्ल्पचर्स को देखा एवं मुक्तकंठ से प्रशंसा की। सिटी पार्क में हुडको के तत्वाधान में आए मेहमानों का राजस्थानी अंदाज में माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। मेहमानों ने गोल्फ कार में सिटी पार्क का भ्रमण किया और स्थानीय पर्यटकों से भी बातचीत की। इससे पहले प्रतिनिधि मण्डल ने राजस्थान विधायक आवास परियोजना, मुख्यमंत्री जन आवास योजना सहित कई अन्य परियोजनाओं का दौरा किया। दल के प्रतिनिधि मंडल द्वारा किए गए निर्माण को देखकर प्रभावित व प्रसन्न नजर आए। गौरतलब है कि विदेश मन्त्रालय एवं मानव प्रबन्धन बसाव संस्थान (HSMI) नई दिल्ली द्वारा ITEC पाठ्यक्रम योजना के तहत आयोजित किये जा रहे ट्रेनिंग प्रोग्राम फॉर ओवरसीज प्रोफेशनल्स ऑन फॉर्मल सॉल्यूशंस टू इनफॉर्मल सेटेलमेंट्स के अन्तर्गत 19 देशों के 25 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमण्डल राजस्थान आए हैं। ने आवासन मंडल के मुख्यालय आवास भवन पर आकर मंडल की महत्वाकांक्षी योजनाओं का अध्ययन भी अध्ययन किया था। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने 19 देशों से आए प्रतिनिधिमंडल का आभार जताया और उन्हें जयपुर फिर से आने का न्योता भी दिया।

JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations
At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just
Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing
★ Digital Marketing
★ Whatsapp Marketing
★ Bulk SMS Marketing
★ Website Development
★ Android Development
★ Software Development
★ Social Media Management

MSGJET Powered by JethiTech.com
SchoolMaster SCHOOL Management System Powered by JethiTech.com

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards
★ Pamphlets
★ Bill Book
★ ID Cards
★ Banners
★ Brochure
★ Letterhead
★ Envelope
★ Signages
★ Calendars
★ Diary
★ Bags
★ Pen Stand
★ Paper Weights
★ Pen
★ Mugs
★ T-Shirts
★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords Analytics | Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

सम्पादकीय

लंबित न्याय

भा **अदालतें** इंतजार करती रहती हैं कि कब सही तथ्य उनके समक्ष आए और वे अपना फैसला सुनाएं, मगर वे तथ्य जांच अधिकारियों की सुस्ती से कहीं ठहर से जाते हैं। फिर, अदालतों पर मुकदमों का बोझ बढ़ते जाने और उनमें रिक्तियां न भरी जाने की वजह से भी न्याय की रफ्तार थम जाती है। बहुत सारे लोग विचाराधीन कैदी के रूप में अपने गुनाह की तय सजा से कहीं अधिक सजा भुगतने को विवश होते हैं। अदालतों की यह सच्चाई उजागर है। मगर केंद्रीय कर्मचारियों की भर्ती और सेवा से जुड़ी शिकायतों का निपटारा भी जब दस साल से अधिक लटके रह जाते हैं, तो इसे क्या कहा जा सकता है। एक संसदीय समिति ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण यानी कैट से कहा है कि वह दस साल से अधिक समय से लंबित मामलों, वरिष्ठ नागरिकों और पेंशन से जुड़ी शिकायतों का निपटारा शीघ्र करे। गौरतलब है कि अस्सी हजार पांच सौ पैंतालीस मामले कैट के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। इनमें तेरह सौ पचास मामले दस साल से अधिक समय से लटके हुए हैं। करीब पौने चार हजार मामले पेंशन से संबंधित हैं।

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण का गठन विशेष अधिनियम के तहत किया गया था, ताकि संघ के प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी सेवा से संबंधित शिकायतों को लेकर अदालतों की खाक न छाननी पड़े। नियम के मुताबिक उनकी शिकायतों का निपटारा छह महीने के भीतर हो जाना चाहिए। यह नियम इसलिए बनाया गया था कि प्रशासनिक अधिकारियों को लंबे समय तक उनके कामकाज से दूर न रखा जा सके और जो दोषी हैं, उनके खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जा सके। इस अधिकरण को भी उच्च न्यायालयों की तरह का अधिकार प्राप्त है। मगर हैरानी की बात है कि यह अधिकरण भी सामान्य अदालतों की तरह ही मामलों को लटकाए रखने लगा। नहीं तो यह समझना मुश्किल है कि प्रशासनिक अधिकारियों से जुड़ी शिकायतों पर निर्णय लेने में इतनी देर क्यों होनी चाहिए। ऐसे मामलों में ज्यादातर विभागीय जांच की जरूरत पड़ती है।

जाहिर है, उनमें अधिकतर अनियमितता से जुड़े मामले होंगे। नियम के अनुसार जब तक किसी अधिकारी की अनियमितता से जुड़े मामले का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक उसकी पेंशन आदि सुविधाओं को रोक कर रखा जाता है। मगर जिन लोगों की पेंशन दस साल से लटकी हुई है, उन्हें अपना गुजर-बसर, स्वास्थ्य आदि संबंधी खर्चे किस तरह जुटाने पड़ते होंगे, अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसे लोगों के मामले टालते जाने की कोई तुक समझ नहीं आती। दरअसल, सरकारी कामकाज में सुस्ती रिवायत-सी बन गई है। इसके चलते सामान्य कामकाज भी हफ्तों में पूरे हो पाते हैं। जहां तक न्यायाधिकरणों की बात है, अगर उसके कामकाज पर प्रश्नचिह्न न भी लगाएं, तो यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि क्यों अस्सी हजार से अधिक मामले अभी तक लटके हुए हैं। इसकी एक वजह यह भी रही है कि सरकार न्यायाधिकरणों में नियुक्तियों को लेकर वैसे ही हीले-हवाले देती देखी जाती है, जैसे न्यायालयों की नियुक्तियों को लेकर देती रहती है। छिपी बात नहीं है कि बहुत सारे न्यायाधिकरणों में लंबे समय से रिक्तियां भरी नहीं गई हैं। अगर सचमुच न्यायाधिकरणों के कामकाज में तेजी लानी है, तो उनमें खाली पड़ी जगहों को भरने में भी गंभीरता दिखानी होगी। नहीं तो उनमें लंबित मामलों के चलते लोग नाहक परेशानियां झेलने को मजबूर होंगे।

नई बयार और विज्ञान की नई आंधी, आभासी दुनिया की आंधी प्रतीकात्मक रूप को छोड़कर असलियत को जीवन के नए अर्थ से जोड़ कर एक नया रचनात्मक पहलू पेश कर सके तो हम सचमुच इस सूचना प्रौद्योगिकी का वह प्रयोग करने में सफल हो सकेंगे, जो आने वाली नस्लों के लिए सचमुच का जीवन साबित हो।

कृत्रिमता की ओर बढ़ता हमारा व्यवहार

ज्ञानेन्द्र मिश्रा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

> **हमारा जीवन-यापन, आचार-व्यवहार, सब कुछ तो इन दिनों पाश्चात्य प्रभाव के कारण और बढ़ते हुए उपभोक्ता बाजार की आवश्यकताओं के अनुसार बदल चुका है। हमारा होना और अनुभव अब यह बताता है कि नई पीढ़ी इस नई आभासी आंधी में एक नए मौसम की ओर बढ़ रही है।**

जब हम अपने चारो ओर के वातावरण और उसके व्यवहार को महसूस करते हैं तो ऐसा लगता है हमारा व्यवहार कृत्रिमता की ओर बढ़ रहा है। ऐसा लगता है वर्तमान में एक नया संसार करवट ले रहा है। नई सूचना प्रौद्योगिकी और नए राजनीतिक परिवेश में एक नई उभरती हुई दुनिया हमारे सामने है। सब कुछ कितना जल्दी और कितने बड़े स्तर पर बदला-बदला सा लगने लगा है। उसने बदलते सामाजिक संदर्भ में बाजार की पहचान को और भी चमक-दमक से भर दिया गया है। चकाचौंध की इस आंधी में जीवन की छवियों में आभासी रंग किस तरह से घुसपैठ कर गया है कि उसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो गया है। पिछले एक दशक से जिस तरह सूचना क्रांति और नई सूचना प्रौद्योगिकी के चलते हुए जीवन में बदलाव के संकेत मिले हैं और एक नया आभासी संसार हमें दिखाई देने लगा है, वह हमारी कल्पना से बाहर की बात है।

तरंगों के दौर में पिछली पीढ़ी भी अब इस आभासी दुनिया का अनुसरण करने लगी है। आज व्यक्ति अपने जीवन की अंतिम छाया में अपनी दिनचर्या में आभासी दुनिया को अपना दोस्त मानने लगा है तो फिर सवाल उठता है कि रिश्तों की जीवंतता और आपके बुढ़ापे में अनुभव और जीवनपर्यंत सामाजिक सरोकारों के जीवन अनुभव का लाभ किस तरह से आने वाले नए समाज को एक नई दिशा देगा? आने वाली नस्लों के लिए हम क्या छोड़ कर जाएंगे? हमारा जीवन-यापन, आचार-व्यवहार, सब कुछ तो इन दिनों पाश्चात्य प्रभाव के कारण और बढ़ते हुए उपभोक्ता बाजार की आवश्यकताओं के अनुसार बदल चुका है। हमारा होना और अनुभव अब यह बताता है कि नई पीढ़ी इस नई आभासी आंधी में एक नए मौसम की ओर बढ़ रही है। यह मौसम है विज्ञान की दुनिया का, जहां टेलीविजन से लेकर यूट्यूब पाडकास्ट, ट्विटर, फेसबुक और इसके साथ-साथ अन्य सूचना प्रसारण संचार के माध्यमों ने जिस तरह से दुनिया को एक छोटे मोबाइल के पर्दे पर सबको परोस दिया है, यह चौंकाने वाला है। इन दिनों सूचना की प्रणालियों द्वारा एक नया निजाम, एक नया मौसम, रोबोट से चलने वाली दुनिया और अनुभव हमारे साथ लगभग सभी बड़े संस्थान में देखे जा सकते हैं। यूरोपीय देशों के साथ-साथ भारत जैसे देशों में भी रोबोट प्रणाली, एक नया समाज और नई वैज्ञानिक पद्धति के साथ जीवन के अनुभवों से अपना एक अलग वातावरण बनाता दिख रहा है। त्रासदी यह है कि हमारे युवा उदासीन अवस्था में जिस बड़ी संख्या में विदेश जाने लगे हैं, वह एक बहुत ही खतरनाक रुझान है। इससे प्रतिभा पलायन तो हो ही रहा है, लाखों करोड़ रुपए की एक अर्थव्यवस्था का ठोस आधार विदेश में जा रहा है। क्या कभी हमने इस तरफ सोचा है? हमारा सबका विकास कहीं कागजों में सिमट के न रह जाए। एक मजबूत सूचना प्रणाली शायद आने वाली दुनिया में एक नई दुनिया का एक नया आकार या साकार रूप लेती हुई हमारे मन-मस्तिष्क को बदल सकती है। अगर इस बदलाव के पीछे रचनात्मकता और समाज को बचाने की एक लंबी पगडंडी को हम निर्धारित रास्ते में बदल सके तो इस सूचना तकनीक और विज्ञान के युग का एक आभासी संसार प्रतीकात्मक नहीं हो सकेगा। अलबत्ता हम रचनात्मक पहेलियों के साथ सजीव रिश्तों की एक नई बयार और नए मौसम को अपना सकेंगे। माहौल सजीवता का होगा। जुड़ाव का होगा। रिश्तों में एकल नहीं समग्रता का भाव होगा।

हमारी शिक्षा और शिक्षण निजाम इस तरह की सूचना प्रणाली को अपनाकर उस आम गरीब बच्चे तक सूचना के साथ-साथ शिक्षा का एक ऐसा हुनर पहुंचा दे कि वह अपने पैरों पर खड़ा होकर रोजगार के लिए भटके नहीं। उसके भीतर विदेश में जाने की बेमानी लालसा न हो। विदेश में पर्यटन के लिहाज से जाना चाहिए, लेकिन जिस तरह आज भी देश में प्रतिभा पलायन के साथ भारत की एक दूसरी तस्वीर दिख रही है, वह चिंतनीय है।

आने वाले दिनों में जिस तरह की जीवंतता के साथ हम जीवन में अकेलापन और रोबोट प्रणाली से चलने वाली एक आभासी दुनिया यानी मोबाइल और ऐसे ही अत्याधुनिक तकनीकी की दुनिया का एक नया लोक हमारे सामने देख रहे हैं, उसमें कुछ जोड़ने की आवश्यकता है। हम इन सूचनाओं के अंबार में इस आभासी दुनिया से समाज को बचाने के लिए और समाज की विरासत को जोड़कर एक नई दुनिया बनाने के लिए क्या कर रहे हैं, जिसमें रोजगार हो, संवेदना, विश्वास हो और संबंधों का भरोसा हो, मानवीय सरोकारों की बात हो। अगर यह नई बयार और विज्ञान की नई आंधी, आभासी दुनिया की आंधी प्रतीकात्मक रूप को छोड़कर असलियत को जीवन के नए अर्थ से जोड़ कर एक नया रचनात्मक पहलू पेश कर सके तो हम सचमुच इस सूचना प्रौद्योगिकी का वह प्रयोग करने में सफल हो सकेंगे, जो आने वाली नस्लों के लिए सचमुच का जीवन साबित हो। इसमें हम सब एक पहल कर सकते हैं। आपकी अपनी दुनिया अब आपके दिल में बसा मन-मस्तिष्क नहीं है, बल्कि मोबाइल के पर्दे पर एक नई आभासी दुनिया में सिमट रही है। अब विज्ञान के साथ ही, लेकिन मानवीयता और संवेदना की ओर लौटने की कोशिश होनी चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार है)

पुनरुपयोग के लिए हमें आदतें बदलनी पड़ेंगी

डॉ. रामावतार शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

उत्पादन से संबंधित अर्थव्यवस्था दो तरह की होती है-रेखीय यानि लीनियर और चक्राकार यानि सर्कुलर। लीनियर अर्थव्यवस्था में कच्चा माल उठाओ, कोई उपयोगी वस्तु बनाओ और अनुपयोगी होते ही उसे व्यर्थ मान कर फेंक दो। सर्कुलर यानि चक्राकार में वस्तु के अनुपयोगी होते ही उसे पुनरुपयोग में ले लिया जाता है और उससे पहले वाली वस्तु या कोई अन्य वस्तु बना ली जाती है। यहां वस्तु एक तरह के चक्र में घूमती रहती है। इस तरह से चक्राकार अर्थव्यवस्था कायम रहने वाली, दीर्घकालीन अर्थव्यवस्था होती है जिसमें पुरानी वस्तुओं से नई और नवीन वस्तुओं का निर्माण होता है।

पुनरुपयोग उद्योग का सबसे बड़ा और आसानी से समझ में आने वाला उदाहरण कागज का पुनरुपयोग है क्योंकि कागज तकरीबन हर घर में पाया जाता है। यहां कागज के मायने सफेद चमचमाता कॉपी का कागज ही नहीं होता है। अखबार, काम में लिया कागज, पैकेजिंग में काम लिया हुआ कार्डबोर्ड आदि सभी तरह के कागज हो सकते हैं। कागज उद्योग से ही सेल्यूलोज निकलता है जो लिपस्टिक, दवाओं, रंग बनाने और कपड़ा उद्योग आदि कई जगह काम आता है। बहुत ही सामान्य बात है जिसमें हर कोई यह सवाल उठाएगा कि कागज उद्योग पेड़ों की कटाई करता है तो फिर यह वातावरण के लिए घातक होगा परंतु यदि सामान्य से कदम उठाए जाएं तो ऐसा नहीं होगा । कागज उद्योग के लिए पेड़ों के ऐसे जंगल लगाने पड़ेंगे जैसे किसान खेती करता है। एक निश्चित समय के बाद इन पेड़ों में से कुछ की कटाई हो जैसे कि पेड़ों की कुल आबादी की 10 प्रतिशत संख्या तक कटाई हो और फिर उतनी हो पौध वापस उसी समय फिर से लगा दी जाए। उपयुक्त भूमि पर पेड़ लगातार लगाए और कटे जा सकते हैं। कागज और उससे बनने वाले उत्पादों को बार बार उपयोग में लेना आसानी से संभव है परंतु फिर भी हर तरफ उनके कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। सवाल उठता है कि ऐसा क्यों होता है? पहला कारण तो कागज की रद्दी से कम कमाई होना है। टिन, प्लास्टिक या लोहे के टुकड़े से होने वाली कमाई रद्दी कागज की तुलना में अधिक होती है। दूसरा कारण कार्डबोर्ड के डिब्बे आदि ज्यादा स्थान घेरते हैं और कचरा बिनने वालों की गाड़ी या बोरी छोटी होती है। इसके अलावा प्लास्टिक या शीशे की बॉटल आदि यदि गंदे या दागदार हो जाएं तो उन्हे धोया जा सकता है पर कागज यदि सूप, सब्जी, मीट या तेल से दागदार हो जाए तो उसके अच्छे वाले फाइबर गल कर अनुपयोगी हो जाते हैं। एक अन्य बात भी है कि कई परतों वाले गत्ते के बॉक्स को सामान्य तकनीति वाली मशीनों से दुबारा उपयोग में नहीं लिया जा सकता है। इस तरह से हम देखते हैं कि साधारण दिखने वाला यह कार्य व्यवहार में साधारण होता नहीं है।

पुनरुपयोग (रीसाइक्लिंग) को विकसित करने के उत्पाद के निर्माता और उपभोक्ता को इस बारे में जागरूकता और आदत दोनों विकसित करनी होंगी। देखा गया है कि लोगों को यदि किसी कार्य से सीधा आर्थिक या व्यक्तिगत लाभ नहीं नजर आ रहा होता है तो वे किसी भी कार्य में सहयोग नहीं करते हैं फिर चाहे ऐसा करने से दीर्घकाल में उनका जीवन बेहतर ही क्यों ना बनता हो। लोग तुरंत आसानी और कम मेहनत से बड़ा धन कमाने की फिराक में रहते हैं। पर्यावरण रक्षा समाज के बहुत ही सूक्ष्म वर्ग की प्राथमिकता होती है। यदि निर्माता ऐसा कुछ करे जिसमें रद्दी सामान उपभोक्ताओं के किसी स्वार्थ एवम आदत के तहत उस तक वापस पहुंच सके तभी रीसाइक्लिंग अर्थव्यवस्था विकसित हो सकती है वरना ना तो कटे पेड़ वापस उगेंगे, न कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर कम होंगे और ना ही कस्बों और शहरों के कूड़े कचरे के पहाड़ गायब होंगे। प्रयास हमें हमारी आदतों को बदलने की दिशा में करने होंगे।

आम आदमी निर्भर नहीं आत्मनिर्भर बने

नवीन कुमार
गौसेवक
@jagrukjanta.net

आज देश की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हर व्यक्ति को चाहिए बिना मेहनत के या कम परिश्रम के पैसा कमा सकूं और सरकार के ऊपर निर्भर रहते हुए सरकार से आरक्षण या गैर आरक्षण तरीके से नौकरी पा सको उसके लिए वह हर संभव प्रयास करने की कोशिश करता है योग्यता नहीं है उसके लिए बस समय बर्बाद कर देगा मैंने इस विषय पर बहुत गंभीरता से विचार किया और मेरे मन में एक सवाल आया कि हम सरकार के ऊपर निर्भर क्यों बल्कि हम अपने राष्ट्र को इतना मजबूत बना दें की सरकार हम पर निर्भर रहे जिससे राष्ट्र समृद्ध साली बनेगा और जो बाहर की ताकते हैं उन सभी ताकतों के ऊपर अपना वर्चस्व बना सकेगा इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए मेरे मन में एक विचार आया और मैं आपसे वह शेयर करना चाहता हूं।

मैं एक छोटा सा उदाहरण प्रस्तुत करता हूं कि भारत आज कृषि प्रधान देश है और हर किसान के पास पशुधन होता है पुराने समय में जिस किसान के पास जितना ज्यादा पशुधन होता था उसको उतना ही धनवान द्य आज देश की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हर किसान का बेटा किसानी नहीं करना चाहता है सुनार का बेटा सुनारी नहीं करना चाहता है बनिए का बेटा महाजन ही नहीं करना चाहता है सभी को आरक्षण चाहिए और नौकरी चाहिए हमारी सरकार जिनको आम जनता ने चुन कर भेजा है उनसे यह उम्मीद करते हैं कि 135 करोड़ जनता को नौकरी दे दे यह सोचना गलत है बल्कि हमको यह चाहिए कि सरकार को आत्मनिर्भर हम बनाएं जिससे वह स्वयं सोचने के लिए मजबूर हो जाए और नौकरी के लिए सरकार आम जनता से अपील करें क्योंकि मैं मानता हूं हर आदमी में कोई न कोई टैलेंट अवश्य होता है।

जैसे आज यदि आपके पास 3 बीघा जमीन है और उसके ऊपर 10 गाय भी रखते हैं तो आप 60000 महीना कमा सकते हैं जैसे एक गाय लगभग 200 का कमा कर देती है सिर्फ दूध से गोबर से आज गोकास्ट बनाई जाती है। जिसका प्रचलन देश में अत्यधिक बढ़ता जा रहा है आज गो कास्ट होलिका दहन, यज्ञ, लोहारी एवं अंतिम संस्कार के रूप में कार्य में आ रहा है गोबर से नाना प्रकार की वस्तुएं बनती हैं मूत्र से नाना प्रकार के दवाइयां खाद बनते हैं और दूध से दही छाछ मक्खन पनीर, गाय के गोबर से ईंट, धूपबत्ती, मूर्तियां, टाइल्स और गैस खाद बहुत सारी बनाई जाती है और यदि आप जैविक खाद से साग सब्जी पैदा करते हैं तो मार्केट रेट से बहुत अच्छी रेट में बिकती है लेकिन कोई भी व्यक्ति मेहनत करना नहीं चाहता यदि हर व्यक्ति मेहनत करे तो देश को सोने की चिड़िया बनने के लिए कोई नहीं रोक सकता।

विलियम जेम्स एक प्रोफेसर थे। उनका कहना था- "प्रत्येक मनुष्य में एक अद्भुत शक्ति है जिसकी न तो वह स्वयं, न कोई और कल्पना करता है। यदि ऐसा कोई एक्स-रे निकल आये जो हृदय की शक्तियों को नाप सके तो हम अपनी शक्तियां देखकर ही चकित रह जायेंगे।" जब मनुष्य स्वयं को पहचान लेता है तो फिर उसमें ईश्वरीय गुण जाग्रत हो जाते है। मैं आप लोगों से एक छोटी सी विनती करता हूं कि आप स्वयं अपनी योग्यता को पहचाने और अपनी योग्यता के अनुसार अपने आप को तुलनात्मक अध्ययन करते हुए कार्य को करें आपकी सफलता को कोई नहीं रोक सकता। मेरा यह अनुभव है कि "सारी धरती कर्म-क्षेत्र बन गई।" आपकी सकारात्मक सोच, आपकी सफलता एवं जीत की राह तय अवश्य करेगा। यदि गौसेवा प्रारंभ करने से कुछ ऐसे बदलाव आपके जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आ सकते है हमारे अनसुलझे सवालों के जवाब हमें मिलना. यदि अपनी जीवनशैली बदलना चाहते है तो उसकी शुरुआत आज से ही करे।

सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव

तब तक छुटकारा नहीं। आना-जाना यानि पुनर्जन्म होगा ही, मुक्ति नहीं होगी। ज्ञान के बाद की अवस्था का नाम है विज्ञान। जिसे ज्ञान है उसे अज्ञान भी है। जिसे उजाले का ज्ञान है, उसे अंधेरे का ज्ञान भी है, जिसे सुख का बोध है, उसे दुःख का भी है, जिसे पुण्य का विचार है, उसे पाप का भी है, जिसे भले का स्मरण है, उसे बुरे का भी है, जिसे शुचिता का अनुभव है, उसे अपवित्रता का भी है, जिसे अहं का ज्ञान है उसे तुम का भी है। ईश्वर को जानने के लिए ज्ञान और अज्ञान के पार जाना पड़ता है। पैर में अगर कांटा चुभ जाए तो एक दूसरा कांटा लेकर वह निकाल दिया जाता है फिर उसके साथ दूसरा कांटा भी फेंक दिया जाता है। ब्रह्म का ज्ञान होने से ही कुछ नहींहोता। उन्हें विशेष रूप से देखने की आवश्यकता है। लकड़ी में आग है इसको जानने का नाम है ज्ञान और आग से खाना पकाना, उष्णता प्राप्त करना आदि का नाम है विज्ञान। जिसे दूध देखा है उसे दूध का ज्ञान है किंतु जो दूध पीकर मोटा-ताजा हो गया उसका नाम है विज्ञान। जीव पहले अज्ञानी रहता है उसमें ईश्वर बुद्धि नहीं रहती। ईश्वर हृदय में है यह बोध होना ज्ञान है किंतु ईश्वर को प्राप्त कर लेना विज्ञान है। ईश्वर ही जीव और जगत का प्रपंच हुआ है, इसके दर्शन करने कानाम है विज्ञान। ईश्वर दर्शन के बाद काम, क्रोध, आदि कुछ नहीं रहते। विषयबुद्धि लुप्त हुए बिना ब्रह्म ज्ञान नहीं होता। **क्रमशः**

ओपिनियन

शिक्षा की सही सफलता क्या है?

कभी अगर आपको थोड़ा वक्त मिले तो दो चीजों पर ध्यान देने की कोशिश जरूर कीजिएगा, किसी स्कूल के बाहर खड़े होकर देखिएगा कि बच्चा स्कूल आते वक्त ज्यादा खुश होता है या फिर स्कूल से घर जाते वक्त और साथ ही यह ध्यान अध्यापकों पर भी दिया जा सकता है कि वे कुछ दिन की छुट्टियों के बाद घर से स्कूल आते वक्त ज्यादा खुश दिखाई देते हैं या कुछ दिन छुट्टियाँ होने पर स्कूल से घर जाते वक्त।

अभिलाष मोदी
इन्टरप्रेन्योर
@jagrukjanta.net

आम नजरिये से देखने पर लगता है सब सही ही हैं, सब ठीक ही चल रहा हैं पर समझ की आंखों से दिखाई देता हैं की शिक्षा जो किसी भी इंसान, किसी भी समाज, किसी भी देश का सबसे महत्वपूर्ण भाग हैं, उससे हमारे देश का विद्यार्थी और देश का कर्ता-धर्ता कहा जाने वाला शिक्षक संतुष्ट महसूस नहीं कर पा रहा हैं। इसका सीधा अर्थ हैं, हमसे कुछ बुनियादी गलतियाँ हुई हैं जो काफी सालो से चली आ रही हैं और अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो स्कूल व कॉलेज, जिन्दगी को आसान बनाने की जगह की बजाय गला काट रेस के अधिकृत केंद्र बन कर रह जाएंगे।

भारत में प्राचीन काल की गुरुकुल पद्धति के चलते विद्यार्थियों में संस्कार व कौशल दोनों देने की बात को सर्वोपरि माना जाता रहा, संस्कार का अर्थ है, ज़िन्दगी की सही समझ का होना जिससे हर इंसान खुद को एक बेहतर जीवन जीने में मदद कर पाए व साथ ही परिवार व समाज को एक बेहतर जगह बनाने में खुद का सहयोग दे पाए, इसी तरह कौशल का अर्थ हैं, इंसान की भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किसी हुनर का विद्यार्थी में होना जिससे वह स्वयं की व अपने परिवार की भौतिक ज़रूरतों को पूरा करने के काबिल हो पाए।

अंग्रेजों ने भारत को कई सालों तक गुलाम बनाये रखा, 1947 में वे लोग भारत की भौगोलिक सीमाओं से तो बाहर चले गए पर उनके द्वारा दी गयी शिक्षा प्रणाली आज भी हमारे भारत के हर बच्चे, हर घर, हर विद्यालय, हर अभिभावक, हर अध्यापक में बहुत गहराई में बैठी हुई हैं। अंग्रेजों का उद्देश्य था भारत में ज्यादा से ज्यादा क्लर्क (लिपिक) पैदा करना और जब तक वो यहाँ रहे उन्होंने इस 'फैक्ट्री मॉडल ऑफ़ एजुकेशन' के तहत ऐसा बहुत बड़े स्तर तक किया, उसका प्रभाव यह हुआ भारत का एक बड़ा रोजगार का डिजाईन ऐसा बन गया हैं जहाँ एक इन्सान कुछ कागजों के साथ डाटा को संभालता या डाटा के सही या गलत होने को चेक करता हुआ ही मिलता हैं, भारत की विद्यालयों की स्थिति को देखा जाए तो इसे साफ़-साफ़ देखा जा सकता हैं की आज भी किसी कक्षा में किस बच्चे में सोचने की, विश्लेषण करने की, समझने की, समझा हुआ जीने की, निर्णय लेने की क्षमता बेहतर हैं उसे नहीं देखा जाता। हम उस बच्चे को सबसे अच्छा और होशियार मानते हैं जिसकी डाटा, तथ्यों व जानकारियों को रटकर किसी परीक्षा में उतारने की क्षमता ज्यादा हैं, जबकि हम सब इसे भलीभांति जानते हैं की यह काम हमारा स्मार्ट फ़ोन हमसे कई गुना बेहतर कर सकता हैं। हमें इस बात को सही से समझना होगा की किसी चीज़ को याद रखने की क्षमता का जिन्दगी की समझ और एक अच्छी जीवन शैली से कुछ लेना देना नहीं हैं इसलिए भारत ही नहीं वरन दुनिया को कोई स्कूल, कोई कॉलेज यह गारंटी नहीं ले पा रहे हैं की हमारे स्कूल से जब बच्चा समाज व बाजार में जाएगा तो दुनिया का शोषण करेगा या पोषण।

"स्कूल व कॉलेज एक प्रेरणा पाने की जगह है जहाँ एक बच्चा अध्यापक के जीने के तरीके को देखकर एक बेहतर, समृद्ध व खुशहाल जिन्दगी जीने के लिए प्रेरित व योग्य हो सकें, क्योंकि अगर सिर्फ जानकारियां देना स्कूल व कॉलेज का काम हैं तो यह पूरी तरह से संभव हैं की जितनी जानकारी गूगल पर पड़ी एक अकेली वेबसाइट पर हो सकती हैं, वो जानकारी हजारों कॉलेज के सारे प्रोफ़ेसर मिल कर भी किसी बच्चे को जीवन भर में ना दे पाए8" शिक्षा की कम से कम सफलता यह हैं की, हर इंसान समझदार व किसी कौशल में कुशल हो जाए, परिवार किसी की के दिखावे से प्रभावित हुए बिना खुद की जरूरतों का निर्धारण कर पाए, व समाज में किसी तरीके का भय न हो। शिक्षा की सबसे बड़ी सफलता यह होगी की हर इंसान खुद में स्वतंत्र हो जाए जिससे यह धरती पर किसी युद्ध की जरुरत न पड़े। हम 1947 में आज़ाद हो गए थे पर जब तक हम स्वतंत्र नहीं होंगे तब तक शिक्षा की किसी भी सफलता को पाना असंभव ही होगा, इसके लिए हमें स्वयं को एक सही तंत्र के रूप में देखना होगा, तंत्र का अर्थ हैं किसी तरीके का सिस्टम, अगर हम अपने आप में एक सही तंत्र यानि एक सही इंसान, एक सही पडोसी, एक सही अध्यापक, एक सही माता-पिता, एक सही नागरिक के रूप में देख पाते हैं तभी जाकर हम आज़ाद होने के साथ-साथ स्वतंत्र हो पाएँगे, वरना मनमानी और मनमर्जी को ही स्वतंत्रता मानते रहेंगे।

जागरूक जनता Selfie विद डॉटर

दिव्या डॉटर भगवती-जयराज, जयपुर

हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

पंचांग

ज्योतिर्विद्
अक्षय
शास्त्री

साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 05/04/2023

सूर्योदय : 06:11 **सूर्यास्त :** 18:40**चन्द्रोदय :** 18:03 **चन्द्रास्त :** 05:44 **शक सम्वत :** 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना :** चैत्र **पूर्णिमांत :** चैत्र **सूर्य राशि :** मीन **चन्द्र राशि :** कन्या **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** चतुर्दशी, 09:18 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1945 शोभकृत **चन्द्रमास चैत्र :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2080 नल **चैत्र :** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2079 आनन्द

नक्षत्र, योग, करण

नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 11:16 तक
योग : ध्रुव, 27:11 तक
प्रथम करण : वणिजा, 09:18 तक
द्वितिय करण : विष्टि, 21:43 तक

शुभ समय

ब्रह्म मुहूर्त	04:36 ए एम से
प्रात: सन्ध्या	04:58 ए एम से
अभिजित मुहूर्त	कोई नहीं
विजय मुहूर्त	02:30 पी एम से
गोधूलि मुहूर्त	06:40 पी एम से
सायाह्न सन्ध्या	06:41 पी एम से
सर्वार्थ सिद्धि योग	11:23 ए एम से
निशिता मुहूर्त	12:01 एएम, अप्रैल 6 से
रवि योग	06:07 ए एम से

निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : दक्षिण
होमाहुति : चन्द्र

चौघड़िया

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया
लाभ	: 06:11 - 07:44	उद्वेग : 06:39 - 08:05
अमृत	: 07:44 - 09:18	शुभ : 08:05 - 09:32
काल काल वेला	: 09:18 - 10:51	अमृत : 09:32 - 10:58
शुभ	: 10:51 - 12:25	चर : 10:58 - 12:24
रोग वार वेला	: 12:25 - 01:58	रोग : 12:24 - 01:51
उद्वेग	: 01:58 - 03:32	काल : 01:51 - 03:17
चर	: 03:32 - 05:06	लाभ : 03:17 - 04:43
लाभ	: 05:06 - 06:39	उद्वेग : 04:43 - 06:09

अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।

आज द्वादशी

आज कौन सा कार्य करें

चतुर्दशी भी रिक्ता तिथि है इसलिए इस दिन भी कोई भी नया, मांगलिक कार्य वर्जित है ।

बुधवार को क्या करें

बुधवार की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

ये कार्य करें :- सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

यह कार्य न करें:- उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

नोट : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

राशिफल

चैत्र, शुक्ल, चतुर्दशी, 2080 बुधवार, 5 अप्रैल - 11 अप्रैल, 2023

मेष चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

ऑफिस का माहौल बहुत ही शान्त और सहयोगात्मक रहेगा। दूसरे व्यक्ति की सलाह को महत्व न दें। लोग आपकी सलाह से लाभान्वित होंगे। व्यवसाय में आपको मैनेजमेन्ट दुरुस्त करना होगा।

तुला रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

घर का वातावरण शान्त रहेगा। बच्चों से शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। समय पर सारे कार्य पूर्ण हो जायेंगे। व्यापार में बड़े अनुबन्ध और ऑर्डर मिलने की प्रबल सम्भावना है।

वृषभ ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो

वैवाहिक सम्बन्धों में अनबन हो सकती है। यात्रा करनी पड़ सकती है। मन में उलझनों का अंबार रहेगा। गुस्से में आकर प्रतिक्रिया देने से बचें। परिजनों के साथ डिनर पर जा सकते हैं।

वृश्चिक तो,ना,नी, नू,या,यी,यू

भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वभाव में चंचलता का भाव रहेगा। कारोबार में बढ़ोत्तरी होने के योग बन रहे हैं। शुभ कार्यों में काफी धन खर्च कर सकते हैं। कला की तरफ आप आकर्षित रहेंगे।

मिथुन क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह

आप नये कार्यों में काफी रुचि ले सकते हैं। सरकारी अधिकारियों को प्रमोशन मिल सकता है। बेरोजगार लोग यदि प्रयास करें तो जॉब मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा।

धनु ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे

बॉस प्रमोशन को लेकर चर्चा कर सकते हैं। जॉब में ट्रांसफर होने की सम्भावना बन रही है। ऑफिस के माहौल में थोड़ी कड़वाहट हो सकती है। छात्रों को शिक्षा में थोड़ी अड़चनों का सामना करना पड़ेगा।

कर्क हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। गैस और कब्जियत की शिकायत हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उपलब्धियों पर ज्यादा अहंकार न करें।

मकर भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,

सहकर्मियों के साथ व्यवहार खराब न करें। किसी पारिवारिक सदस्य से झगड़ा हो सकता है। अनैतिक कार्यों से धन कमाने की कोशिश न करें। बातचीत के दौरान सही शब्दों का चयन करें।

सिंह मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे

काम की प्रशंसा होगी। व्यवहार में नरमी और सौम्यता रखें। व्यापार की परेशानियों का निवारण होगा। अनुभवी लोगों से आपको मार्गदर्शन मिलेगा। प्रियजनों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बितायेंगे।

कुंभ गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा

जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। मेहनत का लाभ मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अधिकारियों के साथ सम्बन्ध अच्छे रखें। येन-केन प्रकारेण अपना काम बना ही लेंगे।

कन्या टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

छोटी-मोटी बातों को नजरअंदाज न करें। अपनी गलतियों पर पर्दा न डालें। कोर्ट-कचहरी के मामलों में थोड़ी परेशानी होगी।

मीन दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि

कारोबार में बड़ी पार्टनरशिप कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको भागा-दौड़ी करनी पड़ेगी। एकान्त में समय अवश्य बिताना चाहिये।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

नवोन्मेष फाउंडेशन द्वारा वैचारिक मंथन आयोजित

स्वाभिमान, शौर्य और समृद्धि का प्रतीक है भारत- डॉ. त्रिवेदी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राज्यसभा सांसद डॉ. सुधाशु त्रिवेदी ने कहा कि देश-दुनिया की कई ताकतो को बदलता भारत पच नहीं रहा है। आए दिन नए-नए षडयंत्र रचे जा रहे है। वो नहीं चाहते भारत फिर विश्वगुरू कहा जाए। इसका बड़ा कारण यह है कि हम गुलामी की मानसिकता से जकड़े हुए है। हमारे दिमाग में वो भरा गया, जिसकी हमें जरूरत नहीं थी। यही कारण है कि मैकाले और मार्क्स की शिक्षा से आगे हम सोच नहीं पा रहे है। लेकिन, अब भारत बदल रहा है। ऑटोमोबाइल सेक्टर में हम दुनिया में तीसरे नम्बर पर है। मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भारत दूसरे स्थान पर पहुंच चुका है। बड़ी बात यह है कि अर्थव्यवस्था के मामले में हम ब्रिटेन को पीछे छोड़ चुके है। अंग्रेजी हुकूमत को अब भारतीय चला रहा है। बदलते भारत में ऐसे कई उदाहरण है। लेकिन, कुछ वामपंथी ताकतों को यह पच नहीं रहा है। पर क्या फर्क पड़ता है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शेरों की तरह आगे बढ़ रहे है। समृद्धि, स्वाभिमान और शौर्य के साथ भारत के इस बदलाव को देख रहे है। डॉ. त्रिवेदी नवोन्मेष फाउंडेशन जयपुर के द्वारा आयोजित वैचारिक मंथन के तीसरे सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेकर हम आगे बढ़ रहे है। समय बदलाव का है, परिवर्तन का है। यह बात हम नहीं, दुनिया के अधिकांश देश भारत को उभरता, हर क्षेत्र में समरसता के साथ समृद्धता की ओर बढते देखकर कहने मानने लगे है। दुनिया की बड़ी-बड़ी शक्तियां आकांक्षी भारत के सहयोग को आगे आ रही है। यह संभव हुआ है एकता, अखंड़ता और वसुधैव कटुम्बकम की भावना के साथ आगे बढने से। उन्होंने कहा कि हम आजादी का अमृतकाल मना रहे है और इस काल में हम सनातन की अनदेखी नहीं कर सकते। क्योंकि, शरीर में जैसे आत्मा होती है, वैसे ही सृष्टि की आत्मा भारत है।

आत्मा रक्षा प्रत्येक शक्ति का अधिकार

ऑप इंडिया की संस्थापक और पत्रकार नुपूर जे. शर्मा ने सम्बोधित किया। उन्होंने नारी सुरक्षा पर बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होने कहा कि भाई, परिवार, पड़ौस, समाज, माता-पिता, पति अपने कर्तव्यों और धर्म का पालन ठीक तरह से करें तो नारी की सुरक्षा को कभी आंच नहीं आ सकती। लेकिन, पाश्चात्य संस्कृति ने हमारी सोच को बदलना शुरू कर दिया। सनातन में एक विवाहिता को धर्म पत्नी कहा गया है। जबकि, इस्लाम में औरत। यह शब्द औरत के बॉडी पार्ट की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा कि इस्लाम तो धर्म है ही नहीं। इस्लाम महज एक सम्प्रदाय है।

कृषि से आगे देखने की जरूरत

जेएनयू के आणविक चिकित्सा के प्रोफेसर आंनद रंगनाथन ने कहा कि समय कृषि से आगे सोचने का है। देश की 44 प्रतिशत लेबर कॉस्ट कृषि से जुड़ी है। किसी साल सूखा, बाढ़ सहित दूसरी प्राकृतिक आपदा आ जाती है तो पूरा तंत्र इससे प्रभावित होता है। कभी आपने पढ़ा है कि बारिश से आईटी सेक्टर को नुकसान पहुंचा हो। गड्ढे खोदने को हम रोजगार नहीं कह सकते। इससे देश एडवांस नहीं बनेगा। सरकारे कहती है कि हमने इतने लोगों को रोजगार दिया। लेकिन, इस बात का कोई डाटा बेस नहीं है। फलेक्सिबल इकॉनॉमी पावर बनने के लिए हमें विज्ञान से आगे सोचने की जरूरत है।

कांग्रेस ने नहीं लड़ी आजादी की लड़ाई

कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी। यह बात हमें किताबों में पढ़ाई गई। लेकिन, इससे बड़ा कोई झूठ नहीं है। हकीकत यह है कि कांग्रेस ने राष्ट्रवादियों को सत्ता से बाहर रखने के लिए अंग्रेजों से सौदेबाजी की। समृद्धि से स्वावलंबन सत्र में यह बात हिंदू इको सिस्टम के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि यह भी झूठ फैलाया गया है कि अंग्रेजों ने भारत को शिक्षा व्यवस्था का मॉडल दिया। लेकिन, सच यह है कि अंग्रेजों ने भारत से शिक्षा का मॉडल लेकर अपने बच्चों को पढ़ाना शुरू किया। उन्होंने कहा, खालिस्तान की तुलना हिदुत्व से करने वालों की दुर्गति होना तय है।

राज्यपाल को गौड़ ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मलेन का निमंत्रण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र से अध्यक्ष विजय हरितवाल एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने मुलाकात कर 9 अप्रैल को होने वाले अंतरराष्ट्रीय गौड़ ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन का निमंत्रण दिया। एडवोकेट पचलंगिया ने बताया कि इस अवसर पर राज्यपाल को समाज के नियमित कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष हरितवाल ने राज्यपाल को बताया कि परिचय सम्मेलन में न सिर्फ हिंदुस्तान बल्कि अंतरराष्ट्रीय प्रविष्टियां भी प्राप्त हुई है। यह समाज का 16वां परिचय सम्मेलन है। इसमें अभी तक 1,000 से अधिक प्रविष्टियां समाज को प्राप्त हो चुकी है।

मेला दर्शनार्थियों व महिलाओं को रोडवेज में 50% छूट शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान में चुनावी साल में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जनता को लुभाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने अब आम जनता को रोडवेज बसों में 50% की छूट देने का फैसला किया है। इसके तहत आज से ही प्रदेश के लक्खी मेलों में जाने वाले श्रद्धालुओं को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में 50% तक छूट दी जाएगी। दरअसल, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट 2023-24 में इसकी घोषणा की थी। इसके तहत राजस्थान रोडवेज की साधारण और एक्सप्रेस बसों में मेला अवधि के दौरान यात्रियों को छूट दी जाएगी। यह योजना एक अप्रैल से लागू हो गई है। प्रदेश के 14 जिलों के मेलों में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में यह छूट मिलेगी। इस फैसले से सरकार पर लगभग 12 करोड़ साल का वित्तीय भार आएगा।

इन मेलों में रहेगी छूट

- अजमेर पुष्कर मेला और दरगाह उर्स
- करौली में कैलादेवी मेला
- भरतपुर में झील का बाड़ा
- जैसलमेर में श्रीरामदेवरा मेला
- सीकर में खाटूश्याम जी का मेला
- चूरू में सालासर बालाजी का मेला
- हनुमानगढ़ में गोगामेड़ी मेला
- डूंगरपुर में बेणेश्वर धाम मेला
- सवाईमाधोपुर में रणथंभौर गणेश जी का मेला
- टोंक में डिग्गी कल्याण जी का मेला
- अलवर में भर्तृहरि-पाण्डूपोल मेला
- श्रीगंगानगर में बुडढ़ा जोहड़ गुरुद्वारा मेला
- बीकानेर में फाल्गुन (मुकाम) मेला
- चित्तौड़गढ़ में सांवलिया सेठ और जलझूलनी एकादशी का मेला

रोडवेज बसों में महिलाओं का आधा किराया

राजस्थान रोडवेज की बसों में महिलाओं का 1 अप्रैल से आधा किराया लगना शुरू हो गया है। सरकार ने महिलाओं को रोडवेज किराए में छूट 30 से बढ़ाकर 50 फीसदी करने की बजट घोषणा को भी लागू कर दिया है। राजस्थान की सीमा में रोडवेज की बसों में यह छूट मिलेगी। यह छूट रोडवेज की लोकल और एक्सप्रेस बसों में मिलेगी, लेकिन वॉल्वो-स्केनिया बसों में नहीं मिलेगी।

आम आदमी पार्टी ने राजस्थान में संगठन का किया एलान

हर गाँव और ब्लॉक तक जाना हमारा लक्ष्य-पाठक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

एक मौका केजरीवाल को
शपथ ग्रहण
आम आदमी पार्टी

जयपुर। आम आदमी पार्टी ने राजस्थान के संगठन का गठन कर दिया है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आज राज्य, लोकसभा, जिला स्तरीय कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक की उपस्थिति में आयोजित हुआ कार्यक्रम। संगठन विस्तार से संबंधित मुद्दे पर मीडिया से रूबरू हुए संदीप जी पाठक ने कहा कि हम प्रदेश स्तरीय संगठन बनाने का काम शुरू कर चुके हैं। डॉक्टर संदीप पाठक ने आगे कहा कि आज राज्य, लोकसभा और जिला स्तरीय 231 कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ। इसके बाद हम 15 दिनों बाद ब्लॉक स्तरीय संगठन का भी गठन करेंगे। उसके बाद सर्कल लेवल, गाँव और वार्ड तक जाएंगे। ब्लॉक के बाद हम हर गाँव में 11 सदस्यीय कमेटी बनायेंगे लेकिन हम बूथ लेवल का मैनेजमेंट और रणनीति को किसी से साझा नहीं करते। कुछ लोगों को विश्वास नहीं हो रहा था कि हमारा संगठन ऐसा भी बन सकता है। हम ज़मीनी स्तर पर काम करते हैं इसीलिए होम वर्क करके एक साथ इतनी बड़ी कार्यकारिणी का गठन कर दिया।

राज्य सभा सांसद संदीप पाठक ने आगे कहा कि भाजपा कहती है कि हमारा संगठन सबसे मज़बूत है, भाजपा में पन्ना प्रमुख से लेकर के ऊपर तक का संगठन है लेकिन इनके पन्ना प्रमुख केवल पन्नों पर ही रह गए हैं। वास्तविक रूप से संगठन में कोई दम नहीं है। जबकि कांग्रेस में कोई कैडर नहीं होता। कांग्रेस पार्टी की पहचान केवल एक-दो नेताओं तक सीमित होती है और वो भी आपस में लड़ते रहते हैं। इनकी लड़ाई से जनता तंग आ चुकी है।राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बारे में बात करते हुए संदीप पाठक ने कहा कि अशोक गहलोत को अपनी पार्टी के नेता ही स्वीकार नहीं करते। भाजपा में वसुंधरा अपना वर्चस्व खो रही हैं और लोग कहते है कि वसुंधरा और गहलोत आपस में मिले हुए हैं। वसुंधरा राजे का एक ही मक़सद है कि गहलोत सरकार नहीं गिरनी चाहिए। इन दोनों की गठबंधन की राजनीति से जनता त्रस्त हो गई है इसलिए राजस्थान में आम आदमी पार्टी विकल्प के तौर पर राजस्थान में दोनों पार्टियों को चुनौती देगी। राइट टू हेल्थ के बारे में पाठक जी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की पूरी राजनीति स्वास्थ्य और शिक्षा पर आधारित है। दिल्ली में हमने स्वास्थ्य और शिक्षा में क्रान्तिकारी काम किया है। हम राइट टू हेल्थ के पक्ष में हैं लेकिन जो डॉक्टर हड़ताल कर रहे हैं उनके मुद्दों पर भी सरकार को विचार just चाहिए। सरकार से हमारी माँग है कि ज़्यादा से ज़्यादा अस्पताल खोले। हम ईमानदार राजनीति देना चाहते हैं, देश में अच्छे लोगों की कमी नहीं है। आम आदमी पार्टी उन अच्छे लोगों को आगे लाना चाहती है।

पिंकसिटी प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव सम्पन्न

राधारमण अध्यक्ष, रामेन्द्र महासचिव निर्वाचित

उपाध्यक्ष विजेन्द्र, राहुल

कोषाध्यक्ष पद पर राहुल गौतम की लगातार दूसरी जीत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर की प्रबन्ध कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव 2023-24 31 मार्च को नारायण सिंह सर्किल पर सम्पन्न हुए। मुख्य निर्चाचन अधिकारी सत्य पारीक ने बताया कि निर्वाचित अध्यक्ष राधारमण शर्मा को 424 मत एवं महासचिव रामेन्द्र सोलंकी को 293 मत प्राप्त हुए। अध्यक्ष राधारमण शर्मा ने निवर्तमान अध्यक्ष मुकेष कुमार मीणा को 99 मत से और महासचिव सोलंकी ने निवर्तमान महासचिव रघुवीर जांगिड़ को 96 मतों से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर राहुल गौतम 384 और उपाध्यक्ष के दो पदों पर विजेन्द्र जायसवाल 290 एवं राहुल भारद्वाज 254 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए।निर्वाचन अधिकारी विकास शर्मा ने बताया कि प्रबन्ध कार्यकारिणी के दस पदों के लिए डॉ. मोनिका शर्मा को 487 (सर्वाधिक), अनिता शर्मा को 304, दिनेश कुमार को 299, पुष्पेन्द्र सिंह 284, सन्नी आत्रेय को 269, नमोनारायण को 265, विकास आर्य को 259 मत, उमंग माथुर को 254, ओमवीर 242, दिनेष 'अधिकारी' 239 मतों से निर्वाचित हुए।

अब गौरव के हवाले राजस्थान में रेलवे की ट्रांसपोर्ट प्लानिंग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। रेलवे बोर्ड ने हाल ही उत्तर-पश्चिम रेलवे विभिन्न जोनल रेलवेज में रेलवे की विभिन्न सेवाओं के अधिकारियों के तबादले किए हैं। इससे कई खुश और कुछ नाखुश हैं। ऐसे में अब वे दिल्ली के चक्कर काट रहे हैं, ताकि उनका तबादला मनचाही जगह पर हो जाए या रद्द हो जाए। हालांकि इनमें से कुछ तबादलों को लेकर विरोधाभास भी है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण आईआरटीएस गौरव गौड़ और जोधपुर मंडल की पूर्व डीआरएम और आईआरएएस गीतिका पांडे की मानी जा रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि रेलवे मंत्रालय ने चुनावी साल को देखते हुए राजस्थान में रेलवे के इन्फ्रास्ट्रक्चर और ट्रेन ऑपरेशन को बढ़ावा देने के लिए बीते साल से 28 फीसदी अधिक बजट दिया गया है। गौरतलब है रेलवे के ट्रैफिक सर्विस कैडर में हालात इतने खराब हैं कि अगर एक ऑफिसर को प्रमोट करना होता है, तो दूसरे ऑफिसर को या तो छुट्टी पर भेज दिया जाता है या उसे जबरन ट्रेनिंग पर भेज दिया जाता है।

प्रोजेक्ट्स में फंड की जिम्मेदारी डीआरएम जोधपुर गीतिका को

हाल ही की गई दो नियुक्तियां सबसे महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रेलवे ट्रैफिक सर्विस के सीनियर ऑफिसर गौरव गौड़ को उत्तर-पश्चिम रेलवे का चीफ ट्रांसपोर्टेशन प्लानिंग ऑफिसर बनाया गया है। गौड़ राजस्थान में रेलवे में ट्रेन संचालन को बढ़ाने की प्लानिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, वहीं रेलवे अकाउंट्स सर्विस की 1990 बैच की ऑफिसर और जोधपुर मंडल की पूर्व डीआरएम गीतिका पांडे को नए पद एफएएंडसीएओ (ट्रैफिक एंड कैप्क्स मैनेजमेंट) बनाया गया है। कंस्ट्रक्शन विंग एफएएंडसीएओ के पद को रि-डिजाइन कर उन्हें नियुक्ति दी गई है। पांडे राजस्थान के रेलवे प्रोजेक्ट्स को फंड अलॉट करने के साथ खर्चों का भी निगरानी रखेंगी। इसके अलावा ट्रैफिक सर्विस के अभय शर्मा को डेपुटेशन पर सेंट्रल हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर मिनिस्ट्री में डिप्टी सेक्रेट्री बनाया गया है। डिप्टी सीवीओ आईआरएसई विशाल गुप्ता का साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे, आईआरएसई हनुमान प्रसाद का ईस्ट सेंट्रल रेलवे, आईआरएसईई श्रवण सिंह पुरोहित का वेस्ट सेंट्रल रेलवे और आईआरएसएमई रविंद्र कुमार चौहान का एमसीएफ रायबरेली तबादला किया गया है।

हज-2023 : अगले महीने से शुरू होगा पाक सफर, इस शहर से मिलेंगी उड़ानें

जयपुर @ जागरूक जनता। हज-2023 का पाक सफर अगले महीने से शुरू होने वाला है। यात्रियों को जयपुर एयरपोर्ट से उड़ानें मिलेंगी। इधर, राजस्थान राज्य हज कमेटी की ओर से भी लॉटरी खुलने के बाद यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। राजस्थान से इस साल 6,164 यात्रियों को हज करने का मौका मिलेगा। राजस्थान राज्य हज कमेटी के मुताबिक सबसे कम उम्र में बालोतरा निवासी 13 साल की आफरीन बानो, सबसे बुजुर्ग लोगों में जयपुर की 79 वर्षीय वाहिदा बैगम, जैसलमेर के 86 वर्षीय मैद खान हज के पाक सफर पर जाएंगे। राजस्थान राज्य हज कमेटी के चेयरमैन अमीन कागजी ने बताया कि यात्रियों को जल्द से जल्द अपनी पहली किशत जमा करवाने और यात्रा के लिए जरूरी दस्तावेज तैयार रखने को कहा गया है।

हर्षोल्लास से मनाई महावीर जयंती

निंबाहेड़ा @ जागरूक जनता। प्रभु महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव सकल जैन समाज की और से बड़े ही हर्षोल्लास एवम विभिन कार्यक्रमों के साथ मनाया गया, महोत्सव को लेकर समाजजनों में अपार उत्साह देखा गया। प्रातः 9 बजे आदिनाथ जैन मंदिर से प्रभु महावीर स्वामी का वरघोड़ा निकाला गया जो होलीथड़ा, वर्धमान चौक, सदर बाजार, मोती बाजार, शास्त्री मार्केट, नवाब गंज, चित्तौड़ी दरवाजा, केची चौराहा, चंदन चौक, परशुराम सर्कल, शेखावत सर्कल से एल आई सी रोड होते हुए श्री राजेन्द्र सूरी ज्ञान मंदिर परिसर में पहुंच कर अभिनंदन सभा में परिवर्तित हो गया, मार्ग में जगह जगह पर जुलूस का स्वागत अभिनंदन किया गया, चित्तौड़ी गेट पर नगरपालिका अध्यक्ष सुभाष शारदा के साथ कांग्रेसजनों व कैंची चौराहा पर भाजपा नेता श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में जुलुस का स्वागत कर प्रभु महावीर के चित्र पर माल्यार्पण किया. जुलूस में युवा वर्ग प्रभु महावीर की जयकार के गगनचुंबी नारे लगाते चल रहे थे, वही महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। सकल जैन समाज की और से सम्पूर्ण कार्यक्रम के लाभार्थी नरेंद्र कुमार, अभयकुमार, घेवरमल, कांतिलाल, भगत सिंह, कपिल कुमार सिरोहिया परिवार का बहुमान कर अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। अभिनन्दन पत्र भेंट करते समय जैन जागृति सेन्टर अध्यक्ष अशोक नवलखा, जन्म कल्याणक समिति संयोजक शांतिलाल मारू मौजूद रहे।

जागरूक खबरें

विहिप बजरंग दल की हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। विहिप बजरंग दल की सोमवार को हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम की पूर्व तैयारी हेतु चंदेरिया खंड की बैठक का आयोजन स्टेशन रोड स्थित बालाजी मंदिर पर रखी गयी। मदन त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा व मनोज सोनी ने कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु सभी से चर्चा कर अलग अलग सुझाव दिए। जगदीश मेनारिया ने बताया कि श्री राम दरबार, हनुमानजी एवं वानर सेना की झांकियो एवं अखाड़ों के प्रदर्शन एवं कलश यात्रा के साथ चंदेरिया खंड की एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा। इस दौरान बैठक में धनराज, योगेश दशोरा, जयदेव योगी, राहुल गुर्जर, विक्रम गवारिया, मुरली वैष्णव, चंचल खटीक, वीरेंद्र सिंह, सनी, पंकज वैष्णव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वंचितों के भगवान डॉ. अम्बेडकर विषयक विचार गोष्ठी होगी आयोजित

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। समस्त अनुसुचित जाति एवं जनजाति वर्ग ने तय किया कि डॉ. अम्बेडकर के जन्म जयन्ती समारोह के आयोजन के अन्तर्गत 14 अप्रैल तक अम्बेडकर पखवाड़ा मनाया जाएगा। पखवाड़े में वन्चितों के भगवान डॉ. अम्बेडकर विषय पर विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जावेगा। विचार गोष्ठियों के आयोजन संयोजक निर्मल कुमार देसाई ने बताया कि डॉ. अम्बेडकर के विचार एवं दर्शन को घर-घर, गली-गली में पहुंचाने के लिए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जावेगा। इन गोष्ठियों में स्थानीय वंचित वर्ग के युवा, प्रौढ़, वृद्धजन भाग लेगे, जिसमें डॉ. अम्बेडकर के जीवन कें विविध आयामों पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला जायेगा। डॉ. अम्बेडकर के जीवन दर्शन को आत्मसात करने के लिए युवा शक्ति को प्रेरित किया जायेगा। इस श्रृखला में प्रतापनगर एवं मीठारामजी का खेड़ा क्षेत्र में 5 अप्रैल एवं सेगवा हाउसिंग बोर्ड में 06 को घोसुन्डा ग्राम में 9 को सुभाष कॉलोनी में 10 को विचार गोष्ठी के आयोजन किये जाएगे, जिसके प्रभारी हरीश बारहठ, बाबु लाल बैरवा, प्रेम रेगर, सुरेश खोईवाल, राजेश आदिवाल रहेगे।

गौरव सेनानी प्रकोष्ठ के नेतृत्व में सैनिकों ने सौंपा ज्ञापन

केकड़ी @ जागरूक जनता। गौरव सेनानी प्रकोष्ठ के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने उपखंड अधिकारी केकड़ी को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया की यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो संसद का घेराव किया जाएगा। गौरव सेनानी प्रकोष्ठ के सचिव कालूराम माली ने बताया कि शहीदों की वीरांगनाओं को न्याय दिलाया जाए इस हेतु दिल्ली स्थित जंतर मंतर पर 20 फरवरी को आंदोलन किया जाएगा ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व सैनिक कालूराम माली, बद्री लाल, हरलाल, कैलाश सिंह, गंगा सिंह सराफत अली, महावीर सैनी, किसन गोपाल, सत्यनारायण लौहार सहित कई सैनिक मौजूद थे।

राज्यपाल ने "राजस्थान गौरव" सम्मान से किया प्रतिभाओं का सम्मान

प्रतिभाएं राष्ट्र और समाज की धरोहर-मिश्र

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

राजस्थान गौरव
सम्मान समारोह

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि प्रतिभाएं किसी एक समाज की नहीं बल्कि संपूर्ण राष्ट्र और समाज की धरोहर होती हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों का सम्मान यदि होता है तो इससे पूरे समाज में एक सकारात्मक वातावरण बनता है। राज्यपाल मिश्र संस्कृति युवा संस्था द्वारा एक निजी होटल में आयोजित 'राजस्थान गौरव' सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान गौरव से अलंकृत विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का अभिनंदन करते हुए सम्मानित प्रतिभाओं को भविष्य में इसी तरह समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करते हुए अपना सर्वोत्कृष्ट देने का आह्वान किया।

मिश्र ने संस्कृति संस्था द्वारा पिछले 28 वर्षों से 'राजस्थान गौरव' सम्मान, विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप, जयपुर मैराथन आदि आयोजनों के लिए संस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि जीवन पथ पर वही व्यक्ति निरंतर आगे बढ़ते हैं जो अपने लिए ही नहीं बल्कि दूसरों के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करते हैं। उन्होंने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की व्यस्टि नहीं समष्टि भाव की सर्व कल्याण की सोच से सभी को कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से जोड़ने के लिए भी अधिकाधिक कार्य करने की आवश्यकता जताई। इससे पहले राज्यपाल मिश्र ने भारतीय सेना में कारगिल युद्ध के नायक रहे रिटायर्ड कर्नल वी.एस. बालोठिया, सीनियर आईएएस अजिताभ शर्मा, भारतीय पुलिस सेवा के राजीव पचार, भारतीय इंजिनियरिंग सेवा के आशु सिंह राठौड, भारतीय राजस्व सेवा के नितिन कुमार जैमन, सवाई मानसिंह अस्पताल के अधीक्षक अचल शर्मा, दुबई के यंग एंटरप्रेन्योर अंकित जैन, शिव विलास रिसोर्ट के चैयरमेन स्व. श्री बृजमोहन शर्मा, इंटरनेशनल वुडबॉल प्लेयर अजय सिंह, मांड गायिका बेगम बतूल, आईटी प्रोफेशनल सुदीप, व्यवसाय के क्षेत्र में प्रताप सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, फुटबाल खिलाड़ी अजय सिंह मीणा आदि प्रतिभाओं को "राजस्थान गौरव" सम्मान से सम्मानित किया। आरंभ में संस्कृति युवा संस्था के सुरेश मिश्रा ने संस्था द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों, सार्वजनिक सरोकारों से जुड़े आयोजनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

पूनम छाबड़ा ने की मुख्यमंत्री गहलोत से मुलाकात

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जस्टिस फॉर छाबड़ा संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम अंकुर छाबड़ा ने सोमवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। राजस्थान में "स्वर्गीय गुरुशरण छाबड़ा जन जागरूकता अभियान" को पुनः शुरू करने और स्वर्गीय गुरुशरण को शहीद का दर्जा देने की मांग उठाई। पूनम अंकुर छाबड़ा ने कहा कि सूरतगढ़ के पूर्व विधायक स्व. गुरु शरण जी छाबड़ा ने राजस्थान में संपूर्ण शराबबंदी और सशक्त लोकायुक्त के लिए अनशन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। राज्य सरकार उनके इस महान बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दे। इसलिए राजस्थान में नशा मुक्त समाज बनाने के लिए संपूर्ण शराबबंदी लागू हो। पूनम छाबड़ा ने इसके अलावा सूरतगढ़ को जिला बनाने की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी, सूरतगढ़ की जनता द्वारा किये जा रहे इस आंदोलन को वार्ता कर सुलझाने का आग्रह किया। पूनम छाबड़ा की तमाम मांगों को सुनने के बाद गहलोत ने उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद देकर सकारात्मक आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर तैयारियों में जुटे जनप्रतिनिधि

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के 7 अप्रैल को जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में चित्तौड़गढ़ में प्रस्तावित आगमन को लेकर सोमवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय सभा कार्यक्रम को लेकर राजस्थान धरोहर प्राधिकरण बोर्ड अध्यक्ष राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत, जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल, पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत सहित प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सभापति संदीप शर्मा, रमेश नाथ योगी, प्रधान भैरूलाल चौधरी, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम जाट, शहर अध्यक्ष अनिल सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर परिषद कार्मिक व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। जाड़ावत ने बताया कि मुख्यमंत्री गहलोत 7 अप्रैल को प्रतापगढ में सभा के बाद हेलिकॉप्टर से पुलिस लाईन पहुंचेंगे, जिसके बाद इंदिरा गांधी स्टेडियम में जय भारत सत्याग्रह को लेकर आयोजित सभा को सम्बोधित करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे।

6.25 करोड़ में वंदे मेट्रो का एक कोच होगा तैयार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। विभिन्न राज्यों में वंदे भारत ट्रेनों का संचालन शुरू करने की प्रक्रिया जारी है। अब तक 11 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है और राजस्थान की पहली वंदे भारत ट्रेन का भी परीक्षण चल रहा है। वंदे भारत ट्रेनों के बाद रेलवे ने नए वित्तीय वर्ष में वंदे मेट्रो प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू किया है। इस वित्तीय वर्ष में रेलवे वंदे मेट्रो ट्रेनों के लिए 3600 कोच का निर्माण शुरू करेगा। अधिकारियों ने बताया कि वंदे मेट्रो ट्रेन 12 डिब्बों की होगी। यात्री भार बढ़ने पर इसे 16 से 20 कोच तक बढ़ाया जा सकेगा। वंदे मेट्रो ट्रेन का संचालन एक शहर से दूसरे शहर और बड़ों शहरों में किया जाना है। इसका पहला प्रोटोटाइप रेक इसी साल तैयार किया जाएगा।

कोच में ही इंजन की तरह सिस्टम...

वन्दे मेट्रो ट्रेन में अलग से इंजन की जरूरत नहीं रहेगी। कोच में ही इंजन की तरह सिस्टम होगा। हाइड्रोजन ईंधन से भी संचालन किए जाने की संभावना है। करीब 50 सेकेण्ड में रफ्तार पकड़ लेगी। इसमें सभी डिब्बे कुर्सीयान के होंगे। रफ्तार क्षमता 160 से 180 तक किलोमीटर प्रति घंटा होगी। ट्रैक जिस रफ्तार के लिए फिट होगा, उसी अनुपात में रफ्तार कम या ज्यादा रखी जा सकेगी।

ट्रेन में ये होगी सुविधा

- यात्री सूचना एवं मनोरंजन प्रणाली
- केन्द्रीय रूप से नियंत्रित स्वचलित स्लाइडिंग दरवाजे
- सेफ्टी और निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे
- एकीकृत आपातकालीन टॉक बटन।

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में बड़ी संख्या में आमजन ने दी आहुतियां

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। गायत्री सप्त ऋषि ट्रस्ट, जयपुर द्वारा मुरलीपुरा स्कीम सकलि पर आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और आहुतियां दीं। तीन दिवसीय महायज्ञ में पूज्य सिंधी पंचायत संस्थान के अध्यक्ष लोकचंद हरिरामानी के सहयोग से आयोजित यज्ञ की 2 अप्रैल को पूर्णाहुति हुई। यज्ञ से पूर्व कलशयात्रा निकाली गई जिसमें रंग-बिरंगे परिधान पहने सजी-धजी महिलाओं ने भाग लिया। यज्ञ स्थल पर योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया। यज्ञ के दौरान सायंकाल दीपयज्ञ, संगीत एवं प्रवचन कार्यक्रम भी चलता रहा। महायज्ञ में पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा की ओर से भंडारा आयोजित किया गया जिसमें लगभग 2 हजार लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं राजस्थान कांग्रेस के कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, अमित गोयल, (प्रदेश प्रवक्ता भाजपा राजस्थान), पार्षद दीपमाला शर्मा, समाजसेवी शैलेन्द्र शर्मा, पार्षद दिनेश कांवट, मोहन नामदेव सहित गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

जागरूक खेती खबरें

कृषि बजट कार्यशाला आज

बारां @ जागरूक जनता। जिला कलक्टर नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में वर्ष 2023-24 कृषि बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जन-जन तक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिला स्तरीय कृषि बजट आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन मिनी सचिवालय सभागार में 5 अप्रेल को प्रातः 10.30 बजे किया जाएगा।

आमुखीकरण कार्यशाला 5 को

चूरू @ जागरूक जनता। बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन-जन तक प्रचार -प्रसार के उद्देश्य से 5 अप्रैल को जिला परिषद् सभागार में सवेरे 10.30 बजे कृषि बजट आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने बताया कि कार्यशाला में कृषि बजट का संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण, जिले को कृषि क्षेत्र में प्राप्त कार्य और लक्ष्य, विभागीय योजनाओं की जानकारी, अन्तर्विभागीय समन्वयन रोड मेप व खरीफ 2023 आदान उपलब्धता सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

कार्यशाला 6 को

श्रीगंगानगर @ जागरूक जनता। वर्ष 2023-24 के कृषि बजट में कृषि, उद्यान, कृषि विपणन, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, जल संसाधन, ऊर्जा, सहकारिता, पशु पालन औरजनजाति क्षेत्रीय विकस विभगों की गतिविधियों शामिल किया गया है। बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रिन्यान्वयन के उद्देश्य से जिला स्तरीय कृषि बजट आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन 6 अप्रैल 2023 को जिला परिषद सभागार में सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। जिला कलक्टर सौरभ स्वामी कार्यशाला को सम्बोधित करेंगे।

एमएसपी पर खरीद शुरू

जयपुर @ जागरूक जनता। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने बताया कि प्रदेश के शेष सभी जिलों में एमएसपी पर सरसों और चने की खरीद शुरू हो गई है। अभी तक 94 हजार से अधिक किसानों ने उपज बेचान के लिए पंजीयन करवाया है। उन्होंने बताया कि इस साल राज्य में चना खरीद का 6.65 लाख मीट्रिक टन और सरसों खरीद का 15.19 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य दिया गया है। सरसों के लिए 634 और चना के लिए 634 खरीद केन्द्र बनाए गए है।

सरसों सत्याग्रह 6 को

जयपुर @ जागरूक जनता। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट कहा कि भारत सरकार के ध्यानाकर्षण के लिए 6 अप्रैल को 101 किसान नई दिल्ली के जंतर मंतर पर उपवास करेंगे। सरसों सत्याग्रह की पूर्व सूचना के लिए प्रधानमंत्री को पत्र भेज दी है।

जेट परीक्षा 14 मई को

जयपुर @ जागरूक जनता। जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा जेट परीक्षा-2023 का आयोजन 14 मई को किया जायेगा। इस बार यह परीक्षा 10 हजार सीटों के लिए होगी। प्रवेश परीक्षा का आयोजन बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, कोटा और उदयपुर केन्द्र पर होगा। आवेदन फार्म में सुधार का आज अंतिम दिन है।

भेड़-बकरी प्रशिक्षण 6 से

उदयपुर @ जागरूक जनता। कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा पांच दिवसीय आवासीय किसान प्रशिक्षण 6 अप्रैल से आयोजित किया जायेगा। राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना के तहत आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण में भेड़-बकरी प्रबंधन के बारे में जानकारी दी

संस्कृति द स्कूल के तत्वाधान में 21वीं सदी व अभिभावकों की भूमिका विषय पर संपन्न हुआ सेमीनार

बच्चे के अच्छे कार्य पर प्रशंसा करें

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

Mr Neeraj Kumar Bea
Executive Director
Sanskriti... The School, Ajmer
Date: 01.04.20
(Satu
Organized by Sc
Sanskriti THE SCHOOL Ajmer

अजमेर। 21वीं सदी में बच्चा आभासी व वर्चुअल दुनिया में जी रहा है, वो एकाकी हो गया है, उसकी सामाजिकता खत्म हो गई । परिवार समाज व देश से ऊपर व्यक्तिगत स्वार्थ है वह जिद्दी हो गया है, अभिभावकों की बात नही सुनता। परिवार से ज्यादा दोस्तों को महत्व देता है, ऐसे ही अनेक सवालों से जुझ रहें अभिभावकों ने दिल खोलकर अपनी पीडा व मनोभाव साझा किए संस्कृति द स्कूल के एक्यूकेटिव डाइरेक्टर व प्रसिद्ध शिक्षाविद् नीरज कुमार बधौतिया के साथ। ज्वाहर रंगमंच पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुँचें अभिभावको से वार्ता करते हुए बधौतिया ने उन्हें आश्वस्त किया कि आप, बच्चा व स्कूल ये तीनो मिलकर कार्य करेंगे तो बदलाव अवष्य आएगा। बच्चों की वोद्धिक व शारीरिक क्षमता के विकास व उपयोग के लिए अभिभावकों को सन्देंष दिया कि अपने बच्चों को भौतिक सुखों से निकालकर कठिन परिश्रम क लिए प्रेरित करें। गुरूकुल व्यवस्था की तरह बच्चे को आत्म निर्भर बनने दे उन्हें अनावश्यक सुविधा देकर जिद्दी ना बनाए। 21वीं सदी की मुख्य समस्या बच्चे का मोबाइल की लत से भी अभिभावक अत्यन्त व्यथित थे। समाधान के रूप में बधौतिया ने कहा कि मोबाईल वर्तमान युग की आवष्यकता है पर इसे लत ना बनाए। बच्चों को मोबाईल की लत छुडवाने से पहले स्वंय को आत्म नियंत्रण करना होगा। घर में छोटे छोटे नियम बनाकर बड़ा बदलाव महसूस किया जा सकता है । बच्चे के अच्छे कार्य करने पर मुक्त कष्ठ से प्रशंसा करें तो गलती करने पर उसे डांटने की वजाय उन गलतियों के दुष्परिणाम बताए और महसूस कराएँ कि आखिर वो गलत क्यो है। बधौतिया ने विभिन्न रिसर्च का हवाला देते हुए अभिभावाको को समझाया कि बच्चों के संबंध में उनकी समस्याएँ गंभीर है, उनका चिन्तित होना स्वभाविक है यदि हम आज से 100-150 साल पूर्व के षिक्षाविदों जैसे रविन्द्रनाथ टैगोर, अरविन्दो घोष के षिक्षाविदों जैसे सित्रन्तों को पढ़े व अपने जीवन में उतारे तो सभी समस्याओं के हल मिल जाएंगें। कार्यक्रम के अन्त में उन्होंने सभी अभिभावकों का सेमीनार में भाग लेने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

डोटासरा ने की घोषणा

प्रदेश कांग्रेस में 8 प्रवक्ता, 7 मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश में आठ प्रवक्ता, 7 मीडिया पैनलिस्ट और तीन मीडिया कॉर्डिनेटर के नामों की घोषणा की है। कांग्रेस के 3 विधायकों और 2 बोर्ड के चेयरमैन को भी प्रदेश कांग्रेस का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इनमें विधायक अमित चाचान, इंद्राज गुर्जर और प्रशांत बैरवा को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा केश कला बोर्ड के चेयरमैन महेंद्र गहलोत, वक्फ बोर्ड के चेयरमैन खानु खान बुधवाली, पंकज मेहता, अजय कच्छावा, आर.आर. तिवारी को भी प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। वहीं राजेंद्र आर्य, प्रतिष्ठा यादव, प्रदीप चतुर्वेदी, अनिल टाटिया, प्रतीक सिंह, किशोर शर्मा, भरत मेघवाल को मीडिया पैनलिस्ट बनाया गया है। मीडिया कॉर्डिनेटर के पद पर पंकज शर्मा, सुबोध सिंह चौहान और नितिन सारस्वत को नियुक्त किया गया है।

अब 10 हुई प्रवक्ताओं की संख्या: प्रदेश कांग्रेस में आठ और प्रवक्ताओं की नियुक्ति के बाद राजस्थान कांग्रेस में प्रवक्ताओं की संख्या 10 हो गई है। इससे पहले स्वर्णिम चतुर्वेदी और आर.सी. चौधरी करीब सवा साल पहले प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता बनाए गए थे।

जिलाध्यक्षों का अभी भी इंतजार: कांग्रेस में 13 जिला अध्यक्ष ही हैं। इनकी नियुक्तियों को लेकर दावेदार लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले पार्टी ने प्रदेश प्रवक्ता व मीडिया पैनलिस्ट की घोषणा कर दी।

राजस्थान आवासन मण्डल की सामाजिक सरोकार को लेकर एक और अनूठी पहल

जयपुर चौपाटी : विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस बच्चों ने जीता मन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान आवासन मण्डल और डीनज नामक संस्था ने मिलकर जयपुर चौपाटी, मानसरोवर में विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस (वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे) मनाया और एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर ऑटिज्म बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर जयपुर चौपाटी में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं ने अपनी उपस्थिति दी और विशेष बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन जीत लिया। कार्यक्रम में जाने-माने गायक श्री मनमीत सिंह ने अपनी प्रस्तुतियों से खुशनुमा माहौल बना दिया। अरोड़ा ने बताया कि आम जनता के अलावा यंग पेरेंट्स को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि वे ऑटिज्म के लक्षणों को पहचान सके और जल्द से जल्द अपने बच्चों का सही मार्गदर्शन कर सके।

ऑटिज्म पर जागरूकता जरूरी

इस दौरान डीनज की संस्थापिका रेवा सुदीप ने बताया कि ऑटिज्म से लड़ने और उनमें सकारात्मकता का भाव लाने का प्रयास करना बहुत जरूरी है। साथ ही, आटिज्म बीमारी के विशेषज्ञ डॉ. सीताराम ने आटिज्म के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी और कहा कि इस बीमारी को खत्म किया जा सकता है।

इन संस्थाओं की रही भागीदारी

कार्यक्रम में विशेष संस्थाओं एप्रोच ऑटिज्म, औरा फाउंडेशन, अहान फाउंडेशन, उम्मीद, श्रद्धा, भवनी विद्यालय, कृष्ण अंबा कलक्षेत्रम, बेबीलोना न्यूटन आईसीएडी से आये विशेष छात्रों ने रायन्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर एक बहुत ही खूबसूरत समा बांध दिया। सभी प्रतिभागियों और वालंटियर्स को स्मृति चिन्ह, सर्टिफिकेट्स और स्नैक बॉक्स प्रदान किये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये ओवन, द बेकरी, कबाब्स एंड करीज, किड्स प्लेनेट एजुकेशन का भी सहयोग रहा।

जीएसटी रजिस्ट्रेशन बहाली के लिए 30 जून तक मिला मौका

नई दिल्ली @ जागरूक जनता। जीएसटी रिटर्न नहीं भरने के कारण जिन कंपनियों और व्यवसायों का पंजीकरण रद्द हो गया है, उनको सरकार ने इसकी बहाली के लिए एक और मौका दिया है। ऐसी कंपनियां बिजनेस टैक्स, ब्याज और जुर्माना भरने के बाद 30 जून से पहले रजिस्ट्रेशन बहाल करने के लिए आवेदन कर सकती हैं। वित्त मंत्रालय ने केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में संशोधन करते हुए कहा है कि जिन कंपनियों का जीएसटी पंजीकरण 31 दिसंबर, 2022 या उससे पहले रद्द हो गया है और यदि वे इसकी बहाली के लिए नियत समय के अंदर आवेदन नहीं कर पाई हैं, तो अब उनके पास इसके लिए 30 जून, 2023 तक का समय है। वित्त मंत्रालय के नोटिफिकेशन में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कैंसिलेशन को रद्द कराने के लिए कंपनियों और कारोबारियों को पहले पेंडिंग रिटर्न फाइल करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि को अब और आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

हाउसिंग बोर्ड: 6 माह में शुरू होंगी स्पॉर्ट्स सुविधा

एनआरआई क्लब-21 की मेंबरशिप से कमाए 25 करोड़

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। एनआरआई कॉलोनी में विकसित होने वाले एनआरआई क्लब-21 के प्रति लोगों में क्रेज देखने को मिला। राजस्थान आवासन मंडल ने क्लब के मेंबरशिप चालू कर रखी है, जिससे मंडल को करीब 25 करोड़ रुपए की आय हो गई है। हाउसिंग बोर्ड ने अब मेंबरशिप के लिए नई दरें शुरू कर दी है। एसोसिएट मेंबर के लिए 4 लाख और कॉरपोरेट मेंबर के लिए 6 लाख रुपए में मेंबरशिप दी जाएगी।

आवासन आयुक्त और एनआरआई क्लब-21 के अध्यक्ष पवन अरोड़ा ने बताया कि एनआरआई क्लब-21 अंतरराष्ट्रीय और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसे लेकर लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। 26 जनवरी से 15 मार्च तक 700 से अधिक लोगों ने मेंबरशिप के लिए आवेदन किया। मंडल को मेंबरशिप के पेटे करीब 25 करोड़ रुपए प्राप्त भी हुए हैं। अब क्लब की मेंबरशिप पुनः नई दरों पर प्रारंभ की गई है। एसोसिएट मेंबर 4 लाख और कॉरपोरेट मेंबर 6 लाख रुपए देकर 15 अप्रेल तक आवेदन कर सकते हैं। अरोड़ा ने बताया कि लोगों की मांग को देखते हुए सीमित संख्या में अब नई दरों पर मेंबरशिप उपलब्ध करवाई जा रही है। जिन्होंने 15 मार्च तक रजिस्ट्रेशन करवा लिया है लेकिन सदस्यता शुल्क का भुगतान नहीं किया है उन्हें भी अब नई दरों पर ही भुगतान करना होगा। केंद्र व राज्य सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए पूर्ववत डिस्काउंट सुविधा रहेगी।

6 माह में शुरू होंगी स्पॉर्ट्स सुविधा

अरोड़ा ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मापदंडों के आधार पर विकसित होने वाले क्लब हाउस में अगले 6 माह में रेस्टोरेंट और स्पॉर्ट्स सुविधा शुरू हो जाएगी। वहीं अगले डेढ़ साल में अन्य सुविधाएं विकसित की जाएगी।

आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा क्लब 21

अरोड़ा ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मापदंडों के आधार पर विकसित होने वाले क्लब हाउस में 25 कमरे बनाए जाएंगे, जहां स्पॉर्टस सुविधाओं के साथ, बार, ऑल वेदर स्विमिंग पूल और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। निजी सहभागिता के आधार पर क्लब 21 को हल्दीघाटी रोड़ के कैरेज-वे को जोड़ते हुए सम्पर्क सड़क बनाई जाएगी तथा शेष भूमि पर आईलैण्ड विकसित कर सम्पूर्ण क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। क्लब 21 का अलग से प्रवेश व निकास द्वार बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि निजी सहभागिता के आधार पर ही यहां साजसज्जा, फर्नीचर्स सहित जरूरी सुविधाएं विकसित कर क्लब-21 को विकसित किया जाएगा।

क्लब के आवेदकों के लिए 16 को म्यूजिकल नाइट

अरोड़ा ने बताया कि 16 अप्रेल को बॉलीवुड के मशहूर सिंगर बैंड 'मीत ब्रदर्स' और मशहूर सिंगर खुशबू ग्रेवाल की म्यूजिकल नाइट भी करवाई जाएगी। पुराने व नए आवेदक क्लब परिसर में इस बॉलीवुड नाइट एवं डिनर में निःशुल्क भाग ले सकेंगे।

अफीम तौल कार्य 6 से

चित्तौड़गढ़ @ जागयक जनता। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की ओर से काले सोने के रूप में शुमार अफीम का तौल 6 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। अफीम के तौल को लेकर नारकोटिक्स महकमा तैयारियों में जुट गया है। विभाग द्वारा अफीम की खेती कराए जाने के लिए तीन खंड बनाए गए है, जिनमें करीब 15 हजार किसानों ने पट्टे लेकर अफीम की खेती की है। प्रथम खंड में 5250, द्वित्तीय खंड में 4339 और तृतीय खंड में 4859 पट्टे धारी किसानों की अफीम तौली जाएगी। इसके साथ ही करीब 2693 किसानों द्वारा सीपीएस पद्धति से की गई खेती से मिले अफीम के डोडे तोले जाएंगे। इस संबंध में जिला मुख्यालय स्थित नारकोटिक्स विभाग में डोम बनाकर तैयारियां की जा रही है।

जागरूक खबरें

नारायण सेवा में अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहूति

उदयपुर @ जागरूक जनता। नारायण सेवा संस्थान में सेवाधाम प्रांगण में रामनवमी पर अखण्ड रामायण पाठ की पूर्णाहुति मेवाड़ मंडलेश्वर महंत रासबिहारी शरण, मीठा राम मंदिर के महंत रामचन्द्र दास जी खाकी,महंत हर्षिता दास, बाल संत नंदकिशोर दास व हनुमान मंदिर के महंत अमर गिरी जी महाराज , लक्ष्मणपुरी गोस्वामी के सानिध्य में हुई। इस अवसर पर रामचरित मानस प्रचार समिति के रामायणपाठी सत्यनारायण चौबीसा का संस्थापक, कैलाश 'मानव' ने अभिनंदन किया व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल व वंदना अग्रवाल ने हवन में सर्वे भवन्तु सुखिन: की कामना की। रास बिहारी शरण ने पीड़ित मानवता की सेवा की दिशा में संस्थान के सेवा प्रकल्पों को ईश्वरीय कार्य बताया। पूर्णाहूति हवन में संस्थान के साधकों एवं स्थानीय भक्तों व रोगियों के परिजनों ने भी आहूतियां दी तथा संगीतमय भजनों पर झूमेद्ध संतों का आभार सहसंस्थापिका कमला देवी अग्रवाल ने किया।

एनटीएः अप्रेल परीक्षा की तिथियां व परीक्षा केन्द्र जारी

कोटा @ जागरूक जनता। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई मेन अप्रेल सेशन के परीक्षा शहर एवं परीक्षा की तिथियां शनिवार को जारी कर दी गईं। कॅरियर एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जेईई मेन अप्रेल परीक्षा पूर्व में 6 से 12 अप्रेल के मध्य आयोजित की जानी थी। परीक्षा तिथियां जारी होने के बाद अब जेईई मेन परीक्षा 6 से 15 अप्रेल के मध्य होगी।

सीबीएसई : मई या जून में जारी होंगे दसवीं-बारहवीं के नतीजे

अजमेर @ जागरूक जनता। सीबीएसई की बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं 5 अप्रेल को खत्म होंगी। दसवीं की परीक्षाएं पहले ही समाप्त हो चुकी हैं। बोर्ड कॉपियों की जांच करा रहा है। मई अथवा जून में दसवीं और बारहवीं के नतीजे जारी किए जाएंगे। सीबीएसई की दसवीं की परीक्षाएं मार्च में खत्म हुईं। बारहवीं कक्षा के पेपर 5 अप्रेल तक चलेंगे। बोर्ड पिछले महीने ही केंद्रीयकृत मूल्यांकन के तहत कॉपियां जंचवाना शुरू करा चुका है। अप्रेल अंत अथवा मई के प्रथम पखवाड़े तक मूल्यांकन पूरा होने की उम्मीद है। देश में 35 लाख विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

असिस्टेंट प्रोफेसर सहित 20 पदों पर होगी भर्ती

जोधपुर @ जागरूक जनता। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मथुरादास माथुर अस्पताल में 20 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।प्रस्ताव के अनुसार मथुरादास माथुर अस्पताल के कॉर्डियोलॉजी विभाग में सहायक आचार्य कॉर्डियोलॉजी के 3, सीनियर रेजिडेंट के 2, जूनियर रेजिडेंट के 4, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर का 1, नर्सिंग ऑफिसर के 4, ई.सी.जी. टेक्नीशियन के 2, ईसीएचओ लैब टेक्नीशियन तथा कनिष्ठ सहायक के 1-1 एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 2 पद सहित कुल 20 पदों का सृजन किया जाएगा।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना : बजट घोषणा अनुरूप पेंशन में वृद्धि का लाभ देने के आदेश जारी

1.6 लाख वृद्धजन, 30,345 एकल नारी व 23,693 दिव्यांगों को बढ़ी पेंशन जून से

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

दौसा। राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा में सभी वर्ग के पेंशनर्स को प्रति माह मिलने वाली पेंशन राशि को बढ़ाकर न्यूनतम 1000 हजार रुपए कर दिया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से जारी आदेशानुसार बढ़ी हुई राशि 1 मई से प्रभावी होगी। इससे जिले में 106340 वृद्धजनों, 30345 एकल नारी व 23693 विशेष योग्यजनों को लाभ मिलेगा। मसलन, मई माह की पेंशन जून में मिलने वाली पेंशन राशि में देय होगा। हालांकि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 53170000 रुपए और एकल नारी योजना में 15172500 रुपए का सरकार पर अतिरिक्त भार भी पड़ेगा। नया वित्तीय वर्ष शुरू होने के साथ ही जिले में राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा में सभी वर्ग के पेंशनर्स को प्रति माह मिलने वाली पेंशन में वृद्धि के बाद सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था, विधवा, परित्यागता, तलाकशुदा व एकल नारी पेंशन का लाभ 1 मई से दिया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन में 75 वर्ष से कम आयु वर्ग 106340 लोगों को लाभ मिलेगा, वहीं एकल नारी में 18 से 75 आयु वर्ग की 30345 को लाभान्वित किया जाएगा। वहीं 23693 विशेष योग्यजन लाभान्वित होंगे।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 5.31 करोड़ रुपए का बढ़ेगा अतिरिक्त भार

जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 127908 वृद्धजन लाभान्वित हो रहे हैं। जिसमें 55 से 75 आयु वर्ग के वृद्ध जनों को जहां 500 रुपए पेंशन मिलती थी, जिसे बढ़ाकर अब न्यूनतम एक हजार रुपए कर दिया गया है। इसमें 106340 वृद्धजन लाभान्वित होंगे। वहीं सरकार पर प्रति माह 53170000 रुपए का अतिरिक्त भार बढ़ेगा।

कुष्ठ रोग मुक्त विशेष योग्यजन रोडवेज में निशुल्क यात्रा कर सकेंगे

सभी आयु वर्ग के कुष्ठ रोग मुक्त विशेष योग्यजन को अब 2500 रुपए पेंशन मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा में पेंशन राशि बढ़ाने के बाद अब 2500 रुपए कुष्ठ रोग मुक्त विशेष योग्यजन को दिए जाएंगे। जून माह से बढ़ी हुई पेंशन राशि दी जाएगी। जबकि, एक अप्रेल से ही कुष्ठ रोगियों को रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा का भी लाभ मिलेगा।

> **बजट** घोषणा में सभी वर्ग के पेंशनर्स को प्रति माह देय राशि को बढ़ाकर न्यूनतम एक हजार रुपए कर दी गई है। इसके आदेश जारी कर दिए हैं। एक मई से आदेश प्रभावी होंगे। मई की पेंशन का भुगतान बढ़ी दरों से जून में दिया जाएगा।
>
> **डॉ. करतार सिंह मीणा,** सहायक निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, दौसा

जेएनवीयू : शुरुआत आज से

बीए-बीएससी परीक्षा में डेढ़ लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जोधपुर। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर एवं सम्भाग के जोधपुर, पाली, जालोर, बाड़मेर तथा जैसलमेर जिलों के सम्बन्द्ध सभी महाविद्यालयों की बीए तथा बीएससी के नियमित, स्वयंपाठी, पूर्व एवं श्रेणी सुधार परीक्षार्थियों की परीक्षाएं 5 अप्रेल से शुरू होगी। इसके प्रवेश पत्र विवि ने ऑनलाइन जारी कर दिए है। परीक्षा नियत्रंक प्रो. केआर गेनवा ने बताया कि बीए में 110247 परीक्षार्थी तथा बीएससी में 14608 परीक्षार्थी सहित कुल 124855 परीक्षार्थी इस वर्ष परीक्षा देंगे। इसके लिए संभाग में 132 परीक्षा केन्द्र बनाए गये है। वहीं परीक्षा में नकल को रोकने के लिए चार उडनदस्ते तैयार किए गए है। प्रो. गेनवा ने बताया कि बी.कॉम., बी.बी.ए. एवं बी.सी.ए. की परीक्षाएं अप्रेल के तृतीय सप्ताह में प्रस्तावित है। इसकी समय-सारणी जल्द ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी।

परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल वर्जित

> विवि ने परीक्षाओं की तैयारियां पूर्ण कर ली है। परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल ले जाना वर्जित रहेगा। अगर किसी परीक्षार्थी के पास मोबाइल पाया जाता है तो नकल का केश बन सकता है। जिसके लिए परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
>
> **-प्रो. केआर गेनवा,** परीक्षा नियंत्रक, जेएनवीयू

सिटी पैलेस शाम के समय साढ़े 3 घंटे तो सज्जनगढ़ एक घंटे ज्यादा खुला रहेगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

उदयपुर। शहर के दो प्रमुख पर्यटन स्थलों के समय में बदलाव किया गया है। सिटी पैलेस अब शाम के समय साढ़े 3 घंटे तो सज्जनगढ़ वाइल्ड लाइफ सेंचुरी 1 घंटे ज्यादा खुली रहेगी। दरअसल, नाइट टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सिटी पैलेस के समय में पहली बार बड़ा बदलाव किया है। अब यह सुबह 9 से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। इससे पहले समय सुबह 9 से शाम 5:30 बजे तक था। जिससे पर्यटक शाम को म्यूजियम नहीं देख पाते थे। पिछले साल मर्दाना महल का समय बढ़ाकर रात 8 बजे किया गया था, पर बाद में इसे फिर से 5:30 कर दिया।

अब सुबह 9 से शाम 6 बजे तक घूम सकेंगे सज्जनगढ़

अप्रैल की शुरुआत के साथ ही दिन बड़े होने लगे हैं। इससे सज्जनगढ़ किले का समय भी एक घंटा बढ़ा दिया गया है। अब पर्यटक सुबह 9 से शाम 6 बजे तक किले पर घूम सकेंगे। सज्जनगढ़ किले पर सनसेट को देखने के लिए हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचते है।

डेयरी में 75 करोड़ लागत से लगेगा पाउडर प्लांट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

किसान सम्मेलन

चित्तौडगढ़। चित्तौडगढ़ डेयरी परिसर में 75 करोड़ की लागत से पाउडर प्लांट लगाया जाएगा, जिससे दुग्ध डेयरी के किसानों का व्यवसाय और अधिक बढ़ेगा। अब प्रतापगढ़ में भी नया डेयरी प्लांट खोलने के प्रयास किए जाएंगे। चित्तौडगढ़-प्रतापगढ़ दुग्ध उत्पादक संघ की ओर से किसान सम्मेलन में मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में डेयरी संघ की स्थापना होनी चाहिए। चित्तौडगढ़ में दो जिलों की डेयरी चल रही है पर यहां से प्रतापगढ़ जिले की दूरी डेढ़ सौ किलोमीटर होने से किसानों को बहुत दूरी तय करनी पड़ती है, ऐसे में प्रतापगढ़ में भी अलग से डेयरी स्थापना के प्रयास किए जाएंगे। ताकि, वहां के भी पशुपालकों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के विकास बजट ने हवा का रुख बदल दिया है। समारोह के अध्यक्ष राजस्थान धरोहर संरक्षण अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने कहा कि सरकार ने किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रखी। किसानों का करोड़ों रुपए का रुपए का कर्ज माफ किया। मुख्यमंत्री ने बजट में किसी को लाभ देने से वंचित नहीं रखा। गोवंश मृत्यु होने पर गोवंश अनुदान दिया जा रहा है। डेयरी व्यवसाय में महिलाओं का योगदान सर्वाधिक होने से यह व्यवसाय अधिक पनप रहा है। डेयरी संघ के अध्यक्ष बद्री लाल जगपुरा ने कहा कि गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष दूध दाताओं को 53 करोड़ रूपए का अतिरिक्त अनुदान दिया है। 90 हजार प्रतिदिन के औसत से बढ़ाकर 2 लाख 10 लीटर प्रतिदिन दूध का संकलन करने पर चित्तौड़ जिला प्रथम स्थान पर हैं। उन्होंने मंच से घोषणा की कि दुर्घटना में मृत्यु होने पर 7 हज़ार 500 से बढ़ाकर 21 हज़ार रुपए का मुआवजा, दूध की जांच के लिए शीघ्र ही कोविड की तर्ज पर आरटीपीसीआर टेस्ट मशीन खरीदी जाएगी।

6 फर्मों के अनुज्ञा और प्राधिकार पत्र निलम्बित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जालौर। कृषि विभाग द्वारा सांचौर और चितलवाना क्षेत्र में लाईसेंसधारी आदान विक्रेताओं द्वारा अनियमितता बरतने पर 6 फर्मों के उर्वरक, कीटनाशक, बीज अनुज्ञापन और प्राधिकार पत्र 15 दिवस के लिए निलंबित किये है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. आरबी सिंह ने बताया कि सांचौर और चितलवाना क्षेत्र में किसानों को उत्पादों बेचान कर बिल नहीं दिये जाने, अनाधिकृत कम्पनियों के उत्पादों का बेचान करने और पोस मशीन द्वारा उर्वरकों का बेचान नहीं किये जाने के संबंध में शिकायत पर संबंधित फर्मो को कृषि विभाग द्वारा नोटिस जारी कर प्रत्युत्तर मांगा गया। किन्तु इन फर्मो द्वारा कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया गया। इस पर मैसर्स सायना सीड्स एंड फर्टीलाईजर, सांचौर, मैसर्स राजस्थान एग्रो सेन्टर, सांचौर, मैसर्स गुजरात एग्रो एजेन्सी, सांचौर, मैसर्स जम-जम ट्रेडिंग कंपनी,सांचौर, मैसर्स धनलक्ष्मी कृषि केन्द्र, सांचौर और श्री राम खाद बीज भंडार, सिवाना के अनुज्ञापन और प्राधिकार पत्र निलम्बित किए गए है।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

एमपीयूएटी का लाइफ चेंजर रिसर्च

बच्चों के बदले व्यवहार का कारण और निराकरण बताएगा एप

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

उदयपुर। आधुनिक युग में खेती-किसानी को आसान बनाने के लिए कई रिसर्च करने वाले एमपीयूएटी के संघटक सामुदायिक एवं व्यवहारिक विज्ञान (होम साइंस) महाविद्यालय ने बच्चों व टीनएजर के बदलते व्यवहार और समस्याएं जानने और समाधान के लिए एक एप तैयार किया है। इसका आइडिया कॉलेज की वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. गायत्री तिवारी और रिसर्च स्कॉलर डॉ. नेहा जैन को पांच साल पहले आया था। उन्होंने तेजी से बदलते आधुनिक युग से बच्चों के बदलते व्यवहार, उनकी समस्या और समाधान को ध्यान रख इस पर काम शुरू किया। देश के 11 राज्यों में सर्वे, स्टडी और रिसर्च की गई। इसमें 6081 अभिभावकों और 349 बच्चों को सर्वे में शामिल किया। इसके बाद 'समस्या और समाधान' एप तैयार हुआ। यह बच्चों की 30 तरह की समस्या और व्यवहार के बारे में बताता है। साथ ही समाधान के सुझाव भी देता है।एप की खासियत यह है कि इसे पारिवारिक संबंध और माहौल पर फोकस कर तैयार किया गया है। क्योंकि बच्चों का व्यवहार घर के वातावरण से ही बदलता है। इसलिए इसमें बच्चों के व्यवहार को जानने के लिए फैमिली बैकग्राउंड, आर्थिक और सामाजिक स्थिति को देखा जाता है। एप लोगों के लिए निशुल्क है, जिसे गूगल एप से डाउनलोड किया सकता है।

एप इन समस्याओं का दे रहा समाधान

अंगूठा चूसना, नाखून कुतरना, क्रोध, सांस रोक लेना, स्वयं को और दूसरों का काट लेना, झूठ बोलना। मांसपेशियों का खिंचाव, दांत पीसना, भाग जाने की प्रतिक्रिया, शर्माना, सिर मारना, खाने संबंधी समस्याएं। दिवास्वप्न, कल्पना व समाज से दूरी, ध्यान आकर्षित करने का व्यवहार, बीमारी का बहाना करना, अत्यधिक झगड़ा करना। अति सक्रिय विकार, स्वलीनता/आत्म केंद्रित, डर, स्कूल का डर, नींद में चलना, नींद में बात करना। मनोग्रस्ति बाध्यता विकार, स्वयं के बाल खींचना, चमड़ी को कुतरना आदि।

1100 बजरंगियों ने ली त्रिशूल दीक्षा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

केकड़ी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल केकड़ी के द्वारा 1100 बजरंगीयो को त्रिशूल दीक्षा दी गई। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में मैहारुकला आश्रम के संत हरिदास महाराज, जूनिया गणेश बड़ी आश्रम के संत श्री हनुमान दास महाराज एवम अथिति के रूप में विहिप के प्रांत सहमंत्री सुंदर लाल कटारिया, शशी प्रकाश इंदौरिया, प्रांत उपाध्यक्ष स्नेहलता पंवार मंचासिन थे। विहिप के नगर मंत्री रोहित राठी ने बताया केकड़ी के सापन्दा रोड स्थित पटेल आदर्श विद्या निकेतन विद्यालय के पास आर्य समाज के परिसर में 1100 बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को त्रिशूल दीक्षा दी गई। त्रिशूल दीक्षार्थीयो को विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री सुंदर लाल कटारिया ने त्रिशूल धारण करा शपथ दिलवाई और बताया की इस त्रिशूल को सम्मानता के साथ उच्च स्थान पर रखे। कार्यक्रम के पश्चात जिला उपाध्यक्ष हीराचंद खुटेटा ने सभी सहयोगियों, कार्यकर्ताओ, अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन काशीराम विजय ने किया ।

खुशी परियोजना को लेकर बैठक आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। महिला एवं बाल विकास विभाग, हिंदुस्तान जिंक एवं केयर इंडिया के सयुंक्त तत्वाधान में संचालित खुशी परियोजना की जिला स्तरीय प्रसार बैठक का आयोजन मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेशपु रोहित की अध्यक्षता में हुआ।बैठक में हिंदुस्तान जिंक एवं केयर इंडिया की टीम द्वारा खुशी परियोजना चित्तौड़गढ़ के अंतर्गत विगत 6 वर्षो में समेकित बाल विकास सेवाओं को आंगनवाड़ी स्तर पर सुदृढ़ करने हेतु किये गए कार्यो की उपलब्धि पर चर्चा की गयी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अन्य उपस्थित अतिथियों द्वारा खुशी परियोजना की उपलब्धियों से सम्बंधित कॉफ़ी टेबल बुक का विमोचन किया गया।

खुशी परियोजना के वर्तमान चरण के पूर्ण होने की जानकारी के साथ-साथ परियोजना के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण पर किये गये सर्वे के अनुसार आने वाले समय में परियोजना की रणनीति व कार्ययोजना से मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अन्य उपस्थित सदस्यों को अवगत करवाया गया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने खुशी परियोजना द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ मिलकर बच्चों के समग्र विकास हेतु किये गये कार्यो पर संतोष प्रकट किया एवं उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया की व्यक्तिगत लाभ को नजरअंदाज कर समाजहित में किये जाने वाले कार्य सदैव खुशी देते हैं। बैठक के दौरान उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग रूचि भूकल, एडीपीसी समसा प्रमोद कुमार दशोरा, जिला समन्वयक पोषण अभियान समता भटनागर, यूनियन लीडर व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निर्मला कुमावत, महिला पर्यवेक्षक चयनित आंगनवाडी कार्यकर्ता जिंक सीएसआर टीम एवं केयर खुशी टीम उपस्थित रहे।

सीएम अशोक गहलोत 6 को आएंगे बाड़मेर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

बाड़मेर। कांग्रेस जय भारत सत्याग्रह प्रोग्राम संभागवार करने के बाद अब जिलेवार करने जा रही है। 6 अप्रैल को इसका आगाज बाड़मेर से करना प्रस्तावित है। इस दिन आदर्श स्टेडियम में जनसभा होगी। विधायक मेवाराम जैन के मुताबिक 6 अप्रैल को 11 बजे सीएम अशोक गहलोत बाड़मेर आएंगे और जिलेवार जय भारत सत्याग्रह का आगाज बाड़मेर से करेंगे। इनके साथ प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा साथ में रहेंगे।

दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता खत्म करने के बाद कांग्रेस देश भर में प्रदर्शन कर रही है। वहीं, राजस्थान में इसी साल विधानसभा चुनाव है।

पिंकसिटी प्रेस क्लब : पूर्व अध्यक्षों की उपस्थिति में हुआ शपथ ग्रहण

जयपुर @ जागरूक जनता। पिंक सिटी प्रेस क्लब में नया इतिहास बनता दिखाई दिया। नई कार्यकारिणी के गठित होने के बाद शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में पत्रकार उमड़े, वही कार्यक्रम की खास बात यह रही कार्यक्रम में सभी पूर्व अध्यक्ष सम्मिलित हुए। पिंक सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष राधा रमन शर्मा ने एक बड़ी शुरुआत की और सभी पूर्व अध्यक्षों को बुलाया। इसमें पूर्व अध्यक्ष एल एल शर्मा, सत्य पारीक, वीरेंद्र सिंह राठौड़, अभय जोशी, मुकेश मीणा के अलावा किशोर शर्मा भी सम्मिलित हुए। वही राधा रमन शर्मा ने वर्तमान पूर्व अध्यक्ष मुकेश मीणा को गले लगाया और कहा प्रेस क्लब सभी को मिलजुल कर चलाना है। इस दौरान अनेक पत्रकार उपस्थित थे। इस दौरान राधा रमन शर्मा ने सबका साथ सबका विकास की बात कही और कहा वह सब पत्रकारों के है और सब पत्रकार उनके हैं।

पारितोषिक वितरण व बीएमसी का उद्घाटन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। बेंगू विधानसभा क्षेत्र के नया सांवता गांव में चित्तौड़ प्रतापगढ डेयरी अध्यक्ष बद्रीलाल जाट जगपुरा के मुख्य आतिथ्य में पशुपालकों को पारितोषिक वितरण व बीएमसी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में 200 दुग्ध दाता सदस्यों को अतिथि द्वारा स्टील की केटली पारितोषिक के रूप में वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डेयरी अध्यक्ष बद्रीलाल जाट जगपुरा ने पशुपालन के लिए उन्नत नस्ल के पशु पालने एवं डेयरी व्यवसाय में नवाचार लाने, दुग्ध व्यवसाय को वृहद स्तर पर कर नौजवान युवकों को रोजगार से जुड़ने की बात कही। ग्रामीणों द्वारा नया सांवता गांव के विद्यालय में बच्चो के लिये पेयजल की समस्या से अवगत कराने पर डेयरी अध्यक्ष ने विद्यालय में वाटर कूलर की घोषणा की। इस मौके पर ग्रामीणों द्वारा डेयरी अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम में डेयरी डायरेक्टर भरत आंजना, प्रभु आंजना, नारायण हथियाना, जमनालाल बड़ौदिया, शंकरलाल कूंथना, पीएंडआई प्रभारी जगदीश शर्मा, शिव सिंह हाड़ा, सुरेश दशोरा, गोपीलाल रायका, प्रभु रायका, छितर सेन, अम्बालाल रायका, ओंकार जाट, बीएमसी सचिव भैरूलाल रायका सहित ग्रामीण, पशुपालक किसान मौजूद थे। कार्यक्रम संचालन देवकरण सिंह चौधरी ने किया।

सरकार ने नियमों में बदलाव को दी मंजूरी, अब 15 साल पुरानी जीपों का हो सकेगा संचालन

जयसमंद सेंचुरी में लेपर्ड सफारी अगले माह से

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

उदयपुर। जिले की जयसमंद सेंचुरी में लेपर्ड सफारी की राह खुल गई है। प्रदेश सरकार ने सेंचुरी में 15 साल पुराने वाहन चलाने की अनुमति दे दी है। वन विभाग ने आवेदन की प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी है, जिसे एक माह में पूरा कर लिया जाएगा। ऐसे में मई में सफारी शुरू होने की पूरी संभावना है।

सेंचुरी में सुबह और शाम के समय फेर में 16-16 जीप से सफारी होगी। इसके लिए 2500 रुपए जीप का किराया निर्धारित किया गया है। इसमें 6 पर्यटक एकसाथ सफारी कर सकेंगे। पर्यटकों को एंट्री टिकट और गाइड फीस अलग से देनी होगी।सीसीएफ आरके खैरवा ने बताया कि इससे पहले सेंचुरी में 8 साल पुरानी जीप चलाने की अनुमति दी थी। लेकिन जीप नहीं मिलने से सफारी शुरू नहीं हो सकी। इसके बाद जयपुर मुख्यालय को पत्र लिखकर 15 साल पुराने वाहन चलाने की अनुमति मांगी थी।

सेंचुरी में 20 तेंदुए, 75 चीतल सैकड़ों वन्यजीवों

दो ट्रैक तैयार....लेपर्ड सफारी के लिए ढीमड़ा फाटक से नांदवी, पिलादर तालाब होते हुए पलोदड़ा तक करीब 14 किमी तक नया ट्रैक तैयार किया गया है। इसके साथ 20 किमी का ट्रैक पहले से है। यहां पर्यटक खुली जीप में तेंदुए-चिंकारा सहित कई वन्यजीवों को निहार सकेंगे। वन्यजीव गणना के अनुसार जयसमंद सेंचुरी में 18 से 20 तेंदुए हैं। इसके अलावा चीतल 70-75, सांभर 18-20, चिंकारा 10-15, भालू-1, लंगूर 500-550, मोर 550-600, नीलगाय 250-300, खरगोश 350-400, लोमड़ी 100-150, जंगली सुअर 250-300, जरख 8-10 और सैही की संख्या 15-20 है। वहीं रेंगने वाले जीव-जंतुओं में अजगर 25-30, चित्ती 10-15 एवं कोबरा 200-300 है। इसके अलावा दोमुही, उड़न सांप, साव स्कैन वाइपर एवं इंडियन रेट स्कैन सहित कई रेंगने वाले जीव मौजूद हैं। अभयारण्य में चिड़िया, तोता, मैना, कोयल, तीतर, बटेर, बाज, पीहो, कौआ और पर्पल सनबर्ड सहित कई पक्षी पाए जाते हैं।

नई टिकट दर

श्रेणी	नई	पुरानी
भारतीय	130	100
विदेशी	500	455
विद्यार्थी	50	45
कार-जीप	450	305
दुपहिया	60	55

वन्यजीवों के दर्शन महंगे...सेंचुरियों के टिकट में 5 से 45 रुपए तक बढ़ोतरी

जिले की सज्जनगढ़, फुलवारी की नाल और जयसमंद वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में वन्यजीवों की अटखेलियां देखना अब महंगा हो गया है। देसी पर्यटकों को 100 की जगह 130, विद्यार्थियों को 45 की जगह 50 और विदेशी पर्यटकों को 455 के बजाय 500 रुपए प्रति व्यक्ति लगेंगे। इसके अलावा कार-जीप और दुपहिया वाहनों की दरों में भी बढ़ोतरी की गई है। अब कार-जीप के 305 की जगह 450 और दुपहिया में 55 की जगह 60 रुपए लगेंगे। इस टिकट में इको सरचार्ज भी जोड़ा गया है।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23

जागरूक खबरें

35 हजार करोड़ का मालिक नहीं, रिजर्व बैंक में जमा

10 करोड़ खाते निष्क्रिय

नई दिल्ली @ जागरूक जनता। देश के राष्ट्रीयकृत बैंकों में 10 करोड़ से ज्यादा खातों में पिछले 10 साल में लेन देन नहीं हुआ। इनमें जमा 35,012 करोड़ रुपए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) को भेज दिए हैं। इनमें से सर्वाधिक 8,086 करोड़ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के दो करोड़ 17 लाख खातों में जमा थे। ये जानकारी वित्त राज्यमंत्री भागवत कराड़ ने लोकसभा में दी। वे सांसद कनकमल कटारा की ओर से पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि फरवरी तक 10 वर्ष या अधिक अवधि से देश के 12 राष्ट्रीयकृत बैंकों में 10 करोड़ 24 लाख 599 खातों में लेनदेन नहीं हुआ था।

किताब से मुगलों का चैप्टर हटाया

नई दिल्ली @ जागरूक जनता। एनसीईआरटी ने 12वीं कक्षा सिलेबस में बदलाव किए हैं। थीम्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री-पार्ट 2 से मुगल शासकों व इतिहास से संबंधित अध्यायों को हटाया गया है। हिंदी की किताब से कविताएं व पैराग्राफ भी हटाए हैं।

गहलोत और वसुंधरा राजे कोरोना पॉजिटिव

जयपुर @ जागरूक जनता। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत कोरोना पॉजिटिव हो चुके हैं। उन्होंने ट्वीट कर इस संबंध में जानकारी दी है। वहीं पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भी कोविड की चपेट में आ गई है। राजे ने ट्वीट कर लिखा है कि कोविड की जांच में मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। चिकित्सकों की सलाह पर मैं पूर्ण रूप से आइसोलेशन में हूं। जो लोग मेरे संपर्क में रहे । वे अपनी जांच करवाए और सावधान रहें।

शेखावत मामले को सुनने से कोर्ट का इनकार

जोधपुर @ जागरूक जनता। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत की याचिका पर हाईकोर्ट जस्टिस प्रवीर भटनागर की कोर्ट ने मामले को सुनने से इनकार कर दिया है। एसओजी में दायर एफआईआर के खिलाफ याचिका पेश की थी। शेखावत की विविध आपराधिक याचिका पर मंगलवार को भी सुनवाई नहीं हो पाई।

राज्य ऊँट संरक्षण के क्षेत्र में बना सिरमौर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

- » उष्ट्र संरक्षण योजना अंतर्गत 17000 से अधिक आवेदन हुए प्राप्त
- » ऊंटपालकों को टोडियों के जन्म पर 5000 -5000 रूपए की दी जा रही प्रोत्साहन राशि
- » पशुपालन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर कर रहे टोडियों का भौतिक सत्यापन
- » ऊंट प्रजनन को बढ़ावा देने के लिए 0-2 माह की टोडियों के जन्म के अवसर पर दी जा रही प्रोत्साहन राशि
- » राज्य में ऊंटों की संख्या में होगी वृद्धि, राज्य पशु ऊँट का होगा संरक्षण

पीएम मोदी से मिले भूटान के किंग

दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत करने पर हुई चर्चा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। भूटान के तीसरे राजा जिग्मे वांगचुक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों लीडर्स के बीच आर्थिक सहयोग सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा हुई। इससे पहले वांगचुक हृस्र अजीत डोभाल से भी मिले थे। उन्होंने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी थी। भूटान नरेश ने शाम करीब 5 बजे राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। वांगचुक का दौरा उस समय हो रहा है जब पिछले हफ्ते ही भूटान के पीएम ने डोकलाम को तीन देशों का विवाद बताया था। इससे पहले सोमवार को तीन दिन के दौरे पर भारत पहुंचे भूटानी राजा जिग्मे वांगचुक ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी। जयशंकर ने कहा था कि वांगचुक का दौरा दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करेगा।

नासा ने अगले वर्ष चांद पर जाने वाले क्रू की घोषणा की

पहली बार महिला और अश्वेत एस्ट्रोनॉट्स का चयन

कैलिफोर्निया @ जागरूक जनता। नासा 50 साल बाद चांद पर एस्ट्रोनॉट्स भेजने वाला है। आर्टेमिस-2 मिशन के तहत अगले साल चार एस्ट्रोनॉट्स चांद के चारों तरफ चक्कर लगाकर वापस धरती पर आएंगे। इस करू में पहली बार एक महिला और एक अफ्रीकन-अमेरिकन (अश्वेत) एस्ट्रोनॉट भी शामिल होगा। अपोलो मिशन के 50 साल से ज्यादा समय के बाद कोई इंसान चंद्रमा तक जाएगा। 10 दिन के इस मून मिशन के लिए क्रिस्टीना हैमॉक कोच को विशेषज्ञ के तौर पर चुना गया है। इससे पहले क्रिस्टीना सबसे ज्यादा समय तक अंतरिक्ष में रहने का रिकॉर्ड बना चुकी हैं। उनके अलावा अमेरिकी नेवी के विक्टर ग्लोवर को भी बतौर पायलट चुना गया है। वो पहले ब्लैक एस्ट्रोनॉट होंगे जो मून मिशन पर स्पेस जाएंगे।

2025 में चांद पर उतरेंगे एस्ट्रोनॉट्स

मिशन के लिए चुने गए 4 में से 3 एस्ट्रोनॉट्स अमेरिका के हैं जबकि एक कनाडाई है। इन नामों की घोषणा ह्यूस्टन स्थित जॉनसन स्पेस सेंटर से की गई। मून मिशन के दौरान एस्ट्रोनॉट्स चांद पर कदम नहीं रखेंगे। ये एक फ्लाईबाई मिशन है जिसके तहत एस्ट्रोनॉट्स सिर्फ चांद के चक्कर लगाकर वापस आ जाएंगे।

चीन ने 5 साल में तीसरी बार ऐसी हरकत

अरुणाचल की 11 जगहों के नाम बदले

भारत ने कहा- नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलती

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। चीन ने अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए हैं। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे।भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीन की इस हरकत पर पलटवार किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा है- हमारे सामने चीन की इस तरह की हरकतों की रिपोर्ट्स पहले भी आई हैं। हम इन नए नामों को सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का आतंरिक हिस्सा था, हिस्सा है और रहेगा। इस तरह से नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलेगी। अरुणाचल की राजधानी ईटानगर के नजदीकी इलाके का नाम भी बदला दरअसल, चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी। वो अरुणाचल को 'दक्षिणी तिब्बत' का हिस्सा बताता है। उसका आरोप है कि भारत ने उसके तिब्बती इलाके पर कब्जा करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया है।

चीन के सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' के मुताबिक- सोमवार को चीन की सिविल अफेयर मिनिस्ट्री ने 11 नाम बदले जाने को मंजूरी दे दी। यह सभी इलाके जेंगनेन (चीन के दक्षिण राज्य शिजियांग का हिस्सा) में आते हैं। इनमें से 4 रिहायशी इलाके हैं। इनमें से एक इलाका अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर से बेहद करीब है। 5 पहाड़ी क्षेत्र और दो नदियां हैं। चीन ने इन इलाकों के नाम मन्दारिन और तिब्बती भाषा में रखे हैं।

चीन की इस हरकत के लिए पीएम मोदी जिम्मेदार-कांग्रेस

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने चीन के अरुणाचल की जगहों का नाम बदलने का जिम्मेदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ठहराया है। कांग्रेस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि पीएम मोदी ने जून 2020 में चीन को क्लीन चिट दे दी थी। अब हमें उसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। चीन की सेना देसपांग के मैदान में भारत के पैट्रोलिंग के अधिकारों को खारिज कर रही है। जबकि पहले इस इलाके में बिना रोक टोक भारत की पहुंच थी।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

- »मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
- »सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
- »असाध्य घाव/शुगर के घाव
- »कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
- »अचानक बहरापन (Hearing Loss)
- »डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी,
सैक्टर-3, मंदिर मोड,
विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com

अब अप्रैल से बिजली महंगी, डिस्कॉम ने बढ़ाया चार्ज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। बिजली के बड़े घरेलू उपभोक्ताओं की अब ज्यादा जेब कटेगी। इसका कारण है कि 50 केवीए से अधिक क्षमता वाले उपभोक्ताओं के बिल में फिक्स चार्ज में बढ़ोतरी कर दी गई है जबकि एनर्जी चार्ज 80 पैसे प्रति यूनिट कम किया है। राज्य विद्युत विनियामक आयोग के नए टैरिफ आदेश में एनर्जी व फिक्स चार्ज में बदलाव किया गया है। अभी अधिकतम फिक्स चार्ज 400 रुपए प्रति माह था, जिसकी गणना अब 250 रुपए प्रति केवीए से होगी। उपभोक्ता का कनेक्शन पचास केवीए है तो उसे फिक्स चार्ज 12500 रुपए देने होंगे। यानी, हर माह 12100 अधिक चुकाने होंगे। एनर्जी चार्ज का स्लेब खत्म कर दिया गया है। अब ऐसे हर उपभोक्ता के एनर्जी चार्ज कीगणना 7.15 रुपए प्रति यूनिट दर से ही होगी।

...इसलिए बढ़ाया फिक्स चार्ज

डिस्कॉम अधिकारियों का तर्क है कि इन उपभोक्ताओं के लिए अलग से ट्रांसफार्मर लगाना होता है। इस पर जो खर्चा होता है वह टैरिफ में सामान्य विद्युत उपभोक्ताओं पर भी पड़ता है। इसीलिए ऐसे उपभोक्ताओं का फिक्स चार्ज बढ़ाया गया है, जिससे वे खुद इस खर्च को वहन करें और सामान्य उपभोक्ताओं पर इसका असर नहीं हो।

जनता से होगी भरपाई

आयोग के टैरिफ आदेश के तहत जयपुर, अजमेर व जोधपुर विद्युत वितरण कंपनियों ने वर्ष 2023-24 में 106543 मिलियन यूनिट बिजली खरीदने का आकलन किया है। इसमें से 15292 मिलियन यूनिट बिजली लॉस में चली जाएगी। इस लॉस की भरपाई उपभोक्ताओं से की जाएगी।

सजा आम जनता को

सबसे ज्यादा बिजली की छीजत जयपुर डिस्कॉम में होने की आशंका जताई गई है। हालांकि, आयोग ने ट्रांसमिशन लॉस को 15 प्रतिशत से कम करने की आवश्यकता जताई है, जिससे जनता पर इसका कम से कम भार पड़े।

स्लेबवार गणना के अनुसार

- » एनर्जी चार्ज : 23,085 रुपए
- » फिक्स चार्ज : 400 रुपए
- » अरबन सेस (15 पैसे प्रति यूनिट) : 442.50 रुपए
- » इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी (40 पैसे प्रति यूनिट) : 1,180 रुपए
- » जल संरक्षण उपकर (10 पैसे प्रति यूनिट) : 295 रुपए
- » राशि अंतर : 7607.50 रुपए ज्यादा देने होंगे

पोर्टल शुरू ही नहीं : उज्ज्वला-बीपीएल श्रेणी को करना होगा इंतजार

500 का सिलेंडर...रजिस्ट्रेशन के लिए उपभोक्ता लगा रहे चक्कर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राज्य में बीपीएल और उज्ज्वला श्रेणी के 73 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को 500 रुपए के सिलेण्डर के लिए अभी कुछ दिन और इंतजार करना पड़ेगा। सीएम अशोक गहलोत ने 10 फरवरी को राज्य बजट में इसकी घोषणा की थी, लेकिन 50 दिन बाद भी जिम्मेदार इस पर अमल नहीं कर सके जिससे 1 अप्रेल को योजना सुचारू रूप से शुरू हो सके।

विभाग के एसीएस अभय कुमार ने 2 अप्रेल को एक आदेश जारी किया। जिसमें चयनित श्रेणी के उपभोक्ताओं को योजना में सिलेण्डर लेने के लिए पहले पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके चलते प्रदेशभर के चयनित उपभोक्ता रजिस्ट्रेशन के लिए चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें रसद विभाग और गैस एजेंसी संचालकों से एक ही जवाब मिल रहा है कि अभी पोर्टल शुरू नहीं हुआ है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि जल्द ही रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल शुरू किया जाएगा। इसके लिए विभाग के अफसरों की टीम काम कर रही है। पोर्टल शुरू करने की बात कही।

पितृ दोष दूर करिए
पितृ मोक्ष की राह हुई आसान

16 दिन नियमित कराएं
श्री गया जी में पितृ श्राद्ध

श्री गया जी में पूरे पितृ पक्ष के दौरान रहने, खाने एवं रुकने की व्यवस्था, पंडितों की दक्षिणा, 16 दिनों तक हवन, पिंडदान एवं ब्राह्मण भोजन की व्यवस्थाओं के चलते लाखों रुपए का खर्चा होता है। जिसे आम आदमी वहन नहीं कर पाता। इसलिए ऐसे लोगों के लिए **नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट** ने कम खर्चे में पितृ श्राद्ध जैसा पुण्य कार्य करवाने का बीड़ा उठाया है। प्रत्येक यजमान के साथ पिंडदान कार्य करवाने के लिए अलग से ब्राह्मण की व्यवस्था सहित इसके लिए श्राद्ध कर्म में होने वाले सम्पूर्ण व्यय का आधा खर्चा संस्था वहन करेगी। जिसमें आने-जाने का किराया भी शामिल है। ये व्यवस्था लाखों में नहीं अपितु हजारों में ही हो जाएगी।

पहले आओ, पहले पाओ संख्या सीमित है

आप सोचेंगे कि अभी तो श्राद्ध पक्ष में बहुत समय बाकी है, लेकिन ऐसा नहीं है। श्री गयाजी में अभी से तैयारियां होने लग गई हैं। इसलिए ऐनमौके पर व्यवस्था करने में कठिनाई होती है। अत: श्राद्ध कराने के इच्छुक निम्न नंबरों पर अभी से सम्पर्क कर सकते हैं :-

मो. नं. 8561088777, 8696812718 9829118962

-: सौजन्य से :-
नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट

जागरूक खबरें

अस्थि विसर्जन रथ हरिद्वार के लिए 13 को होगा रवाना

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। जिले में विगत एक वर्ष के दौरान शिवसेना की ओर से लावारिस एवं असहाय लोगों की आकस्मिक मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार कर उनकी एकत्रित की गई अस्थियों को हरिद्वार में पवित्र गंगा में विसर्जित करने के लिए मोक्षगति वाहन आगामी 13 अप्रेल को चित्तौड़गढ़ से हरिद्वार के लिए रवाना होगा। शिवसेना जिला प्रमुख गोपाल वेद ने बताया कि करीब 200 अस्थी कलश जिले भर से एकत्रित कर जिला मुख्यालय स्थित सिटी मोक्षधाम में विधिवत पूजा अर्चना के बाद मोक्षगति वाहन में रखकर गाजे बाजे के साथ वाहन कलेक्ट्री चौराहा पर पहुँचेगा जहाँ आमंत्रित अतिथियों द्वारा मोक्षगति वाहन को हरिद्वार के लिए रवाना किया जायेगा। हरिद्वार पहुँचने के पश्चात् सभी अस्थियों को गंगा के घाट पर विधिवत पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चार कर दिवंगतों को शांति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की जायेगी। वेद ने बताया कि उनके द्वारा पूरे जिले से अस्थियों को एकत्रित करने तथा इस पुण्य कार्य में आर्थिक सहयोग के लिए जिले के सभी थानों एवं भामाशाहों से जन सम्पर्क किया गया। हरिद्वार में अस्थियों के विसर्जन के दौरान गरीब लोगों को निःशुल्क भोजन भी कराया जायेगा।

17000 से अधिक ऊंट पालकों ने उष्ट्र संरक्षण योजना के तहत किया आवेदन

राज्य ऊँट संरक्षण के क्षेत्र में बना सिरमौर

0-2 माह के टोडियों के जन्म पर दी जा रही प्रोत्साहन राशि

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राज्य पशु ऊँट के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संवेदनशील राज्य सरकार के द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में "उष्ट संरक्षण योजना" संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत ऊंट पालकों को सीधे ही उनके खाते में पांच-पांच हजार रुपए की राशि हस्तांतरित की रही है।योजना का उद्देश्य न केवल रेगिस्तान का जहाज ऊँट का संरक्षण करना है बल्कि ऊंट प्रजनन को प्रोत्साहित करना भी है।

उल्लेखनीय है कि योजना के अंतर्गत अब तक 17000 से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके है. साथ ही योजना अंतर्गत चयनित ऊंट पालकों के खाते में सीधे ही राशि हस्तांतरित की जा रही है। वहीं लाभार्थियों के भौतिक सत्यापन के लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर ऊँटनी एवं टोडियों के लगाए गए टैग एवं नंबरों की जांच कर ही योजना का लाभ देकर पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। आज प्रदेश ऊँट संरक्षण के क्षेत्र में सिरमौर बनकर सामने आ रहा है. योजना के लागू होने से ऊंट पालकों का आर्थिक संवर्धन होने के साथ राज्य पशु ऊँट के संरक्षण की दिशा में भी नए रास्ते खुलने लगे है।

प्रोत्साहन राशि से बेहतर ऊंट पालन हुआ संभव

जोधपुर ज़िले के खाटावास निवासी ऊंटपालक एवं योजना अंतर्गत लाभार्थी जागाराम मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का धन्यवाद करते हुए कहते है कि खाते में 5000 रूपए की प्रथम किश्त आने से आर्थिक सम्बल मिला है. अब ऊंटों की देखभाल करना आसान होगा, तथा टोडियों के जन्म पर आर्थिक भार नहीं बढ़ेगा और खुशियां घर में आएँगी। उन्होंने बताया कि उनका परिवार पिछले लम्बे समय से ऊँट पालन का कार्य करता आ रहा है. पिछले वर्षों में ऊंटों की घटती संख्या को देखकर वे काफी चिंतित थे. उनकी व्यथा और राज्य पशु ऊँट के संरक्षण की महत्ता को समझते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राज्य उष्ट्र संरक्षण योजना जब लागू की गयी तो ऊँटो के बेहतर पालन पोषण की एक उम्मीद जागृत हुई. वो कहते है कि जब खाते में 5000 रुपए की प्रथम किस्त जमा हुई तो उनके घर में सबके चेहरों पर मुस्कान थी।

राजस्थान की शान ऊँट का होगा संरक्षण एवं संवर्धन : जोधपुर जिला निवासी योजना अंतर्गत लाभार्थी ऊंट पालक श्री कर्माराम कहते है कि राजस्थान उन्नत पशुधन संपदा से संपन्न प्रदेश है. यदि बात ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तो पशुपालन अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी होने के साथ रोजगार के साधन विकसित करने वाला प्रमुख माध्यम है.ऐसे में राज्य पशु ऊँट का पर्यटन के क्षेत्र से लेकर परिवहन के क्षेत्र में अहम भूमिका है, परन्तु जब राज्य पशु ऊँट की संख्या में गिरावट आयी तो वह चिंताजनक था।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का हुआ आयोजन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

केकड़ी। श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बोहरा कॉलोनी में राजुल महिला मंडल के तत्वाधान में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष पर जिन धर्म प्रभाविका रानी चेलना के नाटक का मंचन किया गया व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी अध्यक्ष अमरचंद चोरुका, मंत्री भागचंद जैन, शांतिलाल चोरुका, रतनलाल नासिरदा, महावीर जैन बघेरा, कैलाश जैन बघेरा, कैलाश सोनी, महावीर गदिया, चांदमल पारा, महावीर प्रसाद जैन रामथला, के सी जैन, कैलाश चंद्र जैन ने फीता काटकर मंच का उद्घाटन किया।

पुण्यार्जक परिवार विमल कुमार, भागचंद, चेतन प्रकाश जैन बिसुन्दनी वाले व ओमप्रकाश, गोविंद कुमार राज कुमार जैन सदारा वालों ने भगवान महावीर व भगवान नेमिनाथ का चित्र अनावरण किया। इंदिरा देवी, विपिन कुमार मोनू कुमार पारा वालों ने भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। तीर्थंकर बालक महावीर को प्रथम पालना झूलाने का पुण्यार्जन भागचंद, ज्ञानचंद, जैन कुमार, विनय, वर्धमान, विशाल, वंश भगत सावर वालों ने प्राप्त किया। शांतिनाथ बहु मंडल की सदस्याओं ने मंगलाचरण कर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। जैन पाठशाला के बच्चों ने सुंदर नृत्य नाटिका व कॉमेडी प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

विनोद जैन हिंगोनिया ने समधुर भजनों से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रकला जैन व विद्या जैन ने किया। मोनिका कालेडा, अलका सदारा, प्रमिला गुलगांव, मेनका जैन ज्वेलर्स, अलका खुवाड़ा, शकुंतला राटा, सीमा धुंधरी व नेमिनाथ अखंड ज्योत समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम में इन्दुमित्तल, चंद्रप्रभा जैन, नीता गदिया, सुनीता पाटनी, मंजू बज, डिम्पल बज, सीमा शाह, मैना भाल, मेम जैन उपस्थित रही।

तकनीकी और यात्री सुविधाओं से जुड़े काम अब भी अधूरे, इसलिए मई से पूर्व शुरू नहीं होगा खातीपुरा टर्मिनल स्टेशन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जयपुर के पहले टर्मिनल स्टेशन पर ट्रेनों को ठिकाना मई से ही मिल सकेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि अभी यहां पर कुछ तकनीकी और यात्री सुविधाओं से जुड़े काम होना बाकी हैं। ऐसे में इन्हें पूरा होने में अभी करीब एक माह यानी मई तक का समय लगेगा।

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्लेटफॉर्म नंबर 1/2 पर कई यात्री सुविधाएं विकसित नहीं की गई हैं। वहीं, प्लेटफॉर्म नंबर 7/8 पर इलेक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा नहीं हुआ है। यानी अभी इन लाइनों पर तकनीकी कारणों के चलते करंट सप्लाई शुरू नहीं हुई है। ऐसे में इन लाइनों पर ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं किया जा सकता है। हालांकि, जीएम विजय शर्मा ने सीएओ (सी) वेद प्रकाश को इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा है। जिसके बाद वेद प्रकाश ने संबंधित डिप्टी सीई शीला पंवार को अप्रैल माह में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। बता दें, पहले स्टेशन पैनल इंटरलॉकिंग वाला 4 लाइन स्टेशन था, जो अब नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग वाला 8 लाइन स्टेशन बन गया है।

ट्रेनों के रखरखाव के लिए बनाई जाने वाली पिट लाइन भी अभी तक बन नहीं सकी

ट्रेन ऑपरेशन एक्सपर्ट डीपी मिश्रा ने बताया कि खातीपुरा स्टेशन में अभी पिट लाइन विकसित नहीं हो सकी हैं। ऐसे में जयपुर से प्लेटफॉर्म रिटर्न ट्रेनों को ही फिलहाल खातीपुरा लाया जाएगा। ऑपरेशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभी यहां से जयपुर-अजमेर-जयपुर डेमू, जयपुर-फुलेरा-जयपुर पैसेंजर, ढेहर का बालाजी-तिरुपति-ढेहर का बालाजी, जयपुर-नागपुर/सिकंदराबाद ट्रेनों को चलाया जा सकता है।

इसमें सबसे पहले जयपुर-अजमेर-जयपुर डेमू को लाया जाएगा। इसका प्रस्ताव भी जयपुर के डीआरएम नरेंद्र को भेजा जा चुका है। क्योंकि इस ट्रेन का मेंटेनेंस अजमेर द्वारा किया जाता है। इसके बाद अन्य ट्रेनों को चरणबद्ध तरीके से लाया जाएगा। क्योंकि ये ट्रेनें वीकली हैं और इनका मेंटेनेंस भी जयपुर में नहीं है। इस साल खातीपुरा को सेकंड फेज में विकसित करने के लिए ?204 करोड़ आवंटित किए गए हैं।

जिससे यहां जयपुर स्टेशन पर दबाव कम करने के लिए ट्रेनों के रखरखाव के लिए पिट लाइन विकसित की जाएंगी। इसके अलावा शेड्स भी विकसित किए जाएंगे। जिनमें इलेक्ट्रिक इंजन और वंदे भारत ट्रेन सेट का मेंटेनेंस किया जाएगा। वॉशिंग लाइन भी बनाई जाएगी। जिससे जयपुर ओरिजनेटिंग/टर्मिनेटिंग ट्रेनों की धुलाई जयपुर स्टेशन की बजाय यहीं हो सकेगी।

जयपुर के पीयूष ललवानी फिल्म 'गणपत' के कलाकारों में शामिल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। पीयूष लालवानी भारतीय मनोरंजन उद्योग के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों में से एक हैं। जिन्होंने अपने बेहतरीन अभिनय द्वारा दर्शकों को खूब मनोरंजन किया है। पीयूष लालवानी को अभिषेक बच्चन स्टारर Bob Biswas में अपने किरदार के लिए विशेष लोकप्रियता हासिल हुई और अब पीयूष लालवानी को एक नई फिल्म हासिल हुई है। मनोरंजन न्यूज़ को जानकारी प्राप्त हुई है कि पियूष लालवानी आगामी फिल्म गणपत के कलाकारों की सूची में शामिल हुए हैं। इस फिल्म का निर्देशन विकास बहल ने किया है और फिल्में में टाइगर श्रॉफ कृति सेनन और अमिताभ बच्चन महत्वपूर्ण किरदार में नजर आयेंगे। गणपत फ़िल्म 20 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म हिंदी, तेलुगू, तमिल, मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी।

महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

चित्तौड़गढ़। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत विगत एक सप्ताह से अधिक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की कड़ी में सोमवार को खातर महल गांधी चौक से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो सदर बाजार गोलप्याऊ चौराहा, सुभाष चौक राणा सांगा बाजार चंद्रलोक सिनेमा से होते हुए श्री विद्यासागर जैन मांगलिक धाम पहुंची जहां मुख्य समारोह आयोजित हुआ। शोभायात्रा में सबसे आगे गजराज पर जैन समाज के नौनिहाल जैन धर्म की ध्वजा लहरा रहे थे, उनके पीछे अश्वों की कतार जिन पर बच्चे और युवा सवार होकर जैन धर्म ध्वजा हाथों में लिए हुए भगवान महावीर के संदेश जीओ और जीने दो को गुंजायमान कर रहे थे। इनके पीछे शोभायात्रा में अहिंसानगर विद्यालय के विद्यार्थी बैनर लगाकर पंक्तिबद्ध होकर भगवान महावीर स्वामी की स्तुति करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा से पूर्व श्री महावीर जैन नवयुवक मंडल द्वारा सामूहिक नवकारसी का कार्यक्रम खातर महल में रखा गया तत्पश्चात गांधी चौक से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा के प्रारंभ से ही बड़ी संख्या में पुरुष श्वेत वस्त्रों में चल रहे थे वहीं महिलाएं केसरिया रंग की चुनड़ ओढ़े शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। शोभायात्रा में जैन समाज की स्त्रियों और पुरुषों ने त्रिशला नंदन वीर की, जय बोलो महावीर की, वंदे वीरम जय महावीरम, महावीर स्वामी की जय के जयकारों से वातावरण को धर्ममय बना दिया। शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी का विशाल चित्र बग्गी पर शोभायमान था। मूर्तिपूजक संघ के वरघोड़ा में और दिगंबर समाज द्वारा वेदी जी में भगवान बिराज कर शोभायात्रा में शामिल हुए। महिलाओं का समूह भगवान महावीर स्वामी के भजनों की स्तुति करता हुआ चल रहा था। शोभायात्रा का मार्ग में ओम प्रकाश लड्ढा के नेतृत्व में किराना व्यापार संघ, भरत जागेटिया अनिल इनाणी, जानकी लाल भंडारी के नेतृत्व में माहेश्वरी समाज, कन्हैया लाल खटीक के नेतृत्व में खटीक समाज,राव नरेंद्र सिंह विजयपुर के नेतृत्व में जौहर स्मृति संस्थान, राधेश्याम आमेरिया के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिक मंच, सुरेंद्र सिंह जाड़ावत के सानिध्य में जिला कांग्रेस कमेटी, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या सागर सोनी नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, लोकेश सेठिया परिवार, सम्यक प्रेरणा, जैन सोशल ग्रुप, महावीर युवा संगठन, श्री महावीर जैन नवयुवक मंडल, आदि ने स्वागत द्वार लगाकर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। विद्यासागर जैन मांगलिक धाम में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैन समाज सदैव नैतिक मूल्यों और सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहता है, चाहे वो रक्तदान का कार्यक्रम हो चाहे रन फॉर अहिंसा हो, चाहे सामाजिक एकता को प्रदर्शित करने वाला जैन मेला हो। उन्होंने कहा कि हम सभी भगवान महावीर के संदेशों को जीवन में अपना लें तो न केवल स्वयं का अपितु परिवार और देश का भी उद्धार हो सकेगा। जिला कलेक्टर पोसवाल ने श्री महावीर जैन मंडल के तत्वाधान में आयोजित महावीर जन्म कल्याणक महोसव कार्यक्रमों की सराहना करते हुए सभी को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण अध्यक्ष जाडावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैन समाज सदैव जनकल्याणकारी सेवा कार्यों में अग्रणी रहता है और महिलाएं और युवा भी सक्रिय रहकर कार्यक्रम आयोजित करते हैं। उन्होंने युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि युवाओं में सेवा कार्यों के प्रति जागरूकता उन्हें संस्कारित और सुयोग्य बनाएगी जिससे न केवल परिवार और समाज का अपितु देश का भी भला होगा। विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख डॉ सुरेश धाकड़ ने जैन समाज के सिद्धांतो को विश्व के श्रेष्ठ सिद्धांत बताते हुए कहा कि हम सभी को व्यवहारिक रूप से अपने जीवन में इन सिद्धांतो को अपनाना होगा तभी हमारी उनकी जयंती मानना सार्थक हो पाएगा। मंच पर संरक्षक मंडल के अशोक मेहता, चंद्रसिंह कोठारी, पारस जैन, अजीत ढीलीवाल, संपत डांगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण से किया गया। अतिथियों द्वारा भगवान महावीर स्वामी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। तप चक्रेश्वरी परम पूज्या साध्वी अरुणप्रभा म सा ने अपने प्रवचन में जैन धर्म को विज्ञान से जोड़ते हुए कहा कि धर्म सभी को एक दूसरे से जोड़ता है और विज्ञान उसकी प्रमाणिकता को सिद्ध करता है। धर्म और विज्ञान के समन्वय से ही जीवन आनंदमय और खुशहाल बनता है। हमें भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में लागू कर उनके संदेशों को व्यवहारिक रूप से अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में गुरु कीर्ति म सा ने भी प्रवचन दिया। कार्यक्रम में साध्वी गुरुनिधि म सा और अरुणकीर्ति म सा विराजित रहे। स्वागत उद्बोधन में मंडल अध्यक्ष डॉ आई एम सेठिया ने महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के कार्यक्रमों में जैन समाज के सभी बंधुओं के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्री महावीर जैन नवयुवक मंडल, श्री महावीर जैन महिला मंडल, श्री महावीर युवा संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए सहयोग और विश्वास बनाए रखने का अनुरोध किया। अतिथियों का स्वागत मेवाड़ी पाग धारण करवाकर, जैन उपरना पहनाकर किया गया और स्मृतिस्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा कनक जैन और सुधीर जैन ने किया। अजीत नाहर, रतनलाल बोहरा, विपिन नाहर, अनिल पटवारी आदि ने सहयोग किया। कार्यक्रम में मंडल महासचिव रणजीत सिंह नाहर ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के कार्यक्रमों का विस्तृत ब्यौरा देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। भगवान महावीर स्वामी के संदेश जीओ और जीने दो को आत्मसात करते हुए नगर के

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र

जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।

जो दिखेगा वही बिकेगा

आज ही बुक करें विज्ञापन

आपके व्यापार की तरक्की
जागरूक जनता के साथ

विज्ञापन क्लासीफाइड डिस्प्ले प्रॉपर्टी वैवाहिक

विज्ञापन बुक करें : 9928022718 9829329070

मुख्यमंत्री का संवेदनशील निर्णय

किसानों के लिए 736 करोड़ रुपए का ब्याज अनुदान स्वीकृत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। प्रदेश के किसानों को अब ब्याजमुक्त फसली ऋण मिल रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 736 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए ब्याज मुक्त फसली ऋण अनुदान योजना के तहत 560 करोड़ रुपए की अनुदान राशि तथा क्षतिपूर्ति ब्याज अनुदान योजना के तहत 176 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। श्री गहलोत के इस निर्णय से राज्य के किसान ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त कर रहे हैं। इससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है तथा जीवन स्तर बेहतर हो रहा है।

दीर्घकालीन कृषि सहकारी ऋण समय पर चुकाने पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान

दीर्घकालीन कृषि सहकारी ऋण समय पर चुकाने वाले किसानों को 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। श्री गहलोत ने अनुदान प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। उन्होंने खेत पर आवास बनाने वाले किसानों को भी आवास ऋण पर अनुदान देने की स्वीकृति दी है। इसमें, एक अप्रेल 2014 से वितरित दीर्घकालीन कृषि सहकारी ऋणों को निश्चित समय पर चुकाने वाले किसानों को राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2023-24 से अपने खेत पर आवास बनाने हेतु आवास ऋण लेने वाले किसानों को भी प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बजट 2023-24 में श्री गहलोत ने किसानों के लिए ब्याज मुक्त फसली ऋण वितरण योजना तथा ब्याज अनुदान के संबंध में घोषणा की थी।

हनुमान जन्मोत्सव का उल्लास शुरू, मंदिरों में विशेष सजावट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। चैत्र शुक्ल चतुर्दशीयुक्त पूर्णिमा पर 6 अप्रेल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन हनुमान मंदिरों में विशेष आराधना होगी। हनुमानजी का अभिषेक कर षोडशोपचार पूजन किया जाएगा। मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ होंगे। शहर के काले हनुमानजी महाराज मंदिर, खोले के हनुमानजी मंदिर, घाट के बालाजी मंदिर, पापड़ के हनुमान मंदिर, लीलाधारी हनुमान मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में हनुमानजी जन्मोत्सव का उल्लास नजर आएगा। इससे पहले खोले के हनुमानजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में तीन दिवसीय आयोजन आज से शुरू हो रहे है। मंदिरों में विशेष सजावट की गई है।

खोले के हनुमानजी मंदिर मंगलवार से तीन दिन तक श्रीराम के जयकारों व भजन की स्वर लहरों से गुंजायमान रहेगा, हनुमत जन्मोत्सव के प्रथम दिन आज पद्मश्री कलाकार भजन प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर लक्ष्मण डूंगरी रंग बिरंगी विद्युत सजावट से जगमगा उठी। श्रीनरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि हनुमत जन्मोत्सव 4 अप्रेल को प्रारंभ होकर 6 अप्रेल को हनुमत जयंती तक मनाया जाएगा। 4 अप्रेल को शाम 6 बजे पद्मश्री मुन्ना मास्टर अपने भजन प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा पद्मश्री उस्ताद अनवर खां मांगणियार

सूफी गायन प्रस्तुत करेंगे। समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि हनुमत जन्मोत्सव के दूसरे दिन 5 अप्रेल की शाम 6 बजे शास्त्रीय भजन गायिका बेवी आकांशा राव भजन प्रस्तुत करेंगी। पद्मश्री से सम्मानित गुलाबो सपेरा अपने नृत्यों की प्रस्तुतियां देंगी। 6 अप्रेल को हनुमान जयंती पर सुबह 7 बजे 108 औषधि द्रव्यों व विभिन्न तीर्थों के जल से मंत्रोच्चारण के साथ स्नान, प्रातः 9 बजे षोडशोपचार पूजन, अभिषेक, श्रृंगार और राजभोग, दोपहर 12 बजे विशेष उत्सव आरती, 2 से 5 बजे तक हवन, शाम 6 बजे गणेश मण्डल द्वारा भजन गायन किया जायेगा।

दो क्वींटल अंगूरों की झांकी

समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि हनुमत जन्मोत्सव समारोह के प्रथम दिन 4 अप्रेल को दो क्वींटल हरे व काले अंगूरों की झांकी सजाई जाएगी। दूसरे दिन 5 अप्रेल को मंदिर में आने वाले भक्तजनों को अंगूर प्रसादी वितरित की जाएगी।

हाथोज धाम में आज से आयोजन शुरू

श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में मंगलवार से तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव स्वामी बालमुकुंदाचार्य के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। श्री बालाजी कल्याण सेवा ट्रस्ट के प्रवक्ता ने बताया की मंगलवार को वाल्मीकि सुंदरकांड का आयोजन होगा, 5 अप्रेल को बालाजी महाराज का पंचामृत अभिषेक कर तुलसी दल बजरंग नामावली द्वारा अर्पित किया जाएगा। 6 अप्रेल पूर्णिमा पर हनुमान जन्मोत्सव पर 56 भोग एवं फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी।

सजेगा रामलला का दरबार

जयपुर में हनुमान जन्मोत्सव के तहत अयोध्या की तर्ज पर रामलला का दरबार सजाया जाएगा। देशभर के विख्यात हनुमान मंदिरों की झलकियां भी देखने लायक रहेगी। सालासर बालाजी भक्त मंडल जयपुर की ओर से बुधवार को हल्दियों का रास्ता स्थित मंगलेश्वर महादेव मंदिर में शाम 7.30 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। अध्यक्ष रामप्रसाद कारोड़िया ने बताया कि पर्व के तहत विभिन्न जगहों के कलाकारों की ओर से रामलला का हुबहू दरबार सजाया जाएगा। 100 किलो से अधिक फूलों से श्रृंगार के साथ ही ख्यातिनाम कलाकार भजनों के जरिए पवनपुत्र को रिझाएंगे।

आंजना के निर्देश पर NSUI अध्यक्ष धाकड़ ने कार्यकारिणी का विस्तार किया

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

निम्बाहेड़ा। राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की अनुशंशा पर निम्बाहेड़ा छोटीसादड़ी NSUI विधानसभा अध्यक्ष पर नवनियुक्त हुए कन्हैयालाल धाकड़ ने NSUI की कार्यकारिणी का विस्तार कों लेकर पैच एरिया स्थित कांग्रेस कार्यालय पर बैठक आयोजित की। सहकारिता मंत्री आंजना के निर्देश पर एवं बैठक में उपस्थित NSUI पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ की सर्वसम्मति से NSUI नवनियुक्त अध्यक्ष धाकड़ ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए NSUI ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर विक्रम अहीर (फाचर अहिरान), ब्लॉक संयोजक पद पर इन्द्रमल धाकड़ (बड़ोली माधोसिंह), ब्लॉक विद्यालय अध्यक्ष पद पर राकेश कुमावत (बाड़ी), महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष पद पर मोहित बैरवा(सांकरिया), NSUI नगर अध्यक्ष पद पर रोहित जाजू (निम्बाहेड़ा), नगर संयोजक आयुष शर्मा (निम्बाहेड़ा) इत्यादि पदों पर मनोनयन कर पद अनुरूप कार्य की जिम्मेदारी सौपी। सहकारिता मंत्री आंजना ने सभी नवनियुक्त NSUI कार्यकारिणी कों बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए संगठन कों मजबूत करने एवं आगे बढ़ाने का आव्हान किया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने नवनियुक्त कार्यकारिणी कों उपन्ना ओढ़ाकर स्वागत अभिनन्दन किया। नवनियुक्त समस्त पदाधिकारियो ने सहकारिता मंत्री आंजना का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर एनएसयुआई जिला उपाध्यक्ष मुकेश धाकड़ ने बताया की बैठक में पार्षद प्रतिनिधि नितिन नागौरी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष धीरज नगरिया, साजन सोनी, नगर अध्यक्ष विशाल वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष संजय उपाध्याय, छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज शर्मा, महासचिव अजय सिंह राजपुत, नवल सिंह चैहान, अरविन्द अहिर, गुलाब धाकड़, विकास धाकड़, दीपक धाकड़, अनिल प्रजापत, यशराज सिंह, कुन्दन धाकड़, पंकज धाकड़, भरत धाकड़, प्रदिप धाकड़, अर्जुन धाकड़ ,रोहित धाकड़, समरथ रेगर, उबेद खान, शाहरूख खान, कपिल मुलानी, मयंक चावला, सनी केलवानी, प्रियाशु सोनी, विनय पटेल, हिमाशुं सोनी, रीतिक सोनी, गोविन्द लखारा, आदित्य पहाडिया, राहुल सेन, भंवर सिंह, नितेश माली, दीपक वैष्णव, सुरज मीणा, धर्मेन्द्र जाट, राहुल सुथार, आशुतोष टांक, दिलखुश मीणा, बंटी शारदा सहित एनएसयुआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अवैध कब्जे हटाने को लेकर भगवा रक्षा दल ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

राजसमंद। कुंबलगढ़ में अवैध रूप से कब्जे किए हुए लोगों को हटाने को लेकर राजसमंद जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर महामंडलेश्वर स्वामी मनिषानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि हिंदू धार्मिक स्थलों पर एवं राजा महाराजाओं द्वारा निर्मित गढ़ों पर कुछ लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर रखे हैं वह तत्काल प्रभाव से सरकार को हटाने चाहिए क्योंकि इसके कारण से आपस में सामंजस्य की स्थिति बिगड़ती है। यह सामंजस्य को बनाए रखने के लिए अवैध रूप से कहीं भी कोई कब्जा किया हुआ है उसे तत्काल प्रभाव से हटाए। यह बात भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा (रींगस) ने कही। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को उदयपुर में धीरेंद्र शास्त्री जी के बयान को गलत दलित तरीके से प्रसारित किया गया, जिसके कारण से राजस्थान में अचानक शांत माहौल में अशांति का माहौल उत्पन्न हो गया। सरकार को चाहिए कि हर विषय पर बड़े विवेक से निर्णय लें क्योंकि पिछले साल ही राजस्थान की आम जनता ने करोली की घटना को देखा था। अब भविष्य में ऐसी कोई घटना ना हो जिससे आम जनता का आर्थिक रूप नुकसान होता है और दोनों ही पक्षों में तनाव उत्पन होता है जो राजस्थान के लिए उचित होगा नहीं है। वर्तमान समय में राजस्थान शांत प्रदेश की श्रेणी में आ रहा है। ऐसे में किसी भी विवाद को उत्पन ही नहीं होने दिया जाए यही राजस्थान सरकार और राजस्थान की आम जनता के लिए उचित होगा।

''मां ! तुम्हें याद जरूर आऊंगी''

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

भगवान के घर में कोई भेदभाव नहीं होता। वहां पर बेटी और बेटे में कोई फर्क नहीं है। भगवान का असली स्वरूप तो बच्चों में झलकता है। बेटी होना कलंक नहीं यह हमारे शास्त्र, पुराण और वेदों को पढ़कर पता चल जाएगा। संसार में सबसे उच्च पद की बात की जाए तो पुराणोक्त वर्णन है कि पूज्य गुरू है। सौ गुरू के बराबर पूज्य पिता को कहा गया है। लेकिन सौ पिता के बराबर पूजनीय माता है। ऐसे में सर्वोच्च पद माता का ही है। प्रभुसत्ता में भी माता को पूर्ण अहमियत दी गई है। लेकिन अब बेटियों को ही जन्म नहीं लेने देना और अगर जन्म ले भी ले तो उसको बिसरा कर यूं ही मरने के लिए फेंक देना क्या उचित है ? लेकिन आज अदना सा मानव, जिदंगी लेने वाले और जिंदगी देने वाले विधाता का भी ख्याल भूलकर नन्हीं सी जान के साथ खिलवाड़ करने से नहीं चूकता है।

''मां ! ...तुम्हें याद जरूर आऊंगी'' शायद ऐसी ही कुछ कल्पना हर उस नवजात बच्ची की रहती होगी, जिन्हें जन्म के तुरंत बाद यूं ही मरने के लिए छोड़ दिया जाता है। यह दुष्कृत्य करने वालों को जरा भी अक्ल नहीं है कि आज जन्मी बेटी को मार डालोगे तो कल कितना भयावह होगा उसकी परिकल्पना मात्र से ही चित्त डोल उठेगा। सोचिए बेटियां ही नहीं होगी तो फिर बेटों का ब्याह किससे करोगे और ब्याह नहीं होगा तो आपकी वंश बेल कैसे आगे बढ़ेगी। दूसरी बात यह भी है कि माता को गुरु और पिता से भी बड़ा बताया है, लेकिन ऐसी स्थिति में माता का अस्तित्व ही नहीं होगा तो फिर न ही पिता होगा। माता-पिता के बिना संसार का अस्तित्व भी धीरे-धीरे गर्त में चला जाएगा।

लोगों को अपनी सोच विकसित करनी होगी और भविष्य के बारे में भी विचार करना होगा। पुरुष प्रधान समाज की भावना को पीछे छोड़ना ही होगा। अन्यथा पुरुष की पहचान कौन करेगा ? जी हां बच्चे का पिता अपना हक अकेले नहीं दर्शा सकता। जब तक बच्चे की माता उसे प्रमाणित ना कर दे तब तक बच्चे के पिता को पिता कहलाने का अधिकार नहीं मिल सकता। उसे पिता कहलाने का अधिकार माता के माध्यम से ही मिल सकता है। ऐसे में यह तो निश्चित है कि संसार केवल एक पुरुष के ऊपर निर्भर नहीं है। पुरुष को अपने अस्तित्व को जीवंत रखने के लिए स्त्री की सहभागिता जरूर करनी होगी। भगवान ने भी जब सृष्टि की रचना की तो इस सृष्टि में मनु के साथ ही स्त्री स्वरूप सतरूपा को भी प्रकट किया। दोनों के कारण ही संपूर्ण सृष्टि का विकसित, विस्तारित और विराट अस्तित्व नजर आ रहा है। जिस मां की कोख से जन्म लेने के लिए भगवान भी अनेकों अवतार धारण कर पृथ्वी पर आ चुके हैं। उसी मां की कोख आज असुरक्षित है। ऐसे में कुछ कमी उन माताओं की भी है जो नौ माह पेट में बच्चे को रखने के बाद उसे बिसराने से नहीं झिझकती। चाहे कोई भी मजबूरी रही हो, लेकिन उस मासूम का क्या कसूर जिसे मरने के लिए यूं ही छोड़ दिया जाता है।ईश्वर की अद्भुत सृष्टि का आंख खोलने के साथ ही ऐसा विभत्स नजारा देखने के बाद क्या बीतता होगा उस नन्हीं जान पर। बड़ी होकर जब कोई उसके मां-बाप के नाम पूछेगा तो वह न केवल उस विधाता को कोसेगी बल्कि उन माता-पिता को भी उलाहना जरूर देगी। भगवान ऊपर बैठा सब देख रहा है। बच्ची के साथ बुरा करने वालों के साथ भगवान भी समय आने पर ऐसा बर्ताव करता है कि जिदंगी के अंतिम क्षणों तक आखिर उन माता-पिता को अपनी गलती पर पछतावा जरूर होगा। ऐसी अनाथ बच्चियों के मन में केवल एक ही आह उठती है...''मां ! ...तुम्हें याद जरूर आऊंगी''

विवेक तिवाड़ी, पत्रकार (चिड़ावा)

बालाजी में पांच दिवसीय लख्खी मेला आज से

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

मेहंदीपुर बालाजी। हनुमान जी के सबसे बड़े धाम मेहंदीपुर बालाजी में हनुमान जन्मोत्सव का पंच दिवसीय महोत्सव आज से शुरु हो गया। इसे लेकर बालाजी नगरी में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। देशभर से लाखों श्रद्धालु अपने आराध्य बालाजी महाराज का जन्मदिन मनाने मेंहदीपुर बालाजी पहुंच रहें है। इधर सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महंत नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में बालाजी मंदिर ट्रस्ट ने भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष तैयारियां की है।महंत महाराज ने हनुमान जयंती महोत्सव के लिए मंदिर ट्रस्ट की ओर से अलग से प्रबंध कमेटी का गठन किया है। जिन्हें विभागवार जिम्मेदारियां सौंपी गई। कमेटी सदस्य दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थित कतारें, पानी, सफाई व सुरक्षा व्यवस्था संबंधी तैयारियां का विशेष ध्यान रखेगी। जिससे मेहंदीपुर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं उठानी पड़े। पिछले कई दिनों से धार्मिक नगरी को बालाजी मोड़ से टोडाभीम रोड़ बाईपास तक रंग बिरंगी लाइटों व भगवान की झांकियों सहित भव्य रूप से सजाया जा रहा है। बालाजी मंदिर परिसर के अंदर व बाहर भगवान के बाल रूप की झांकियां सजाई गई है।बालाजी महाराज के जन्मोत्सव को लेकर बाजारों में रौनक बढने लगी है। आज हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा बस स्टैंड टोडाभीम रोड़ पर रात्रि 9:00 से 12 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा । जिसमें प्रसिद्ध गायक संजू शर्मा कोलकाता एंड पार्टी मधुर भजन की प्रस्तुति देंगे। भव्य आतिशबाजी से आसमान गूंजेगा। कल गुरुवार को हनुमान जयंती पर लगभग 7:15 बजे मंदिर खुलते ही 7:30 बजे करीब बालाजी महाराज की महा आरती की जाएगी।

ANCHOR

किसान -वैज्ञानिक संगोष्ठी ओर स्वर्ण जयंती समारोह

वैज्ञानिक तरीके से भेड़-बकरी, खरगोशपालन से कमाए अधिक मुनाफा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

टोंक। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थान केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर तहसील मालपुरा जिला टोंक राजस्थान के क्षेत्रीय केंद्र मरू क्षेत्रीय परिसर, बीकानेर के स्थापना के 50 वर्ष पुरे होने के अवसर पर स्वर्ण जयंती समारोह एवं किसान वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. धीरसिंह निदेशक, भाकृअनुप- राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल हरियाणा भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अरुण कुमार तोमर निदेशक, केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर द्वारा की गई । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. ए. साहू निदेशक राष्ट्रीय ऊंट अनुसंधान केंद्र, बीकानेर, डॉ. जगदीश राणे निदेशक, केंद्रीय शुष्क बागवानी अनुसंधान संस्थान, बीकानेर, आई. बी. कुमार मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अविकानगर, राजकुमार, चीफ फाइनेंस एंड अकाउंट ऑफिसर अविकानगर ने भी भाग लिया। स्वर्ण जयंती समारोह में कृषि ओर पशुपालन की उन्नत तकनिकी का प्रदर्शन बीकानेर के विभिन्न भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, राजुवास, आरएयू, कृषि विभाग बीकानेर एवं एनजीओ की 15 से 20 स्टॉल के माध्यम से कार्यक्रम मे पधारे किसानो के लिए किया गया तथा अतिथियों द्वारा बेस्ट स्टॉल प्रदर्शनी सरकारी व गैर-सरकारी श्रेणी में पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों द्वारा स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष मे फाउंडेशन स्टोन ओर कृषि एवं पशुपालन उन्नत तकनिकी की जानकारी के लिए प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निर्मला सैनी, रीजनल स्टेशन प्रभारी ने पधारे सभी अतिथियो ओर किसानो को धन्यवाद देते हुए मरू क्षेत्रीय परिसर द्वारा पिछले 50 वर्षो में मगरा,मारवाड़ी ओर चोकला भेड़ की नस्ल के उन्नत जर्मप्लाज्म प्रतिवर्ष थार मरुस्थल के किसानों को उपलब्ध कराने के बारे मे बताया तथा उन्होंने बताया की यह स्टेशन 636 हैक्टर मे फैला हुआ है जिसमें वर्तमान में तीन भेड़ो की नस्ले मगरा (500) चोकला (400) मारवाड़ी (600)

देश की सबसे उत्तम गलीचा कारपेट नस्ले हैं जो बीकानेर की ऊन मंडी में आने वाली कारपेट ऊन को प्रतिवर्ष पैदा करती हैं मरू क्षेत्रीय परिसर बीकानेर, हनुमानगढ़, गंगानगर, बाड़मेर,जैसलमेर, चूरू, सीकर, झुंझुनू, जोधपुर उदयपुर आदि जिले के किसानों को 300 से ज्यादा उत्तम नस्ल के नर का वितरण हर वर्ष करता आ रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ ए. साहू निदेशक, ऊंट अनुसंधान केंद्र, बीकानेर ने भी विभिन्न प्रजातियों के पशुओं के लिए पशु पोषण महत्व ओर प्रबंधन के बारे में विस्तार से किसानों को बताया। डॉ. जगदीश राने निदेशक, केंद्रीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बीकानेर ने भी राजस्थान के विभिन्न जिलों से पधारे किसानों के लिए संस्थान की विभिन्न कृषि उन्नत तकनीकी को विस्तार पूर्वक बताया। इसके अलावा बताया कि कैसे संस्थानों की तकनीकों को अपनाकर थार एरिया के किसान कम से कम संसाधनों में खेती एवं पशुपालन से अधिक से अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ अरुण कुमार तोमर, निदेशक केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर ने किसान-वैज्ञानिक संगोष्ठी में राजस्थान के विभिन्न जिले उदयपुर ओर बीकानेर से पधारे किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि गांव के किसान समेकित भेड़-बकरी ओर खरगोश का पालन संस्थान के क्षेत्रीय केंद्र की सहायता से वैज्ञानिक तरीके से करके अधिक से अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। डॉ तोमर ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत सरकार की योजना राष्ट्रीय पशुधन मिशन द्वारा भेड़-बकरी एवं मुर्गी के पालन पर 50% सब्सिडी दी जा रही है जिसका बीकानेर क्षेत्र के किसान संस्थान से जुड़कर ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाकर अपने भेड़-बकरियों ओर मुर्गी पालन व्यवसाय को पशुपालन उद्यमिता की ओर ले जाएं। भेड़-बकरी पालन पर संस्थान का मुख्य केंद्र अविकानगर एवं क्षेत्रीय केंद्र बीकानेर द्वारा वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने के लिए प्रशिक्षण किसानों को वर्षभर उपलब्ध कराया जा रहा है जिस प्रशिक्षण के माध्यम से वह राष्ट्रीय पशुधन मिशन की सब्सिडी को अर्जित कर अपने पशुपालन व्यवसाय को पशुपालन उद्यमिता में बदल सकते हैं। निदेशक अविकानगर ने एआरसी बीकानेर क्षेत्र के लिए संस्थान की बहुप्रजनक भेड़ अविशान भेड़ की यूनिट को जल्दी से जल्दी मरू परिसर मे स्थापित करने की सूचना किसानों को दी गई। डॉ. तोमर ने बताया की आपके जिले के वीरेंद्र कुमार लुण, बेलासर प्रगतिशील किसान बीकानेर अविकानगर संस्थान से जुड़ कर अविशान भेड़ व सिरोही बकरी का पालन के साथ कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य करके संस्थान के सहयोग से राष्ट्रीय पशुधन मिशन में 50 लाख की सब्सिडी 500 सिरोही बकरी पालन के लिए पाने वाले पहले राजस्थान के किसान हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ धीरसिंह निदेशक, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल ने भी डॉ तोमर संस्थान के निदेशक को धन्यवाद कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाने के लिए दिया गया। डॉ धीरसिंह ने बताया कि एनडीआरआई भी साहीवाल, गिर गाय एवं मुर्रा भैसों के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। तथा बताया कि राजस्थान के पशुधन चाह भेड़ बकरी भैंस गाय ऊंट घोड़ा आदि का बदलते जलवायु मैं देश में पैदावार बनने मे भविष्य में बहुत योगदान होगा। जिससे कार्यक्रम मे पधारे सभी किसान भाई भी डेयरी एवं पशुपालन के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों को अपनाकर अपना कृषि एवं पशुपालन व्यवसाय के माध्यम से आजीविका कमा सकते हैं । डॉ धीर सिंह ने बताया कि भारत सरकार चाहती है कि वर्तमान में कृषि एवं पशुपालन के माध्यम से ही गांव के अधिकतम लोगों को रोजगार देकर एग्रोटेक उद्योगों के माध्यम से ही शहरी आबादी को शुद्ध खाना उपलब्ध कराया जा सकता है। कार्यक्रम में 300 से भी ज्यादा किसान बीकानेर ओर उदयपुर जिले के आदिवासी क्षेत्र फलासिया के भी 50 किसान भाग ले रहे हैं। सभी किसानो को को प्रदर्शनी एवं संस्थान के पूर्व ओर भविष्य मे किसी ना किसी रूप में लाभान्वित किया जाएगा। संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आइबी कुमार ने कार्यक्रम मे पधार कर सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमरसिंह मीना वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं मीडिया प्रभारी अविकानगर ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में मरू क्षेत्रीय परिसर के वैज्ञानिक डॉ आशीष चोपड़ा वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. अशोक यादव वैज्ञानिक, अविकानगर के डॉ विजय कुमार प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. रंगलाल वैज्ञानिक, रतनलाल बैरवा ओर मरूक्षेत्र परिसर के समस्त तकनीकी अधिकारी व समस्त कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम मे पूरा सहयोग दिया गया। स्वर्ण जयंती समारोह कार्यक्रम में बीकानेर क्षेत्र के तीन प्रगतिशील किसान वीरेंद्र सिंह लुणु, बेलासार, मगरा फील्ड परियोजना के दो किसान सत्यनारायण हिम्मतसर, एवं किशन सिंह कोटड़ा को भी कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में 350 से भी ज्यादा किसानों ने भाग लिया। अविकानगर संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ अमरसिंह मीना ने दी जानकारी।

8 रुपए में भर पेट खाना, कस्बों व गांवों में खुलेंगी 32 इंदिरा रसोई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

अजमेर। जिले के 3 कस्बों और 26 गांवों में लोगों को जल्द ही 'इंदिरा रसोई' मिलेंगी। प्रशासन ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इनके संचालन के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। गांव-कस्बों में खोली जाने वाली इंदिरा रसोई में एक समय में सौ लोगों के खाने की व्यवस्था होगी। नगर निगम की ओर से रसोी संचालक को थाली, चम्मच व अन्य बर्तन, फर्नीचर, कूड़ादान, कम्प्यूटर, प्रिंटर और कैमरा उपलब्ध कराया जाएगा।

इन्हें देंगे प्राथमिकता

नगर निगम के राजस्व अधिकारी पवन मीणा ने बताया कि इंदिरा रसोई खोलने के लिए सामाजिक संगठन या जनसेवा संस्थान भी आवेदन कर सकेंगे। ऐसी संस्थाएं जिनका खुद का भवन हो और धमार्थ संस्था तौर पर संचालन कर सरकार से अनुदान की राशि नहीं लें, उन्हें प्राथमिकता से आवंटन किया जाएगा।

यहां खुलेंगी रसोई

जिले के पीसांगन, रूपनगढ़, मसूदा में 2-2 तथा सोमलपुर, भिनाय, श्रीनगर, सराधना, रामसर, बघेरा, दौराई, बांदनवाड़ा, अरांई, जटिया द्वितीय, खरेखड़ी, गोविंदगढ़, कादेड़ा, सुरसुरा, जेठाना, घूघरा, देविलिया कलां, गनाहेड़ा, बांदरसिंदरी, नून्दी, मेन्द्रतान, जूनिया, बिड़क्कीयावास, गगवाना, देराठू, घटियाली में 1-1 इंदिरा रसोई खोली जाएगी।

इंदिरा रसोई एक नजर

- » 8 रुपये में भरपेट भोजन।
- » 17 रुपये प्रति व्यक्ति मिलता है संचालक को अनुदान।
- » अगस्त-2020 से हुई थी योजना की शुरुआत।

जिले के 3 कस्बों और 20 से ज्यादा गांवों में इंदिरा रसोई खोली जाएंगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है।

पवन मीणा, राजस्व अधिकारी नगर निगम अजमेर

चलो नायला संगठन, प्रेस क्लब और सभी सीनियर मिलकर करेंगे प्रयास

571 आवंटी पत्रकारों के प्लॉट शीघ्र जारी करे सरकार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। पिंकसिटी प्रेस एनक्लेव, नायला के 571 आवंटी पत्रकारों के आवंटित हो चुके प्लॉट पूर्णतः न्यायसंगत हैं और उन्हें तुरंत जारी किए जाने चाहिए। वहीं वंचित पत्रकारों के लिए भी नई योजना शीघ्र लाई जानी चाहिए। यहां पिंकसिटी प्रेस क्लब में मंगलवार को आयोजित नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में नए, पुराने सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में 571 आवंटी पत्रकारों के पक्ष में सरकार से मांग की। इस मौके पर सभी ने आवाज उठाई कि नायला योजना के 10 साल से चल रहे गतिरोध को तुरंत दूर कर आवंटियों के साथ सरकार को अब न्याय करना ही चाहिए।

समारोह के बाद आवंटी पत्रकारों की प्रेस क्लब सभागार में सभा भी हुई, जिसमें पिंकसिटी प्रेस एनक्लेव, नायला के मौजूदा गतिरोध के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। पिछले छह माह से संघर्षरत नायला आवंटियों की सभा में मंगलवार को पहली बार प्रेस क्लब अध्यक्ष और महासचिव शामिल हुए और उन्होंने खुलकर आवंटियों के संघर्ष को आगे बढ़ाने की घोषणा की। चलो नायला संगठन के प्रतिनिधि रूपेश टिंकर एवं अनिल त्रिवेदी ने सभा में बताया कि नायला योजना की प्रक्रिया में किसी भी आवंटी की कोई कमी नहीं है। हाई कोर्ट के निर्णय की आड़ में योजना को रोकना न्यायोचित नहीं है। हाई कोर्ट ने 3 जुलाई, 2013 के निर्णय में सभी योग्य एवं पात्र आवंटियों को प्लॉट के कब्जे देने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में खुद सरकार और जेडीए ने कहा है कि राज्य सरकार के विभिन्न आदेशों की पात्रताओं के अनुसार 571 आवंटियों का चयन किया गया है। योजना में अधिस्वीकरण होने की पात्रता शामिल नहीं है। कोर्ट के दूसरे निर्णय में भले ही कोई निर्देश नहीं दिए गए हैं, लेकिन योजना को लेकर सरकार और जेडीए के सभी तर्क रिकॉर्ड पर लेकर कोर्ट ने भी मान लिए हैं। ऐसे में कोर्ट के निर्णय की आड़ में योग्य और पात्र आवंटियों के पट्टे रोकना सरासर अन्याय है। सभा में क्लब अध्यक्ष राधारमण शर्मा और महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने कहा कि योजना के 571 आवंटियों को न्याय दिलाने के लिए सभी सीनियरों को साथ लेकर एकजुट संघर्ष किया जाएगा। शीघ्र ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर 571 आवंटियों को पट्टे जारी करने और प्लॉट से वंचित अन्य पत्रकारों को भी प्लॉट देने की मांग की जाएगी। सभा में सभी ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री गहलोत हमेशा पत्रकार हित में साथ रहे हैं और इस बार भी पत्रकारों की वाजिब मांगों पर शीघ्र कार्यवाही करेंगे। इससे पहले प्रेस क्लब नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व अध्यक्ष सत्य पारीक, एलएल शर्मा, वीरेन्द्र सिंह राठौड़, किशोर शर्मा, मुकेश मीणा व अन्य पदाधिकारियों ने एक स्वर में सरकार से मांग की कि 571 आवंटी पत्रकारों को तुरंत उनके प्लॉट के पट्टे जारी किए जाएं। समारोह में क्लब के संस्थापक एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चंद छाबड़ा तथा गोपाल शर्मा ने पत्रकार हित में हमेशा साथ रहने का भरोसा भी दिलाया।

पिंकसिटी प्रेस क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष राधारमण शर्मा का अभिनन्दन करते जागरूक जनता के संपादक शिव दयाल मिश्रा।

फिल्म छिपकली 14 अप्रैल को होगी रिलीज

मेरे जीवन की सबसे बेहतरीन फिल्म है छिपकली-यशपाल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। सस्पेंस थ्रिलर फिल्म छिपकली के प्रमोशनल इवेंट को लेकर स्टारकास्ट मंगलवार को यहां मालवीय नगर स्थित सीज्जलिन सीजर्स पर मीडिया से रूबरू हुईं। इस मौके पर बॉलीवुड एक्टर यशपाल शर्मा, एक्ट्रेस तनिष्ठा बिस्वास, योगेश भारद्वाज और डायरेक्टर कौशिक कर ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान फिल्म संबंधी अनुभव शेयर किए। गौरतलब है कि यह फिल्म पूरे भारत में 14 अप्रैल को रिलीज होगी। नेशनल अवॉर्ड विनर एक्टर यशपाल शर्मा ने कहा कि यह फिल्म उनके जीवन की सबसे बेहतरीन फिल्म है। उन्होंने कहा कि मेरा जयपुर से गहरे ताल्लुकात हैं। खासतौर से यहां बच्चों के रंगकर्म को लेकर बहुत अच्छा काम हो रहा है।

छिपकली का उपयोग एक रूपक के रूप में

एक्ट्रेस तनिष्ठा बिस्वास ने बताया कि इस फिल्म में यह देखने को मिलेगा कि हम जो भी करते हैं, हमें लगता है कि कोई नहीं देख रहा है, लेकिन कोई है जो हमें हमेशा देख रहा है। इस कहानी में छिपकली, छिपकली का उपयोग न केवल एक रूपक के रूप में किया गया है, बल्कि एक ऐसे पात्र के रूप में भी किया गया है जो शारीरिक रूप से सह-अस्तित्व में है। इस कहानी में जीवित दुनिया, भौतिकी, समय और मानव मस्तिष्क का एक अच्छा सम्मिश्रण है। छिपकली दर्शन के रूमानी रहस्य की गीतात्मक और आध्यात्मिक प्रस्तुति है। इस फिल्म में योगेश भारद्वाज भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के डायरेक्टर कौशिक कर ने कहा कि फिल्म छिपकली ने कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में भी अपार लोकप्रियता हासिल की है। गौरतलब है कि जी म्यूजिक पर टीजर ट्रेलर और गाने देखने के बाद बॉलीवुड फैन्स ने न सिर्फ फिल्म बल्कि यशपाल शर्मा की एक्टिंग की भी तारीफ की है।

पहले तैयार हुआ नाटक फिर बनीं यह फिल्म

एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि दरअसल यह फिल्म मशहूर लेखक विनोद घोसला की किताब छायाजापान और कौशिक कर की किताब टिक टिकिर डाक पर आधारित है, जिसे पहले नाटक के रूप में तैयार किया गया, अब इस पर फिल्म बनाई गई है। एक्टर यशपाल शर्मा ने बताया कि वह इस फिल्म में एक अनोखे किरदार के रूप में नजर आएंगे। इसमें उनके दमदार अभिनय और जोरदार संवादों की खूबसूरत बानगी दर्शकों को पर जरूर असर डालेगी।

ग्रामीण क्षेत्रों के राजकीय भवनों पर बनेंगे वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर

जयपुर @ जागरूक जनता। अटल भूजल योजना के तहत कवर होने वाले 17 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में राजकीय भवनों पर फिजिबिलिटी के आधार वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे ताकि वर्षा जल का संचयन एवं सरक्षण किया जा सके। साथ ही, भूजल संरक्षण एवं रिचार्ज की दिशा में नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को यहा सचिवालय में हुई अटल भूजल योजना की समीक्षा बैठक में जल संरक्षण एवं भूजल रिचार्ज के लिए ये कदम उठाए जाने का निर्णय किया गया। वर्षा जल संचयन एवं संरक्षण संरचनाएं अटल भूजल योजना के तहत आने वाले 17 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी बिल्डंग्स पर बनाई जाएंगी।

सौदा : सुरक्षा और खुफिया विभाग को जरूरत

पेगेसस जैसा स्पाईवेयर खरीदने की तैयारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। केंद्र सरकार सुरक्षा और खुफिया विभाग की जरूरतों को देखते हुए पेगेसस जैसा एक नया स्पाईवेयर खरीदने की तैयारी कर रही है। पेगेसस भारत में विवादों में रह चुका है, ऐसे में सरकार लो प्रोफाइल स्पाईवेयर खरीदना चाहती है। इसके लिए पेगेसस की प्रतिद्वंद्वी कंपनियों से बात की जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक स्पाईवेयर के लिए दुनिया की 12 कंपनियां बोली लगा सकती हैं। सरकार नए स्पाईवेयर के लिए 12 करोड़ डॉलर (986 करोड़ रुपए) तक खर्च करने को तैयार है।

हुआ था बवाल

केन्द्र सरकार पर स्पाईवेयर पेगेसस से 300 लोगों के फोन हैक किए जाने का आरोप लगे थे। इसे लेकर बवाल हुआ। संसद में हंगामा हुआ। बाद में मामला कोर्ट पहुंच गया था।

महामंडलेश्वर के सानिध्य में हुआ गोल डेम के टिनशेड का उद्घाटन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जोधपुर। विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय, शाखा जोधपुर में महामंडलेश्वर कुशालगिरी महाराज के सानिध्य में गोल डेम के टिनशेड के उद्घाटन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। गो चिकित्सालय के अध्यक्ष कालुराम ने बताया कि स्व.राणुलाल के सुपुत्र व स्व. हस्तीमल बुरड़ के भतीजे स्व. उत्तमचन्द व उनकी धर्मपत्नी स्व.कुसुम देवी बुरड़ की पुण्य स्मृति में सुपुत्र भुपेश कुमार, सुपौत्र विशेष बुरड़ जोधपुर हाल निवास कलकत्ता वालों ने विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय, जोधपुर में एक टिनशेड (साईज 18 गुणा 90 फीट) गौमाता के श्री चरणों में समर्पित किया साथ में 10 कढ़ाई दलिया बनवाकर गोमाता से आशीर्वाद लिया व अपने हाथो से बीमार व दुर्घटनाग्रस्त गोमाता को दलिया खिलाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान हिन्दु हृदय सम्राट कुशालगिरी महाराज ने फिता काटकर गोल डेम के टिनशेड का उद्घाटन किया। गो चिकित्सालय के अध्यक्ष कालुराम प्रजापत व अन्य इंचार्जो ने बुरड़ परिवार के सभी सदस्यों का तिलक, माला, साफा पहनाकर मंत्रोच्चारण कर स्वागत सम्मान किया गया।

परिण्डे लगाओ अभियान का शुभारंभ पूर्णिमा को

संस्था के ओर से पांच सौ एक परिंडे लगाए जाएंगे - राजपुरोहित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सिवाना। मानव सेवा संस्था की ओर से 'जरा इनका भी रखो ध्यान क्योंकि इनमें भी है जान' कार्यक्रम का आयोजन पूर्णिमा को पंचायत समिति परिसर में विकास अधिकारी हनुमान राम बेनीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश सिंह राजपुरोहित जिलाध्यक्ष शांतिदेवी विश्नोई, ब्लॉक अध्यक्ष गणपत चौधरी के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार सोढ़ा लुदराडा ने बताया कि पक्षियों को गर्मी से बचाना उनको अभयदान देने जैसा है। पक्षियों के लिए परिंडे बांधना सेवा का काम है। ईश्वर ने उनको इंसान जैसे बोलने की क्षमता तो नहीं दी है। इसलिए वो दया के पात्र है। इनको दाना पानी डालकर पुण्य कमाना चाहिए। संस्था की ओर से नगरपालिका सहित आस - पास गांवों में पांच सौ एक परिंडे लगाए जाएंगे। संस्था के सदस्य हर रोज परिंडों में पानी रखेंगे साथ ही परिंदों के लिए खाने की व्यवस्था करेंगे। वास्तु के हिसाब से घर में पक्षियों की चहचाहट अच्छी है और इस से विपरित ग्रह भी अनुकूल प्रभाव जीवन पर डालता है।

यह रहेगें मौजूद - मुकेश लंगेरा, किशोर कुमार सांखला, नारू भाई बोराणा,आशु सिंह राजपुरोहित, चुन्नीलाल, तरुण सुंदेशा, नरपत सिंह राजपुरोहित, दीप सिंह दाखा, नकुल मेघवाल, राजेंद्र सरगरा।

राज्य मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष पहुंचे बाल बसेरा सेवा संस्थान

बच्चों की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं- जस्टिस व्यास

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जोधपुर। राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष जस्टिस श्री गोपाल कृष्ण व्यास ने मंगलवार को झालामंड गांव स्थित बाल बसेरा सेवा संस्थान का निरीक्षण किया और संस्था में निवासरत बालक-बालिकाओं से मिलकर उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

संस्थान के नवनिर्मित भवन में पहली बार आयोग अध्यक्ष के पहुंचने पर बालक-बालिकाओं ने भव्य स्वागत किया। संस्थापक दिनेश जोशी ने संस्थान के नवीन भवन में संचालित बाल गृह में बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। आयोग अध्यक्ष श्री गोपाल कृष्ण व्यास ने संस्थान में बेहतरीन व्यवस्थाएं होने पर संतोष जताते हुए कहा कि बाल बसेरा सेवा संस्थान एक पुण्य धाम है जहां प्रत्येक सेवाभावी व्यक्ति को आकर इन भगवान रूपी बच्चों के लिए सेवा कार्य करने के लिए आगे आना चाहिए। इन बच्चों की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकती।

उन्होंने संस्थान की सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। संस्थान की गतिविधियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करने की दिशा में अच्छा काम किया जा रहा है। सभी कर्मचारी इस पुनीत कार्य के लिए बधाई के पात्र हैं, जो कि समर्पित प्रयासों के माध्यम से संस्थान में जुनून और आत्म-विश्वास बढ़ाने का कार्य करने में जुटे हुए हैं। इस दौरान बालक-बालिकाओं द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की उन्होंने सराहना की।

शानदार प्रस्तुतियों ने किया अभिभूत

राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस श्री व्यास ने बच्चों के बीच स्नेह और आत्मीयता के साथ समय व्यतीत करते हुए भजन भी सुनाएं। उन्होंने भगवान कृष्ण की जीवनी और लीलाओं से संबंधित भजन व राजस्थानी महिमा गीत 'धरती धोरा री' सहित अन्य गीत सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। उनका यह अंदाज देखकर बच्चे भाव विभोर हो उठे। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति को सुनकर उनका हौसला बढ़ाया।

यह रहे उपस्थित : राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष के निरीक्षण के दौरान बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ. बी.एल. सारस्वत, आकाशवाणी के वरिष्ठ उद्घोषक भानु पुरोहित, प्रसिद्ध कवि डॉ.राम अकेला, संस्थान के कार्यकर्ता रमेश छाजेड़, सुधा मेहता, भावना पारीक, शंकर राम उपस्थित रहे। संस्थापक दिनेश जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

खरीफ सीजन के अल्पकालीन फसली ऋणों के भुगतान की अंतिम तिथि अब 30 जून

जयपुर @ जागरूक जनता। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत देते हुए खरीफ-2022 के अल्पकालीन फसली ऋणों के भुगतान की अंतिम तिथि को बढ़ाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। प्रस्ताव के अनुसार, ऋण अदायगी की अंतिम तिथि को 31 मार्च, 2023 से बढ़ाकर 30 जून, 2023 अथवा ऋण लेने की दिनांक से 12 माह, जो भी पहले हो, तक बढ़ाया गया है।

रेगर समाज की बैठक में केकड़ी के पदाधिकारियों ने लिया भाग

केकड़ी @ जागरूक जनता। राजस्थान प्रांतीय रेगर महासभा की आम बैठक का आयोजन ताराचंद जाजोरिया की अध्यक्षता में जेएलएन मार्ग स्थित रेगर छात्रावास जयपुर के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान प्रदेश के अजमेर,भीलवाड़ा, दूदू, नागौर सहित कई जिलों से सम्मिलित रेगर समाज के प्रतिनिधियों पदाधिकारियों व समाज बंधुओं की मौजूदगी में (अजमेर) सावर निवासी ओमप्रकाश कांसोटिया को कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। कांसोटिया के मनोनयन पर विकलांग संघ प्रदेशाध्यक्ष महावीर प्रसाद रेगर, अखिल भारतीय रैगर महासभा की संगठन सचिव रचना वर्मा, आसींद एसडीएम चंद्रप्रकाश वर्मा, जयपुर पुलिस कमिश्नर लोकेश सोनवाल, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम मौर्य, शंकरलाल नारोलिया, एडवोकेट डीएल वर्मा, पूर्व पार्षद महेंद्र गढ़वाल, गुदड़मल जगरवाल, धर्मीचंद गढ़वाल, महावीर रठाड़िया,मदनलाल आलोरिया, कालूराम शैरस्या, भेरूलाल डांगरीवाल, मुकेश कुमार बड़ोलिया, गजानंद कांसोटिया आदि सहित समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएं दी। सावर क्षेत्र से पहली बार समाज को प्रतिनिधित्व के रूप में प्रदेश स्तर पर कांसोटिया के मनोनयन को लेकर समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और लोग मिठाई खिलाकर कर लगातार बधाई दे रहे हैं।

कांग्रेसी महिलाओं ने नई दिल्ली में दिया धरना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

उदयपुर। राहुल गांधी के विरुद्ध भाजपा नीत सरकार द्वारा की जा रही अलोकतांत्रिक कार्यवाही का विरोध करने के लिए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा नई दिल्ली के जंतर मंतर पर आहूत महिला कांग्रेस के धरने में शामिल होने के लिए उदयपुर से भी जिला परिषद सदस्य व अखिल भारतीय गुर्जर महिला महासभा की कार्यकारी राष्टीय अध्यक्ष कामिनी गुर्जर के नेतृत्व में महिलाएं दिल्ली पहुंची और धरने में शामिल हुआ। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीता डिसूजा के आह्वान पर नई दिल्ली के जंतर मंतर पर आयोजित इस धरने में भाजपा सरकार द्वारा राहुल गांधी पर किए जा रहे अनीतिपूर्वक कायराना कृत्य को लेकर विरोध हेतु पूरे देश से महिलाएं एकत्रित हुई थी और इस धरने में सारी महिलाओं ने भाजपा सरकार का विरोध किया। उदयपुर से जिला परिषद सदस्य व अखिल भारतीय महिला महासभा की प्रदेशाध्यक्ष कामिनी गुर्जर ने भी धरने में भाग लिया और भाजपा सरकार की इस कार्यवाही का विरोध किया। गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार लोकतंत्र में अभिव्यक्ति के अधिकार को कुचलने पर तुली हुई है और इस प्रकार की अनैतिक कार्यवाही को अंजाम दे रही है जो कि लोकतंत्र पर सीधा-सीधा आघात है। इस दौरान कामिनी गुर्जर ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीता डिसूजा से व्यक्तिगत रूप से भी भेंट की और मेवाड़ में महिला कांग्रेस की गतिविधियों और वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य पर फिडबैक दिया।

ANCHOR गुलाम नबी आजाद ने कहा...

कांग्रेस लीडरशिप का जनता पर कोई प्रभाव नहीं, उन्हें नहीं चाहिए 60 से ऊपर के नेता

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के चीफ गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होने न्यूज एजेंसी ANI से बातचीत में कहा कि कांग्रेस की वर्तमान लीडरशिप का देश के लोगों के ऊपर कोई प्रभाव नहीं है। उन्होंने कहा, "मैं कांग्रेस पार्टी को एक्सपोज और पूरी तरह से खत्म नहीं करना चाहता।"

गुलाम नबी आजाद ने न्यूज एजेंसी ANI से बातचीत में कहा कि नहरू, राजीव और इंदिरा सदमा सह सकते थे। उनमें धैर्य था। उनके पास जनता का समर्थन था, जनता उनकी इज्जत करती थी। वे समय के साथ अपने काम के जरिए वापसी कर सकते थे। DPAP के चीफ इतने पर ही नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा, "मैं कांग्रेस पार्टी को पूरी तरह से एक्सपोज और खत्म नहीं करना चाहता। मेरे लीडरशिप से कुछ मतभेद जरूर हैं लेकिन मेरे कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस विचारधारा से कोई मतभेद नहीं है।" उन्होंने आगे कहा, "मेरा कांग्रेस की विचारधारा या पहले के कांग्रेस नेतृत्व से कोई मतभेद नहीं है। बेशक मैंने अपनी किताब में नेहरू जी के समय में, इंदिरा जी के समय में, राजीव जी के समय में क्या गलत हुआ, इसका उल्लेख किया है, लेकिन मैंने यह भी कहा कि वे बड़े नेता थे।"

आपको बता दें कि गुलाम नबी आजाद पांच दशक तक कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने पिछले साल कांग्रेस पार्टी से नाता तोड़ने के बाद सितंबर में अपनी अलग पार्टी बना ली थी। अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव होंगे। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में बताया कि कांग्रेस छोड़ने के बाद उनकी गांधी परिवार से फोन पर कोई बातचीत नहीं हुई है। कांग्रेस में वापसी के सवाल पर उन्होंने कहा कि नहीं, पर्सनल रिलेशन रहेंगे लेकिन कांग्रेस में दोबारा शामिल होने की संभावना बहुत कम है।

अपनी किताब से जुड़े एक सवाल पर उन्होंने कहा कि यह नेहरू या इंदिरा गांधी या राजीव गांधी का समय नहीं है। राजीव भी वापसी नहीं कर सके। सिर्फ इंदिरा ऐसा कर पाईं क्योंकि वह जमीनी स्तर से ऊपर आई थी। इंदिरा गांधी स्वतंत्रता संग्राम में शामिल थीं ज इसलिए वह अभ्यस्त थीं। वह लोगों के दिलों में थी। कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व कहता है कि हमें 60 से ऊपर के नेता नहीं चाहिए। यह एक राजनेता के लिए परिपक्क उम्र है, जब लोग आपको गंभीरता से लेते हैंज यह एक गलत आकलन है।

मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी किसानों को मिलेंगे निःशुल्क बीज, बढ़ेगा बीज उत्पादन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित राज्य सरकार बीज उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। अब राज्य सरकार 15 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश के 1.25 लाख से अधिक किसानों को उच्च गुणवत्तापूर्ण 35 हजार क्विंटल बीज निःशुल्क उपलब्ध कराएगी। इससे लगभग 5.89 लाख क्विंटल बीज का उत्पादन होगा और किसानों को संबल मिलेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीज वितरण और उत्पादन से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। योजना में गेहूं, जौ, चना, ज्वार, सोयाबीन, मूंगफली, मूंग, मोठ एवं उड़द की फसलों के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे 10 वर्ष से कम अवधि की उन्नत किस्मों की फसलों के बीजों का उत्पादन होगा। इस निर्णय से प्रदेश में उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उत्पादन में वृद्धि होगी और कृषि उत्पादता बढ़ेगी। 15 करोड़ रुपए की राशि कृषक कल्याण कोष से वहन की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान बीज उत्पादन एवं वितरण मिशन के अंतर्गत बीज उत्पादन बढ़ाने तथा लघु एवं सीमांत कृषकों को निःशुल्क बीज उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री बीज स्वावलम्बन योजना की शुरूआत की गई थी।

श्री महावीर जैन मंडल द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। समग्र जैन समाज की प्रतिनिधि संस्था श्री महावीर जैन मंडल के तत्वावधान में जैन धर्म और विज्ञान विषय पर विचार गोष्ठी के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पहली बार मंडल के 38 साल के इतिहास में रहे सभी पूर्व अध्यक्षों का भी अभिनंदन किया गया। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत आचार्य विधासागर मांगलिक धाम में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष डॉ. आईएम सेठिया ने स्वागत उदबोधन दिया। विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता देश के अंतरिक्ष वैज्ञानिक रहे डॉ. नरेंद्र भंडारी अहमदाबाद और जर्नादनराय नागर राजस्थान विधापीठ विश्वविधालय के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत थे। जिनका परिचय कनक जैन और सुधीर जैन ने दिया। इस बार के एक प्रमुख नवाचार के रूप में समारोह में गत 38 साल में क्रमवार मंडल अध्यक्ष के रूप में सकल जैन समाज की अगुवाई करने वाले नरेंद्र नाहर, नवरतन पटवारी, रोशन लाल मेहता, रघुवीर जैन, बसंत कुमार कुकड़ा, गौतमलाल पोखरना, डॉ रतनलाल मारु, गंभीर सिंह सिसोदिया, रतनलाल भड़कत्या, हंसराज अब्बाणी, नरेंद्र चोरड़िया, महेंद्र टोंग्या, कमल जैन का अध्यक्ष डॉ सेठिया, रणजीतसिंह नाहर, डॉ. भंडारी, प्रो. सारंगदेवोत, डॉ. ए एल जैन, प्रो. सीएम रांका, अजीत नाहर आदि ने अभिनदंन पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर एंव शॉल, मेवाड़ी पगडी पहनाकर अभिनंदन किया। स्व.घनश्याम जैन, कनकमल मेहता, विजय कुमार सिंघवी की सेवाओं का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। समारोह में चिकित्सा, शिक्षा और अहिंसावृति के रूप में पहचान बनाने वाली चार संस्थाओं महावीर इंटरनेशल के अध्यक्ष अभयसिंह संजेती, श्री केसरियाजी जैन गुरुकुल अध्यक्ष शांतिलाल राठौड़, महावीर शिक्षण संस्थान अध्यक्ष सेठिया सहित पदाधिकारियों और अभा अहिंसा प्रचारक जैन संघ अहिंसानगर के सचिव प्रकाशचंद्र वीरवाल व चंद्रकाता वीरवाल, संस्थापक सदस्य नवरतन पटवारी का भी अभिनंदन पत्र, मेवाड़ी पगड़ी, स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया।

कुमावत समाज के निर्माणाधीन छात्रावास का विधायक आक्या ने किया अवलोकन

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। श्री कुमावत विकास एवं सेवा संस्थान के तत्वाधान में गांधीनगर में निर्माणाधीन कुमावत समाज के छात्रावास का क्षेत्रीय विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने अवलोकन किया। संस्थान सचिव राजकुमार बेरा ने बताया कि नगर के गांधीनगर क्षेत्र में निर्माणाधीन श्री चारभुजा कुमावत समाज के छात्रावास का सोमवार को विधायक आक्या ने अवलोकन कर कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सुशील शर्मा, प्रवीण सिंह राठौड़, भाजपा नगर अध्यक्ष सागर सोनी, राजन माली भी मौजूद थे। विधायक आक्या एवं अन्य पदाधिकारियों के निर्माणाधीन छात्रावास स्थल पहुंचने पर संस्थान के पदाधिकारियों एवं समाजजनों द्वारा अतिथियों का पगडी पहना एवं उपरना ओढा कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान समाजजनों ने निर्माणाधीन छात्रावास के छत हेतु आर्थिक सहयोग की मांग किए जाने पर विधायक आक्या ने छत निर्माण कार्य हेतु आश्वासन देते हुए यथासंभव सहयोग दिए जाने की घोषणा की। इस दौरान बालचंद गेंदर, रमेश चन्द्र खन्ना, शिवलाल अडाणिया, घनश्याम खनारिया, मदन लाल खनारिया, कालुलाल सिरोठा, डी. एल. गमेरिया, इन्द्रमल सिंगनवाल, तुलसीराम बालोदिया, हरी प्रसाद दमीवाल, देवी लाल जाजपुरा, किशन लाल धनेरिया, रतन लाल गेन्दर, रमेश चन्द्र डूंगरवार, भंवर लाल सुरलिया, गोवर्धन लाल डिडवानिया, राजमल राजोरा, सुन्दर लाल चंगेरिया, शेखर नागौरा, दिनेश लाड़ना, धीरज बालोदिया, प्रकाश धनेरिया, नारायण लाल कडवाल, रतन लाल मंडोवरा, गोपाललाल मोरवार, कैलाश चन्द्र मोरवार, सुरेन्द्र कुमार वोरा, वृद्धिचंद दमीवाल, शंकर लाल ओस्तवाल, सत्यनारायण पडियार, बालकिशन पालडिया, सचिन मोरवार, शांतिलाल डिडवानिया, ओम प्रकाश गेन्दर, प्रकाश प्रकाश गेन्दर, जगदीश गेन्दर, मनोहर लाड़ना, नानालाल खंडारिया, राधेश्याम डिडवानिया सहित संस्थान के सदस्य व समाजजन उपस्थित थे।

कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की कर रही राजनीति-जोशी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि पद भोगने के लिए नहीं सभी को साथ लेकर संभालने के लिए है। प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देने पर राष्टीय नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए जोशी ने कहा कि सभी का मार्गदर्शन लेकर पार्टी को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे, अकेला अध्यक्ष कुछ नहीं कर सकता। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जोशी मंगलवार को चित्तौड़ दुर्ग पर कालिका माता मंदिर के दर्शन करने पहुंचे, इससे पूर्व उन्होंने मंडफिया में श्री सांवरिया जी सेठ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसके बाद स्वागत की श्रृंगला के दौरान प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने पत्रकारों से चर्चा कर राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। धार्मिक आयोजनों व कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर भाजपा द्वारा 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस को भव्य रूप से बनाया जाएगा वही 11 को महात्मा ज्योतिबा फूले, 14 को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सामाजिक पखवाड़ा व 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात संस्करण के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। इन चारों ही कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रदेश स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इससे पूर्व सांसद सीपी जोशी के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार चित्तौड़ पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ और जिले वासियों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। जयपुर से कोटा होते हुए प्रदेशाध्यक्ष जोशी का सोमवार रात्रि को काफिला चित्तौड़ विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करते हुए शहर के देहली गेट पंहुचा, जहा पुष्पावर्षा के बाद सुभाष चौक पर भाजयुमो की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया, इस दौरान आतिशबाजी के साथ पुष्पवर्षा की गई। जोशी के कलेक्ट्री चौराहे पंहुचने पर विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों ने उपरना ओढ़ाकर व बुके भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री चंद कृपलानी, जिला प्रमुख डॉ सुरेश धाकड़, नगर अध्यक्ष सागर सोनी, सुशील शर्मा, डॉ आई एम सेठिया, करनल सिंह राठौड़, श्रवण सिंह राव, रघु शर्मा, शैलेंद्र झंवर, हर्षवर्धन सिंह, गौरव त्यागी, नगर महामंत्री अनिल ईनाणी, ओम प्रकाश शर्मा, विश्वनाथ टांक, प्रवीण सिंह राठौड़, सुधीर जैन, मनोज पारीक, राजन माली, रवि विरानी, नरेंद्र पोखरना, युवराज आर्य, गोवर्धन जाट, छोटुसिंह शेखावत, अनिल भटनागर, रविंद्र लड्ढा, गोपाल नीलमणि, गोपाल शर्मा, चुन्नी लाल माली, कमल अग्रवाल, मोनू सलूजा, लोकेश त्रिपाठी, चेतन गौड़, हरीश ईनानी, सतपाल दुआ, शान्ति लाल जाट, भोलाराम प्रजापत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

केवल घोषणाओं से सरकारे रिपीट नहीं होती-राठौड़

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। पांच वर्षों में गहलोत सरकार ने ताबड़तोड़ घोषणाएं तो कर दी, लेकिन धरातल पर कई योजनाएं क्रियान्वित नहीं हो पा रही है, सरकार श्वेत पत्र जारी कर बताए कि आमजन को योजनाओं का लाभ कितना मिल रहा हैं। सिर्फ घोषणा करके सरकार रिपीट नहीं होती, यह बात नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने उदयपुर से जयपुर जाते समय चित्तौड़गढ़ में एक निजी होटल में मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए कही। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के असंतुष्ट विधायकों के क्षेत्रों का परिसीमन कर नए जिले बनाए गए, जबकि राजस्व भूमि एक्ट में आपत्ति लेने का प्रावधान है, लेकिन सरकार ने बिना आपत्तियां मांगे ही अपने लाभ के लिए जिलों की घोषणा कर दी। आने वाले समय में जल्दबाजी में नए ज़िले बनाने का निर्णय सरकार के लिए जी का जंजाल बन जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन आवास योजना के तहत 2024 तक 22 लाख लोगों का चयन किया गया लेकिन सर्वे रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड नहीं होने से 7 लाख लोग इस योजना से वंचित रह गए। इससे पूर्व राठौड़ का विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, जिला प्रमुख डॉ सुरेश धाकड़, उप जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बड़ौली, प्रवीण सिंह राठौड़, सुशील शर्मा, अनिल ईनाणी, भंवर सिंह, करनल सिह राठौड़, शैलेंद्र झंवर, ओम शर्मा, रवि विराणी, सोहन आंजना, मनोज पारिक, सुधीर जैन, मोन सलूजा, गिरीश दीक्षित, जौहर स्मृति संस्थान अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, नरपत सिंह भाटी, मंगल सिंह खंगारोत, गजरात सिंह, निर्मला कंवर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उपरना ओढा कर स्वागत किया।

डेयरी व्यवसाय से युवाओं के जुड़ने पर रोजगार का मिलेगा अवसर-डेयरी अध्यक्ष

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। डूंगला क्षेत्र के भाटोली गुजरान गांव में नई एक हजार लीटर दुग्ध क्षमता वाले बीएमसी का उद्घाटन मुख्य अतिथि चित्तौड़ प्रतापगढ डेयरी अध्यक्ष बद्रीलाल जाट जगपुरा के आतिथ्य में महिला ग्राम विकास दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मुख्यालय पर आयोजित हुआ। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डेयरी चेयरमन ने पशुपालन के लिए उन्नत नस्ल के पशु पालने, डेयरी व्यवसाय में नवाचार लाने, दुग्ध व्यवसाय को वृहद स्तर पर कर नौजवान युवकों को रोजगार से जुड़ने की बात कही। उन्होंने संघ द्वारा आगामी प्रस्तावित विभिन्न योजना पशुआहार बनाना, पशुओं के क्रय पर निश्चित रुपए का अनुदान देना, महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। डेयरी की ओर से संचालित विभिन्न योजना से सरस लाडली, प्रसव उपहार, बीमा योजना, आगजनी, टीकाकरण सहित संघ की सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही अधिक से अधिक पशुपालको को सहकारी समीति से जुडने व संघ द्वारा संचालित सभी योजनाओ का लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने संघ के हित में साथ खड़े रह कर संघ को आगे बढ़ाने के लिये एक जुट होने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डूंगला ब्लॉक अध्यक्ष श्रीलाल अहीर, विशिष्ट अतिथि डेयरी संचालक मंडल सदस्य भरत कुमार आंजना, मदन जणवा, सुरजमल, प.स.स.देवीलाल, मण्डल अध्यक्ष गोवर्धन पाटीदार, नारायण अहीर, विमल जैन, रतन जाट, गोपाल जाट, भेरु लाल गुर्जर, सुरेश पाटीदार, देवकरण चौधरी, सुरेश पाटीदार, प्रभु आंजना, भेरु अहीर, डेयरी आर पी स्टॉफ एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पृथ्वी राज एवं आभार नारायण गुर्जर ने जताया।

क्रय-विक्रय सहकारी समिति के 9 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। शहर के रोडवेज बस स्टैंड के सामने संचालित क्रय-विक्रय सहकारी समिति में संचालक मंडल के चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन दाखिले की प्रक्रिया हुई। कुल 11 वर्ग में नौ वर्ग में एक-एक नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। वही सामान्य वर्ग के लिए दो नामांकन दाखिल हुए। निर्वाचन अधिकारी सौरभ शर्मा के निर्देशन में सुबह 9 से 11 बजे तक नामांकन दाखिले की प्रक्रिया के बाद दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक नामांकन पत्र जांच होगी। जिसमें जीएसएस वर्ग में कुथना जीएसएस अध्यक्ष शंकर जाट, नेतावालगढ़ से रामेश्वर धाकड़, धनेत से महिपाल सिंह भाटी, चौथपुरा से लेहरू लाल गाडरी, गिलूंड से किशन डांगी, रघुनाथपूरा से कमलसिंह व महिला वर्ग में देऊ बाई कुमावत, तुलसी बाई कुमावत तथा एसटी वर्ग में गंगा राम भील के नामांकन दाखिल हुए। अनुसूचित जाति वर्ग में कोई नामांकन नहीं आया। सामान्य वर्ग में दो नामांकन भाजपा के पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़ व कांग्रेस समर्थित मनोहर जाट के दाखिल हुए। इस दौरान घोसुंडा मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, सावा अध्यक्ष रतन डांगी ठीकरिया, बस्सी अध्यक्ष भवर सिंह खरडीबावड़ी, शोभा लाल डांगी, हरनारयण लक्षकार, जगदीश कुमार, अशोक सिंह, गोपाल जाजु, रतनभवर सिंह, मथुरालाल जाट, राजेंद्र सिंह, किशन गुजर, आशीष, हेमराज भोई, कालू जायसवाल मौजूद रहे। नाम वापसी 7 अप्रैल को होगी। जरुरत पड़ने पर 10 को सामान्य वर्ग हेतु मतदान होगा।

- Minimum Rate of Intrest
- 0% Processing Fees
- No Hiddan Charges
- Minimum Document
- Advance Payment Facility
- Car Loan Available Here Only.

Use Car Loan

Aarna Associates
Call us : 9828333666